अंक-171
वर्ष-3
मूल्य-2 रू
पृष्ठ -12
पाकुर संस्करण
शनिवार 21 जून . 2025

हिन्दी दैनिक
# झारखण्ड की हकीकत
सच्चाई का सामना

बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ

E-mail : jharkhandkihakikat@gmail.com | RNI TC : JHAHIN01049 | Website: jharkhandkihakikat.com

# गुजरात-महाराष्ट्र में भारी बारिश

**घरों-दुकानों में भरा पानी**

## एमपी के श्योपुर में उफान पर नदी,20 गांवों का संपर्क कटा





**नई दिल्ली (एजेंसी)।** मानसून ने बीते दो दिन में राजस्थान, मध्य प्रदेश, गुजरात, झारखंड, बिहार और उत्तर प्रदेश में एंट्री ले ली है। भारी बारिश के चलते गुजरात के अहमदाबाद, वापी और राजकोट में सड़क, घरों और दुकानों में पानी भर गया। सावरकुंडला, राजुला में स्थानीय नदियां उफान पर आ गई हैं। गुजरात के अमरेली में भारी बारिश से नदियों का पानी खेतों में जा घुसा। इससे फसलें पूरी तरह से बर्बाद हो गई हैं। मध्यप्रदेश में शिवपुरी के कुंअरपुर गांव के पास उफनती पुलिया पार कर रहा ट्रैक्टर बह गया। धार जिले के मांडू की खुद नदी में एक युवक की डूबने से मौत हो गई। श्योपुर में खिरखिरी नदी उफान पर आ गई, जिससे करीब 20 गांवों का संपर्क टूट गया। उत्तर प्रदेश के लखनऊ-सीतापुर में पूरी रात रुक-रुककर बारिश हुई। अमेठी में इतनी बारिश हुई कि डीएम ऑफिस और गौरीगंज कोतवाली में पानी भर गया। फायर ब्रिगेड की टीम ने डीएम ऑफिस से पानी निकाला। वहीं, बिजली गिरने से 24 घंटे में 10 लोगों की मौत हो गई। मानसून की एंट्री के बाद भी राजस्थान के कुछ इलाकों में गर्मी बनी हुई है। जैसलमेर में 44.6 डिग्री तापमान दर्ज किया गया। जयपुर, कोटा, भीलवाड़ा, दौसा, बूंदी सहित कई जिलों में शुक्रवार सुबह से रुक-रुककर बारिश हो रही है। राजधानी जयपुर में दोपहर करीब डेढ़ बजे अचानक अंधेरा छा गया और तेज बरसात शुरू हो गई। कोटा में बैराज का भी एक गेट खोला गया। बिहार के गयाजी में बारिश के बाद फल्गु नदी का जलस्तर अचानक बढ़ गया। इससे 20 लोग फंस गए। स्थानीय ग्रामीणों ने 18 लोगों का रेस्क्यू किया। 2 की मौत हो गई। छत्तीसगढ़ में भारी बारिश से सरगुजा के मैनी नदी में अचानक आई बाढ़ में मां-बेटे समेत चार लोग बह गए। एसडीआरएफ और पुलिस की टीम चारों की तलाश में जुटी है।

# एससीओ की मीटिंग में हिस्सा लेने चीन जाएंगे राजनाथ सिंह

- 7 साल बाद किसी भारतीय मंत्री का दौरा, पाकिस्तानी रक्षा मंत्री भी पहुंचेंगे

**नई दिल्ली/बीजिंग (एजेंसी)।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह 25 से 27 जून तक चीन के किंगदाओ शहर में होने वाली शंघाई सहयोग संगठन की रक्षा मंत्रियों की बैठक में हिस्सा लेंगे। इस बैठक में पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ भी शामिल होंगे। यह किसी भी भारतीय मंत्री का 7 साल बाद चीन का दौरा होगा। इससे पहले अप्रैल 2018 में उस समय की विदेश मंत्री सुषमा स्वराज गई थीं। यह दौरा ऐसे वक्त में हो रहा है जब भारत और चीन के बीच रिश्ते सामान्य करने की कोशिशें चल रही हैं। व्यापार, यात्रा और संवाद फिर से शुरू हो चुके हैं। कैलाश मानसरोवर यात्रा चालू है और डेपसांग और डेमचोक में गश्त की जानकारी भी सामने आई है। राजनाथ सिंह की मुलाकात चीन के रक्षा मंत्री एडमिरल डोंग जून से द्विपक्षीय वार्ता के तौर पर भी होगी। इस दौरान दोनों देशों के बीच वीजा नीति, कैलाश यात्रा, जल आंकड़ों का साझा करना और हवाई संपर्क बहाल करने जैसे मुद्दों पर भी चर्चा हो सकती है। दोनों नेताओं की पिछली मुलाकात लाओस में शिखर सम्मेलन में हुई थी, जो सीमा विवाद के बाद पहली सीधी बातचीत थी।



# ब्लैक बॉक्स विदेश भेजे जाने पर सरकार का यू टर्न

- कहा-अभी कोई फैसला नहीं, जांच जारी है, अमेरिका भेजे जाने की खबरें चली थीं

अहमदाबाद (एजेंसी)। अहमदाबाद में 12 जून को क्रैश हुए एअर इंडिया विमान का ब्लैक बॉक्स जांच के लिए अभी विदेश नहीं भेजा गया है। केंद्र सरकार ने इसको लेकर बयान जारी किया है। केंद्र ने गुरुवार को कहा कि प्लेन के ब्लैक बॉक्स को कहां भेजा जाएगा, इसका फैसला एयरक्राफ्ट एक्सीडेंट इन्वेस्टीगेशन ब्यूरो (एएआईबी) करेगा। यह फैसला सभी तकनीकी, सुरक्षा और गोपनीय पहलुओं को



ध्यान में रखकर लिया जाएगा। फिलहाल एएआईबी की जांच जारी है। इसके अलावा गृह सचिव के नेतृत्व में हाई लेवल कमेटी भी हादसे की जांच कर रही है, जो तीन महीने में रिपोर्ट देगी। केंद्र ने बताया कि प्लेन से दो ब्लैक बॉक्स सेट मिले हैं। पहला सेट 13 जून को और दूसरा 16 जून को बरामद किया गया। यह मॉडल दो ब्लैक बॉक्स सेट के साथ आता है। दरअसल, अहमदाबाद में 12 जून को लंदन जाने वाली एअर इंडिया की फ्लाइट एआई-171 उड़ान भरने के तुरंत बाद क्रैश हो गई थी। इसमें सवार 241 लोगों की मौत हो गई थी, जबकि एक यात्री की जान बच गई थी।

# भारत के पास जल्द होगी हाइपरसोनिक ग्लाइड मिसाइल

- डीआरडीओ प्रमुख का दावा, बोले-अभी चल रहा परीक्षण

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** इन दिनों ईरान और इजरायल के बीच युद्ध जारी है जिसमें खास तौर पर हाइपरसोनिक मिसाइलों का उपयोग हो रहा है। वहीं, ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भारतीय हथियार प्रणाली सफल रही, अब भारत भी चाहता है कि उसके पास हाइपरसोनिक मिसाइलों का जखीरा हो ताकि दुश्मन भारत की ओर देखने से पहले सौ बार सोचे। ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भारत ने पाकिस्तान को धूल चटाई और दुश्मन के हवाई क्षेत्र, ड्रोन और वायु रक्षा प्रणाली को नुकसान पहुंचाया। डीआरडीओ के प्रमुख ने बताया कि भारत के पास भी जल्द हाइपरसोनिक ग्लाइड मिसाइल होंगी। अभी काम परीक्षण चरण में है।



- लालटेन-पंजे वाले कहते हैं परिवार का साथ,परिवार का विकास

# सीवान में पीएम बोले–आरजेडी बाबा साहेब को अपने पैरों में रखती है, मैं दिल में रखता हूं

**सीवान (एजेंसी)।** पीएम नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को सीवान के जसौली में सभा को संबोधित किया। 35 मिनट के भाषण में पीएम ने आरजेडी और कांग्रेस को निशाने पर लिया। उन्होंने कहा कि पंजे और लालटेन के शिकंजे ने बिहार को पलायन का प्रतीक बना दिया था। आपने मिलकर बिहार में जंगलराज का सफाया किया है। नौजवानों ने बिहार की बदहाली के सिर्फ किस्से और कहानी सुनी हैं। उन्हें अंदाजा नहीं है जंगलराज वालों ने बिहार की क्या हालत बना दी थी। पीएम ने कहा कि आरजेडी बाबा साहेब को अपने पैरों में रखती है। मोदी उन्हें अपने दिल में रखता है।



**गरीब हटाओ के नारे देकर चले गए, हमने हटाई**

पंजे और लालटेन ने मिलकर बिहार के स्वाभिमान को बहुत ठेस पहुंचाई है। इन लोगों ने ऐसी लूट मचाई कि गरीबी बिहार का दुर्भाग्य बन गई। इन लोगों ने सिर्फ नारा दिया गरीबी हटाओ, हमने गरीबी हटाकर दिखाई। अनेक चुनौतियों को पार करते हुए नीतिश जी के नेतृत्व में एनडीए सरकार बिहार को विकास की पटरी पर वापस लाई है। पीएम बोले–मैं जब आप लोगों के बीच से आ रहा था, बारिश हुई, सुबह भी थोड़ी बारिश हुई, इसके बावजूद भी इतनी बड़ी मात्रा में आपका आना हमें आशीर्वाद देना,मैं आपका हृदय से आभारी हूं।

## सीवान को पिछड़ा कहा, अब अफ्रीका जा रहा इंजन

आज पहला इंजन अफ्रीका को एक्सपोर्ट किया जा रहा है। अफ्रीका में भी बिहार की जय-जयकार होने वाली है। मढ़ौरा में इसकी फैक्ट्री है। ये फैक्ट्री उसी जिले में बनी है जिसे आरजेडी और कांग्रेस वालों ने पिछड़ा कहकर अपने हाल पर छोड़ दिया था। जंगलराज वालों ने बिहार का विकास इंजन ठप कर दिया। अब बिहार में बना इंजन अफ्रीका की रेल चलाएगा। आरजेडी-कांग्रेस के कारनामे बिहार विरोधी हैं। निवेश विरोधी हैं। अपने मुंह से ये लोग विकास की बात करते हैं तो लोगों को दुकान, मकान सब जगह ताले लटकते दिखाई देते हैं। ये लोग बिहार में माफिया राज, गुंडा, राज और भ्रष्टाचार के पोषक रहे हैं।

# शुभांशु को अंतरिक्ष ले जाने वाला मिशन पांचवीं बार टला

- आईएसएस पर सुरक्षा जांच के चलते पोस्टपोन हुआ,नई तारीख का ऐलान नहीं

नई दिल्ली (एजेंसी)। भारतीय एस्ट्रोनॉट शुभांशु शुक्ला को इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन यानी आईएसएस ले जाने वाला एक्सियम-4 मिशन पांचवी बार टाल दिया गया है। इसे 22 जून को लॉन्च किया जाना था, लेकिन आईएसएस की सुरक्षा जांच के चलते इसे स्थगित कर दिया गया। इससे पहले इस मिशन को 11 जून को भारतीय




समय अनुसार शाम 5.30 बजे लॉन्च किया जाना था। हालांकि, प्रोपल्शन बे में ऑक्सीजन लीक के कारण इसे टाल दिया गया था। एक्सियम मिशन 4 (एएक्स×-4) में चार देशों के चार एस्ट्रोनॉट 14 दिन के लिए स्पेस स्टेशन जाने वाले हैं। शुभांशु आईएसएस पर जाने वाले पहले और स्पेस में जाने वाले दूसरे भारतीय होंगे। इससे पहले राकेश शर्मा ने 1984 में सोवियत यूनियन के स्पेसक्राफ्ट से अंतरिक्ष यात्रा की थी। नासा ने बताया कि सर्विस मॉड्यूल के पिछले हिस्से में हाल ही में हुए मरम्मत कार्य की समीक्षा और सुरक्षा जांच के लिए और समय चाहिए। स्पेस स्टेशन की कई प्रणालियां आपस में जुड़ी हुई हैं।

# छत से टपक रहा पानी, क्लास रूम में छाता लेकर पढ़ रहे बच्चे

## बंगाल का स्कूल बयां कर रहा टीएमसी सरकार की हकीकत

**कोलकाता (एजेंसी)।** पश्चिम बंगाल के हुगली जिले के एक प्राइमरी स्कूल के एक वीडियो से टीएमसी सरकार विपक्ष के निशाने पर आ गई है। वीडियो में 68 बच्चे छाता से नीचे छिपकर पढ़ाई कर रहे हैं, क्योंकि क्लासरूम की छत से पानी टपक रहा है। स्कूल के हेड मास्टर जयंत गुप्ता ने बताया कि स्कूल की इमारत जर्जर हालत में है, जिससे छात्रों की जान को खतरा है। अधिकारियों से शिकायत के बावजूद कोई कार्रवाई नहीं हुई है। स्कूल की हालत देखकर बीजेपी आईटी सेल के प्रमुख अमित मालवीय ने ममता बनर्जी सरकार पर आपराधिक लापरवाही का आरोप लगाया है। हुगली जिले में पंडुआ ब्लॉक के प्राइमरी स्कूल में बच्चे छाता लेकर पढ़ने को मजबूर हैं। स्कूल की छत टपक रही है और बच्चों को बारिश में भीगने से बचने के लिए छाता लेकर क्लास में बैठना पड़ रहा है। इस स्कूल में लगभग 68 बच्चे पढ़ते हैं, जिनकी उम्र 5 से 10 साल के बीच है। यह स्कूल 1972 में बना था।



# राजा-सोनम केस में अब मिस्ट्री गर्ल अलका की एंट्री

- हत्याकांड में आया नया मोड़, 'बेस्ट फ्रेंड' का होगा पर्दाफाश

**इंदौर (एजेंसी)।** मेघालय में हुई राजा रघुवंशी की हत्या के मामले में एक नया मोड़ आया है। इस सनसनीखेज मामले में एक मिस्ट्री गर्ल की एंट्री हुई है, जिसका नाम 'अलका' बताया जा रहा है। अलका को मुख्य आरोपी सोनम की करीबी दोस्त बताया जा रहा है। राजा रघुवंशी के परिवार वालों ने भी अलका की भूमिका पर सवाल उठाए हैं और आशंका जताई है कि यह लड़की भी हत्याकांड की साजिश में शामिल हो सकती है। राजा के बड़े भाई विपिन रघुवंशी ने अलका को सोनम की सच्ची सहेली बताया है। राजा के भाई ने मांग की है कि पुलिस को उसकी अच्छे से जांच करनी चाहिए और सोनम का नार्को टेस्ट कराने की भी मांग की है, जिससे हत्या से जुड़ी सारी जानकारी सामने आ सके। विपिन ने कहा,सोनम के साथ अलका का भी व्यवहार संदिग्ध है।



# मणिपुर में फिर से भड़की हिंसा, एक किसान घायल

- चुराचांदपुर में गोलीबारी के बीच कुकी महिला की मौत, इलाके में तनाव जारी

**इंफाल (एजेंसी)।** मणिपुर के चुराचांदपुर जिले में गुरुवार को सुरक्षा बलों और अज्ञात हमलावरों के बीच हुए एनकाउंटर में एक बुजुर्ग कुकी महिला की मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि महिला क्रॉस फायर की चपेट में आ गई। घटना उस समय हुई जब सुरक्षा बलों ने एक सर्च ऑपरेशन शुरू किया था। यह ऑपरेशन उस वक्त शुरू किया गया, जब बिष्णुपुर जिले में खेतों में काम कर रहे एक मैतई किसान को गोली लगी। बताया गया कि गोली आसपास की पहाड़ियों से चलाई गई थीं। दरअसल, मैतेई नेता अशेम कनन सिंह की 7 जून को को गिरफ्तारी के बाद राज्य में हिंसा भड़क गई थी। इंफाल के कई इलाकों में गाड़ियां जला दी गईं, सड़कों पर टायर और पुराने फर्नीचर भी जलाए थे।



# ईरान परमाणु बम बनाने के करीब,सिर्फ खामेनेई के आदेश का इंतजार

- अमेरिका का बड़ा दावा,बोला-परमाणु हथियार बनाने की हर चीज है मौजूद
- इजराइल में माइक्रोसॉफ्ट ऑफिस के पास गिरी ईरान की मिसाइल, 6 घायल

**तेहरान/तेल अवीव (एजेंसी)।** ईरान ने इजराइल के बीर्शेबा शहर पर शुक्रवार सुबह बैलिस्टिक मिसाइल से हमला किया। टाइम्स ऑफ इजराइल की रिपोर्ट के मुताबिक मिसाइल माइक्रोसॉफ्ट ऑफिस के नजदीक गिरी। इससे कई कारों में आग लग गई। आस-पास के घरों को भी नुकसान पहुंचा। इसमें 6 लोग घायल हो गए हैं। यह लगातार दूसरा दिन है, जब बीर्शेबा शहर पर मिसाइल हमला हुआ है। इससे पहले गुरुवार को भी ईरान ने बीर्शेबा के एक अस्पताल पर मिसाइल दागी थी, जिसमें 50 से ज्यादा लोग घायल हो गए थे। न्यूयॉर्क टाइम्स की एक रिपोर्ट के मुताबिक





अमेरिका का मानना है कि ईरान अब परमाणु हथियार बनाने की पूरी क्षमता रखता है। व्हाइट हाउस की प्रेस सचिव कैरोलिन लेविट ने गुरुवार को कहा कि अगर ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई आदेश दे दें, तो ईरान कुछ ही हफ्तों में परमाणु बम बना सकता है। लेविट ने कहा कि ईरान के पास परमाणु हथियार बनाने के लिए जरूरी हर चीज मौजूद है। अब बस उन्हें अपने नेता के हां कहने भर की देर है। उन्होंने यह भी कहा कि अगर ईरान ऐसा करता है, तो इससे सिर्फ इजराइल नहीं, बल्कि अमेरिका और पूरी दुनिया की सुरक्षा को खतरा होगा।

## ईरान परमाणु हथियार की जिद छोड़े, तभी बातचीत करेंगे

जर्मनी के विदेश मंत्री जोहान वेडफुल ने कहा कि अगर ईरान अपने परमाणु और मिसाइल प्रोग्राम पर आश्वासन देने के लिए तैयार है, तो यूरोपीय देश ईरान के साथ आगे की चर्चा के लिए तैयार है। जेनेवा में ईरानी विदेश मंत्री के साथ परमाणु मुद्दे पर बैठक से पहले वेडफुल ने कहा, यूनाइटेड किंगडम, फ्रांस और यूरोपीय संघ ने हमेशा कहा है कि हम बातचीत के लिए तैयार हैं। लेकिन इसके लिए ईरान को परमाणु हथियार से समृद्ध देश होने की अपनी इच्छा त्यागनी होगी। वहीं, जेनेवा में बातचीत की तैयारियों के बावजूद, ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराकची ने कहा कि ईरान किसी भी पक्ष के साथ बातचीत तभी करेगा, जब तक कि इजराइल अपना हमला बंद नहीं कर देता।

# अपने ही हार्डवेयर दुकान में फांसी लगाकर युवक ने की आत्महत्या

झारखण्ड की हकीकत
**सद्दाम हुसैन**
**संवाददाता/जामताड़ा**

मिहिजाम थाना क्षेत्र के 28 वर्षीय एक युवक ने शुक्रवार को अपने ही हार्डवेयर की दुकान में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतक की पहचान सरफराज अंसारी के रूप में हुई है जो की ढेंकीपाड़ा मोड पर झारखंड इलेक्ट्रिकल्स नाम से हार्डवेयर की दुकान चलाता था। घटना की सूचना मिलने पर मिहिजाम की पुलिस घटनास्थल पर पहुंची। तत्पश्चात शव को अपने कब्जे में लेकर पंचनामा तैयार कर पोस्टमार्टम के लिए जामताड़ा भेजा है। इस संबंध में मृतक के भाई का कहना है कि सरफराज पिछले कुछ महीनो से मानसिक तनाव में था जिसका की इलाज रांची में कराया जा रहा था।उन्होंने बताया कि घटना को लेकर आज उस वक्त हम लोगों खबर मिला जब एक ग्राहक इंडक्शन चूल्हा को लेकर दुकान आया था।

ग्राहक ने बताया कि दुकान बंद है। फोन करने पर जब फोन नहीं उठाया तो हम हार्डवेयर की दुकान में पहुंचे। उन्होंने बताया कि जब दूकान खोले तो देखे कि अन्दर के रूम में सरफराज पंखे में गमछा एवं रस्सी के सहारे फांसी लगा लिया है। इसकी सूचना मिहिजाम पुलिस को दिया गया जहां पुलिस घटनास्थल पर पहुंचकर शव को अपने में कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जामताड़ा भेज दिया है। वहीं घटना के बाद से मृतक के परिजन का रो रो कर बुरा हाल है।

# लोकाई पंचायत में सोलर जलमीनार योजना बना हाथी दांत, निर्माण के बाद भी नहीं मिल रहा लोगों को पानी

झारखण्ड की हकीकत
**पिंटू कुमार**
**तिसरी/गिरिडीह**

एक और जहां सरकार द्वारा लोगों को स्वच्छ पेयजल मुहैया कराने के लिए लाखों की लागत से सोलर जलमीनार का निर्माण कराया गया था, तो वहीं दूसरी ओर इन योजनाओं में अधिकारियों और संवेदक द्वारा बंदरबांट किए जाने से योजनाओं का लाभ ग्रामीणों को नहीं मिल पा रहा है। इससे स्थिति यह है जलमीनार निर्माण के बाद भी लोग एक एक बूंद पानी के लिए तरस रहे है और जलमीनार सिर्फ शोभा का वस्तु बन कर रह गया है। हम बात कर रहे हैं गिरिडीह जिले के तिसरी प्रखंड आने वाले लोकाई पंचायत की, जहां सोलर ऊर्जा से संचालित कई जलमीनार का निर्माण कराया गया था। इस योजना का उद्देश्य हर घर तक पेयजल की आपूर्ति सुनिश्चित करना था। लेकिन ग्रामीणों के अनुसार कई सोलर जलमिनार









निर्माण के बाद से ही बंद पड़ा है, जिससे यहां के ग्रामीणों को इसका लाभ नहीं मिल रहा है तो कहीं कहीं जल मीनार से सोलर और मोटर हो गायब है जिस कारण जलमीनार बंद है। आपको बता दें सोलरयुक्त जलमीनार से यहां के लोगों को बड़ी उम्मीदें थीं। ग्रामीणों का मानना था कि अब उन्हें पीने के पानी और घरेलू कार्यों के लिए पानी के लिए परेशान नहीं होना पड़ेगा। कई परिवारों के घरों में नल कनेक्शन भी किया गया, लेकिन कुछ ही समय बाद यह सुविधा बाधित हो गयी। ग्रामीणों का कहना है कि कुछ जलमीनार बनने के बाद कुछ समय तक तो यह ठीक चला, लेकिन अब यह भी पूरी तरह बंद पड़ा है। लोग पीने के पानी के साथ-साथ घरेलू उपयोग के लिए भी इस पानी पर निर्भर थे, लेकिन अब उन्हें वैकल्पिक स्रोतों से पानी की व्यवस्था करनी पड़ रही है। उन्होंने मांग किया है कि जो भी सोलर जलमीनार चालू नहीं किए गए हैं, उन्हें अविलंब चालू कराया जाए एवं जो सोलर जलमीनार खराब पड़े है उन्हें अविलंब विभाग दुरुस्त करवाए।

# जामताड़ा एसपी ने निभाया सामाजिक दायित्व अनाथ आदिवासी बेटी की करवाई शादी, बने कन्यादाता

झारखण्ड की हकीकत
**सद्दाम हुसैन**
**संवाददाता/जामताड़ा**

जामताड़ा में एक बार फिर पुलिस का मानवीय चेहरा देखने को मिला है, जो किसी फरिश्ते से कम नहीं है। जहां आमतौर पर पुलिस से कानून व्यवस्था और अपराध नियंत्रण की जिम्मेदारी निभाने की अपेक्षा की जाती है, वहीं जामताड़ा एसपी राजकुमार मेहता ने सामाजिक दायित्व निभाकर पूरे जिले में मिसाल कायम की है। कहानी है एक अनाथ आदिवासी युवती, बासुमति किस्कू की, जो जामखेड़ मेंझिया गांव में अकेली रह रही थी। पहले मां-बाप बिछड़ गए, फिर दोनों भाई भी दुनिया छोड़ चले गए। इस नन्ही सी जान के सिर पर दुखों का पहाड़ था।



गांव-समाज चिंतित था कि इस बच्ची के भविष्य का क्या होगा, उसकी शादी कैसे होगी? जब इस मार्मिक स्थिति की जानकारी एसपी राजकुमार मेहता को हुई, तो उन्होंने एक क्षण भी देर नहीं की। एक सच्चे अभिभावक की तरह उन्होंने इस अनाथ बेटी की शादी कराने का बीड़ा उठाया। पूरे रीति-रिवाज के साथ गांव के बुजुर्गों के सान्निध्य में उन्होंने न केवल शादी करवाई बल्कि कन्यादान भी किया एक पिता की भूमिका निभाते हुए। एसपी ने अपनी ओर से दहेज में कपड़े, गहने और अन्य जरूरी सामान दिया ताकि बासुमति नए जीवन की शुरूआत खुशियों से कर सके। इस भावुक क्षण में एसपी के बेटे-बेटियां भी शामिल रहे, जिससे पूरा माहौल एक परिवार जैसा लग रहा था। इस अवसर पर एसपी राजकुमार मेहता ने कहा, एक सामाजिक दायित्व निभाकर सुकून मिल रहा है। हमें ऐसे कार्य करने में हमेशा आगे आना चाहिए ताकि किसी बेटी को कभी अकेलापन महसूस न हो। गांव की मुखिया इस दृश्य को देखकर अपने आँसू नहीं रोक पाईं। फफक-फफक कर रोते हुए उन्होंने कहा, हम सभी बासुमति की शादी को लेकर बेहद परेशान थे। ऐसे में एसपी साहब ने देवदूत बनकर इस बेटी के सिर पर हाथ रखा है। पूरा गांव उनका एहसानमंद है। एक अनाथ बेटी की मुस्कान लौटाकर एसपी राजकुमार मेहता ने न केवल अपनी जिम्मेदारी निभाई बल्कि दिलों में एक गहरी छाप छोड़ दी एक ऐसा उदाहरण, जिसे हमेशा याद किया जाएगा।

# जंगल में छिपे साइबर अपराधियों पर पुलिस की बड़ी कार्रवाई

## तीन गिरफ्तार, भारी मात्रा में फर्जी दस्तावेज व सामान बरामद

झारखण्ड की हकीकत
**सद्दाम हुसैन**
**संवाददाता/जामताड़ा**

साइबर अपराध के गढ़ के रूप में कुख्यात जामताड़ा जिले से एक बार फिर पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस अधीक्षक के गुप्त निर्देश पर नारायणपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम बगरूबीह स्थित केशर पश्चिम जंगल-झाड़ में साइबर अपराधियों के ठिकाने पर विशेष छापेमारी की गई, जिसमें तीन साइबर अपराधियों को रंगे हाथ गिरफ्तार किया गया। इस ऑपरेशन का नेतृत्व नारायणपुर थाना प्रभारी मनोज कुमार महतो ने किया, जबकि पुलिसकर्मी पुष्पेश्वर दास सहित अन्य जवानों ने सक्रिय भूमिका निभाई। पुलिस टीम ने जंगल में छिपे इन अपराधियों के कब्जे से भारी मात्रा



में फर्जी दस्तावेज व अन्य सामग्री बरामद की। इनमें 7 मोबाइल फोन, 13 सिम कार्ड, 13 एटीएम कार्ड, 1 पासबुक, 1 पैन कार्ड तथा 1 वोटर कार्ड शामिल हैं। गिरफ्तार साइबर अपराधी बैंक खाताधारकों को फोन करके उनके क्रेडिट/डेबिट कार्ड में ङउ अपडेट करने के बहाने झांसे में लेते थे। इसके बाद एक एपीके (APK) फाइल भेजकर उसे डाउनलोड करने को कहते थे, जिससे वे लोगों के बैंकिंग संबंधित गोपनीय जानकारी चुरा लेते थे और उनके खाते से रुपये उड़ा लेते थे। पुलिस जांच में पता चला कि इनका नेटवर्क झारखंड के अलावा पश्चिम बंगाल, बिहार, उत्तर प्रदेश और ओडिशा तक फैला हुआ था। इस संबंध में जामताड़ा साइबर थाना में कांड संख्या 45/25 दर्ज कर विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है।

जामताड़ा पुलिस की इस सख्त कार्रवाई से साइबर अपराधियों में हड़कंप मच गया है। पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में चल रही लगातार छापेमारी से साइबर अपराध के मामलों में गिरावट दर्ज की जा रही है, जिससे जिले में सुरक्षा व्यवस्था मजबूत हो रही है और जामताड़ा की छवि में सुधार देखने को मिल रहा है।

# मनरेगा योजना में जेसीबी से किया जा रहा है कार्य

झारखण्ड की हकीकत
**पिंटू कुमार**
**तिसरी/गिरीडीह**

महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम यानी मनरेगा योजना की शुरूआत ग्रामीण क्षेत्रों में 100 दिनों की गारंटीकृत मजदूरी सुनिश्चित करने के उद्देश्य से हुई थी। लेकिन आज मजदूरों की हित की यह योजना केवल बिचौलियो और सरकारी बाबुओं की कमाई का विशेष जरिया बनकर रह गया है। बात करें गिरिडीह जिले के तिसरी प्रखंड की तो यहां मनरेगा योजनाओं में भारी गड़बड़ी व अनियमितता बरती जा रही है। केवल तिसरी पंचायत में ही कई योजनाओं का निर्माण वन भूखंड पर किया गया है। तो वहीं कई



योजनाओं में धड़ल्ले से जेसीबी मशीन का प्रयोग किया गया है। जाहिर सी बात है कि जब योजनाओं में जेसीबी मशीन का प्रयोग किया जाएगा तो मजदूरों को इसका लाभ भला कैसे मिलेगा। बताते चलें कि बीते दिनों ही तिसरी प्रखंड के गढ़कुरा और बेलवाना पंचायत में जेसीबी मशीन से मनरेगा योजना का कार्य करवाने का मामला प्रकाश में आया था। जिसके बाद संबंधित पदाधिकारियों ने मामले में एफआईआर भी दर्ज करवाया था। हालांकि विभाग के इस कार्यवाही का मनरेगा मेटों पर तनिक भी असर नहीं पड़ा है। इसके बाद भी योजनाओं बदस्तूर जेसीबी मशीने चलाई जा रही है। मनरेगा के तहत बागवानी, डोभा, तालाब जैसी कई योजनाएँ वनभूखंड पर निर्मित किए गए हैं। यदि वन विभाग इसकी जांच करे तो संबंधित लाभुक, मेट व कई विभागीय कर्मियों पर गाज गिर सकती है। वहीं इसको लेकर तिसरी के वनपाल अभिमत राज ने बताया कि वन भूखंड पर मनरेगा योजना संचालित करने के मामले में पूर्व में भी केस किया जा चुका है। उन्होंने कहा कि यदि वन भूखंड पर मनरेगा योजनाएं संचालित होती है तो निश्चित रूप से वन अधिनियम के सुसंगत धाराओं के तहत एफआईआर दर्ज की जाएगी।

# कोलकोले से बनवार मार्ग पर पुल नहीं, बारिश में स्कूली बच्चे और ग्रामीण हो रहे परेशान

झारखण्ड की हकीकत
**बिनोद कुमार चतरा जिला ब्यूरो**

लावालौंग प्रखंड अंतर्गत कोलकोले पंचायत से बनवार जाने वाला मुख्य मार्ग पर स्थित संभे गांव के पास आज भी पुल की व्यवस्था नहीं हो सकी है। जिसके कारण हर साल बारिश के मौसम में यह रास्ता ग्रामीणों के लिए मुसीबत बन जाता है। स्थानीय लोगों का कहना है कि वर्षा के दौरान जब नदी में पानी भर जाता है, तो उन्हें कई घंटे नदी के किनारे इंतजार करना पड़ता है। बच्चों को स्कूल जाने में काफी कठिनाई होती है, वहीं बीमार व्यक्ति को अस्पताल तक पहुंचाना




भी मुश्किल हो जाता है। ताजा मामला शुक्रवार का है, जब क्षेत्र में लगातार हो रही बारिश के कारण नदी में जलस्तर काफी बढ़ गया। इस कारण स्कूल जाने वाले कई बच्चे और शिक्षक रास्ते में ही फंसे रह गए। इससे स्थानीय लोगों में रोष व्याप्त है। ग्रामीणों ने बताया कि वे कई वर्षों से इस स्थान पर पुल निर्माण की मांग कर रहे हैं, लेकिन अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है। प्रशासन और जनप्रतिनिधियों से बार-बार आग्रह करने के बावजूद समस्या जस की तस बनी हुई है।

वही मड़वा स्कूल के प्रधानाध्यापक मनोज प्रजापति ने बताया कि प्रत्येक वर्ष बरसात के समय में हम लोगों ने जान जोखिम में डालकर विद्यालय तक जाते हैं।इस बार बहुत अधिक बरसात होने के कारण हम लोग की स्कूल जाने में काफी समस्या उत्पन्न हो रही है। ग्रामीणों की मांग है कि इस रास्ते पर शीघ्र पुल निर्माण कराया जाए, ताकि वर्षा के दौरान उनकी परेशानी कम हो सके और स्कूली बच्चों की पढ़ाई भी बाधित न हो।

# शुभम इवेंट्स को इस भारी बारिश ने दिया लाखों का झटका

झारखण्ड की हकीकत
**युवा पत्रकार आलोक राज दिखाएगा झारखण्ड की हकीकत**

**दारू।-** इस भारी बारिश के कारण प्रखंड अंतर्गत झुमरा तिलैया स्थित शुभम इवेंट्स का लाखों रुपए का सामान खराब हो गया है। मुख्य रूप से लाइट, झालर, साउंड बॉक्स, गेट लाइट, फूल ये सारे सामान पानी के कारण खराब हो गए। तीन-चार दिनों से लगातार हो रही बारिश के कारण शुभम इवेंट्स का घर पूरी तरह पानी से भर गया और एक छोटे तालाब का रूप ले लिया और सारे सामान को नुकसान पहुंचा दिया। शुभम इवेंट्स के मालिक शुभम कुमार और करण कुमार ने बताया कि इस भारी बारिश के कारण हमारा सारा नया खरीदा हुआ सामान खराब हो गया है, जिसमें करीब 60,000 का गेट लाइट है और



ऐसे कई गेट लाइट खराब हो गए हैं और इसके साथ ही 20,000 के कई झालर लाइट भी खराब हो गए हैं साथ ही कई तरह के लाइट, कॉपर वायर, फूल, पत्ते आदि सारे सामान खराब हो गए हैं और यह दोबारा काम में नहीं आएंगे।

# डाड़ी प्रखंड सभागार में उत्सव सह बागवानी मेला का आयोजन

## रोजगार सृजन से जुडेगा आम बागवानी लाभुकः बीडीओ

झारखण्ड की हकीकत

**गिद्दी।** रोजगार सृजन के लिए आम बागवानी के माध्यम से क्षेत्र के लाभुको को स्वावलंबी बनाने पर जोर दिया जा रहा है। क्षेत्र मे ग्रामीण को आम बागवानी के माध्यम से लोगो को रोजगार सृजन उपलब्ध कराई जा रही है ताकि लोगो रोजगार के क्षेत्र मे आत्मनिर्भर बन सके। उक्त बाते डाडी बीडीओ अनुप्रिया ने आयोजित प्रखंड मुख्यालय सभागार में आम उत्सव सह बागवानी मेला को संबोधित करते हुए कही। उन्होने कहा कि आत्मनिर्भरता से ही लाभुक आम बागवानी का बढावा दे सकती है इसके लिए देख रेख समय पर करने की जरूरत है। डाडी प्रखंड सभागार मे बीडीओ अनुप्रिया, डाड़ी प्रमुख दीपा देवी, सीओ कमलकांत वर्मा व सांसद प्रतिनिधि गुंजन साव, बीपीओ उज्जवल किशोर आदि ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्जवलित कर किया। उत्सव में प्रखंड के किसानों द्वारा मनरेगा योजना से लगायी गयी आम बागबानी में तैयार विभिन्न किस्म के आम्रपाली, मल्लिका, दशहरी, चौसा ,मालदा व लंगड़ा आमों की प्रदर्शनी लगायी गयी। आम बागवानी से लाभ एवं कार्य अनुभव को उपस्थित लाभुको ने सभी लोगो के बीच अपना



विचार व्यक्त किए। इस दौरान बीडीओ व सीओ ने आम बागवानी में बेहतर प्रदर्शन करने वाले लाभुक टोगी से हीरालाल बेदिया, होनहेमोढा चैनपुर से देवकी महतो, लालदेव महतो मसोमात केसिया देवी, तुलेश्वर महतो मिश्राइनमोरा रिकवा से बिरसा बेदिया, गुलाबी कुमारी , डाड़ी से अंजुला सोरेन रबोध से शिवकुमार बेसरा कनकी से ललिता देवी, टिकेश्वर महतो एवं रनिया देवी आदि को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। मौके पर देवेंद्र कुमार, पर्यवेक्षक अजीत तिवारी, जेएसएलपीएस बीपीएम सुधीर कुमार गुप्ता, हीरालाल बेदिया सहित कई लोग मौजूद थे

## संत जोसेफ विद्यालय में नए प्राचार्य फादर का भव्य स्वागत, शिक्षा में गुणवत्ता को लेकर दिए संदेश







झारखण्ड की हकीकत

संत जोसेफ विद्यालय में बुधवार को एक गरिमामय समारोह में नवनियुक्त प्रधानाचार्य फादर सिरिल सोरेन का गर्मजोशी से स्वागत किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व प्रधानाचार्य फादर कोरनेलियुस हेम्ब्रम ने की। विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाओं ने पुष्पगुच्छ भेंट कर फादर सिरिल का अभिनंदन किया। कार्यक्रम के दौरान फादर सिरिल ने विद्यालय परिवार से परिचय प्राप्त करने के पश्चात शिक्षा की गुणवत्ता को लेकर स्पष्ट संदेश दिया। उन्होंने कहा कि बच्चों के भविष्य के साथ कोई समझौता नहीं किया जाएगा। शिक्षकों और छात्रों को समय का विशेष ध्यान रखना होगा तथा अनुशासन और जिम्मेदारी को सर्वोपरि मानना होगा। फादर ने सभी शिक्षकों, शिक्षकेत्तर कर्मियों और छात्रों को उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं। साथ ही विद्यालय को उत्कृष्टता की राह पर आगे बढ़ाने के लिए सभी से समर्पण भाव से कार्य करने का आह्वान किया। विद्यालय प्रांगण में आयोजित यह समारोह सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ, जिसमें शिक्षा के प्रति नई ऊर्जा और प्रतिबद्धता की झलक देखने को मिली।

## बच्चों संग भोजन, मुस्कानों संग जश्न, उपायुक्त ने मनाया स्कूल में तिथि भोज व जन्मोत्सव

### 'धरती आबा अभियान' के तहत शहरकोल विद्यालय में खास तिथि भोज

### उपायुक्त ने बच्चों संग केक काटा, खास मेनू में पुरी-बुंदिया से मिठाई तक सब कुछ शामिल




झारखण्ड की हकीकत

सरकारी स्कूल में शुक्रवार का दिन बच्चों के लिए बेहद खास रहा – किताबों की जगह थालियां सजीं, और कक्षा की जगह हंसी-खुशी से भरा आँगन गूंज उठा। प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण योजना के अंतर्गत आयोजित तिथि भोज सह जन्मोत्सव कार्यक्रम में पाकुड़ के उपायुक्त मनीष कुमार ने स्वयं बच्चों के साथ भोजन कर इस दिन को यादगार बना दिया।

**केक कटा, बच्चों के साथ बैठकर किया भोजन**

कार्यक्रम के दौरान उपायुक्त ने न केवल बच्चों के साथ केक काटा, बल्कि भोजन की थाली में बच्चों के साथ पुरी, बुंदिया, मिक्स सब्जी, मिठाई, अंडा, दाल, केला और सलाद का स्वाद भी साझा किया। इस दौरान विशेष कार्य पदाधिकारी त्रिभुवन कुमार सिंह भी उपस्थित थे, जिन्होंने बच्चों संग समय बिताया।

**विद्यालय बना उत्सव का केंद्र**

प्राथमिक विद्यालय शहरकोल में आयोजित यह आयोजन धरती आबा अभियान का हिस्सा था, जिसमें जेएसएलपीएस की ओर से विशेष तिथि भोज की व्यवस्था की गई। बच्चों में इस विशेष अवसर को लेकर गजब का उत्साह देखा गया – मानो प्रशासन के साथ साझा की गई ये खुशियाँ उनके चेहरों की चमक से झलक रही थीं।

**"खुशियाँ बाँटने का यह बेहतरीन माध्यम है तिथि भोज" उपायुक्त**

इस अवसर पर उपायुक्त मनीष कुमार ने कहा झसरकार की मंशा है कि सरकारी विद्यालयों के बच्चे भी समाज के विशेष अवसरों के सहभागी बनें। यही सोच तिथि भोज कार्यक्रम की आत्मा है। जब कोई विशिष्ट व्यक्ति या संस्था खास भोजन के माध्यम से बच्चों के साथ अपनी खुशियाँ साझा करता है, तो इससे बच्चों का मनोबल बढ़ता है और शिक्षा से जुड़ाव भी गहरा होता है।

**शिक्षा को आकर्षक बनाने के लिए चलाए जा रहे हैं विशेष अभियान**

उपायुक्त ने बताया कि शिक्षा विभाग बोलेगा पाकुड़, बाल चौपाल, आज क्या सीख, फिर से स्कूल चले हम जैसे कार्यक्रमों को चला रहा है, ताकि बच्चों की उपस्थिति में निरंतर सुधार हो और वे शिक्षा को केवल जिम्मेदारी नहीं, बल्कि आनंद का विषय मानें। सरकारी स्कूल अब केवल किताबों का केंद्र नहीं, खुशियों और संवेदनाओं के उत्सव स्थल भी बन रहे हैं।

## पाकुड़ से दिल्ली-पटना की ट्रेनों को फिर से शुरू करने की मांग तेज,चैंबर ऑफ कॉमर्स

### कोरोना में बंद हुई ट्रेनों को दोबारा चलाने के लिए चैंबर ऑफ कॉमर्स ने PM से लगाई गुहार, कहा- मांगे नहीं मानी गईं तो होगा आंदोलन

झारखण्ड की हकीकत
**सतनाम सिंह**



कोरोना काल में बंद पड़ी ट्रेनों को फिर से शुरू कराने और पाकुड़ को देश के बड़े शहरों से सीधे रेल संपर्क देने की मांग अब जोर पकड़ रही है। पाकुड़ चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज ने इसको लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव और पूर्व रेलवे के महाप्रबंधक को पत्र भेजा है। चैंबर के महासचिव संजीव खत्री ने पत्र में लिखा है कि कोरोना से पहले पाकुड़ से होकर चलने वाली कई अहम ट्रेनें या तो बंद कर दी गई हैं या उनके रूट बदल दिए गए हैं। इनमें सियालदह-वाराणसी, सियालदह-आनंद विहार, रांची-कामाख्या एक्सप्रेस, मालदा-जसीडीह पैसेंजर, मालदा-जमालपुर, मालदा-रामपुरहाट और मालदा-बलरामपुर जैसी ट्रेनें शामिल हैं। इनके बंद होने से व्यापारी, छात्र, मरीज, नौकरीपेशा और आम नागरिकों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। काला पत्थर के लिए मशहूर पाकुड़, पर आज भी दिल्ली से रेल कटा है नाता संजीव खत्री ने कहा कि पाकुड़ झारखंड का पिछड़ा जिला जरूर है, लेकिन यहां का काला पत्थर उद्योग अंतरराष्ट्रीय पहचान रखता है। इसके बावजूद आज तक जिले को दिल्ली और पटना जैसे महत्वपूर्ण शहरों से सीधी रेल सेवा नहीं मिल सकी है।

**क्या हैं प्रमुख मांगें –**

*पाकुड़ से दिल्ली, पटना और कोलकाता के लिए सीधी ट्रेन शुरू की जाए।*
*सियालदह-वाराणसी और रांची-कामाख्या एक्सप्रेस को फिर से पाकुड़ होकर चलाया जाए।*
*मालदा से भागलपुर जाने वाली ट्रेन को पाकुड़ के रास्ते चलाया जाए।*
*पाकुड़ स्टेशन को 'अमृत भारत स्टेशन योजना' के तहत आधुनिक किया जाए।*
*स्टेशन पर प्लेटफार्म शेड, स्वच्छ पेयजल, शौचालय और पर्याप्त टिकट काउंटर की व्यवस्था हो।*
*पाकुड़-साहिबगंज होते हुए दिल्ली के लिए नई ट्रेन सेवा शुरू की जाए।*
*पाकुड़-लिट्टीपाड़ा-रामपुरहाट रेल लाइन की योजना को प्राथमिकता दी जाए।*

**मांगें नहीं मानी गईं तो होगा आंदोलनः चैंबर**

चैंबर ऑफ कॉमर्स ने साफ कहा है .

कि अगर इन जनहित की मांगों को जल्द नहीं माना गया, तो वह आंदोलन की राह अपनाने से पीछे नहीं हटेगा। पत्र में कहा गया है कि यह सिर्फ व्यापारियों की नहीं, बल्कि पूरे जिले की जरूरत है।

## दो दिवसीय लिटिल चैंप एवं सुब्रतो कप फुटबॉल प्रतियोगिता संपन्न, विजेता टीमों को किया गया सम्मानित





झारखण्ड की हकीकत

पाकुड़िया प्रखंड स्तरीय दो दिवसीय 2025-26 लिटिल चैंप एवं सुब्रतो कप फुटबॉल प्रतियोगिता शुक्रवार को राजकीयकृत प्लस टू उच्च विद्यालय पाकुड़िया के फुटबॉल मैदान में सफलतापूर्वक संपन्न हुई। प्रतियोगिता का उद्घाटन प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी सुमिता मरांडी एवं बीपीओ उज्ज्वल अल्फ्रेड मुर्मू ने संयुक्त रूप से फुटबॉल में किक मारकर किया तथा खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर उनका उत्साहवर्धन किया। प्रतियोगिता के दूसरे दिन फाइनल मुकाबले खेले गए, जिसमें अंडर-17 बालक वर्ग में प्लस टू उच्च विद्यालय पाकुड़िया की टीम ने शानदार प्रदर्शन कर खिताब अपने नाम किया। अंडर-15 बालक वर्ग में उत्क्रमित मध्य विद्यालय लखीपोखर विजेता बना, जबकि अंडर-12 बालक वर्ग में मध्य विद्यालय गनपुरा की टीम ने जीत दर्ज की।

प्रतियोगिता के समापन पर विजेता बालक एवं बालिका टीमों को ट्रॉफी एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर विभिन्न विद्यालयों के शिक्षक-शिक्षिकाएं, छात्राएं तथा गणमान्य लोग उपस्थित रहे, जिनमें शिक्षक रवींद्र मरांडी, सागनेन टुडू, अरुण मरांडी, तारा शंकर दास, सत्यवती हेंब्रम प्रमुख रूप से शामिल थे। आयोजन का उद्देश्य बच्चों में खेल भावना का विकास कर उन्हें प्रतिस्पर्धात्मक मंच प्रदान करना था, जिसे सफल रूप से पूरा करना है।

## 15 साल से पानी को तरस रहे पाकुड़ रेलवे क्वार्टर के कर्मचारी, अब नगर परिषद से लगाई आस

### नगर परिषद कार्यालय में हुई बैठक, शहरी जलापूर्ति योजना से शोधित जल देने पर हुई चर्चा



झारखण्ड की हकीकत

**पाकुड़ः** पाकुड़ शहर में जल संकट की समस्या कोई नई नहीं है, लेकिन पाकुड़ रेलवे के कर्मचारी तो बीते डेढ़ दशक से बूंद-बूंद पानी को तरस रहे हैं। रेलवे की 170 क्वार्टरों में रह रहे करीब 1250 कर्मचारियों को अब तक नियमित और शुद्ध पेयजल की सुविधा नहीं मिल पाई है। इस समस्या को लेकर अब रेलवे ने नगर परिषद से गुहार लगाई है। गुरुवार को नगर परिषद कार्यालय में प्रशासक अमरेंद्र कुमार चौधरी की अध्यक्षता में एक अहम बैठक हुई। बैठक में पूर्व रेलवे रामपुरहाट के वरिष्ठ अनुभाग अभियंता (कार्य) मुकेश कुमार,पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल के सहायक अभियंता अभिजीत किशोर,कनिय अभियंता दिनेश मंडल, ईस्टर्न जोनल रेलवे पैसेंजर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष हिसाबी राय और प्रधान सहायक देवाशीष बर्मन मौजूद रहे।

**2013 में बनी थी सहमति,जमीन नहीं मिलने से फंस गया था मामला**

सूत्रों के अनुसार, वर्ष 2013 में रेलवे और जिला प्रशासन के बीच शहरी जलापूर्ति योजना के तहत रेलवे को प्रतिदिन दो लाख लीटर शोधित जल देने पर सहमति बनी थी।जलमीनार, वितरण पाइप और जल पीलर निर्माण की योजना भी बनी थी,लेकिन रेलवे की ओर से आवश्यक जमीन नहीं मिलने के कारण योजना अधर में रह गई।

**बोरिंग भी फेल,सिर्फ 3 जगह ही मिला पानी**

रेलवे ने स्वयं पेयजल व्यवस्था सुधारने के लिए अब तक कुल दस डीप बोरिंग करवाए,लेकिन सिर्फ तीन बोरिंग से ही सीमित मात्रा में पानी मिल पाया। ऐसे में समस्या जस की तस बनी हुई है।

**अब डीआरएम हावड़ा ने दिखाई सक्रियता,उम्मीद जगी**

पूर्व रेलवे हावड़ा के मंडल रेल प्रबंधक संजीव कुमार के निर्देश पर अब एक बार फिर से प्रयास तेज किए गए हैं। नगर परिषद में हुई बैठक में प्रशासक अमरेंद्र कुमार चौधरी ने कहा कि रेलवे को शहरी जलापूर्ति योजना से जोड़ने के लिए उपायुक्त को मंडल से पत्र भेजकर रेलवे की जमीन पर बनने वाले पानी टंकी निर्माण हेतु अनापत्ति प्रमाण पत्र (NOC) जारी कराने के बाद ही आगे की प्रक्रिया शुरू की जाएगी। जलमीनार निर्माण, वितरण पाइप बिछाने और पीलर लगाने की योजना को आगे बढ़ाने के लिए अब प्रशासन और रेलवे के बीच समन्वय बनाने की जरूरत बताई गई है।

**कर्मचारियों में जगी राहत की उम्मीद**

बैठक के बाद कर्मचारियों में एक बार फिर आशा जगी है कि अब शायद वर्षों पुरानी जल संकट की समस्या का समाधान हो सके। यदि यह योजना जमीन पर उतरती है तो 1250 से अधिक लोगों को शुद्ध पेयजल की सुविधा मिल सकेगी।

## तीन ज़िंदगियों को मिला जीवन दान इंसानियत फाउंडेशन के युवाओं ने बढ़ाया मदद का हाथ

### महेशपुर व पाकुड़ के युवाओं ने रामपुरहाट व पाकुड़ सदर अस्पताल में किया रक्तदान

झारखण्ड की हकीकत
**राजकुमार भगत**



जरूरतमंदों की मदद के लिए इंसानियत फाउंडेशन के युवाओं ने एक बार फिर मिसाल पेश की है। ब्लड की कमी से जूझ रहे तीन मरीजों को फाउंडेशन के सदस्यों ने समय पर रक्तदान कर नया जीवन दिया। जानकारी के अनुसार, महेशपुर की बुजुर्ग महिला रूमी बीबी को ऑपरेशन के लिए अइ पॉजिटिव रक्त की आवश्यकता थी। वहीं, नहिदा खातून और नुसरत खातून को भी ओ पॉजिटिव ब्लड नहीं मिल पा रहा था। डॉक्टरों ने इलाज के लिए तुरंत रक्त चढ़ाने की जरूरत बताई थी। परिजनों के पास रक्त दान कराने वाला कोई नहीं था। ऐसे समय में परिजनों को इंसानियत फाउंडेशन के बारे में जानकारी मिली और उन्होंने मदद की गुहार लगाई। सूचना मिलते ही महेशपुर के शकील अहमद ने रामपुरहाट सदर अस्पताल पहुंचकर रक्तदान किया। वहीं, मोरसलीम और जार्जिस ने पाकुड़ सदर अस्पताल में ओ पॉजिटिव ब्लड देकर मानवता का धर्म निभाया।

मौके पर इंसानियत फाउंडेशन के उप सचिव आसादुल मुल्ला और सदस्य नसीम शेख भी मौजूद थे। उन्होंने बताया कि संगठन का उद्देश्य जरूरतमंदों तक समय पर रक्त और सहायता पहुंचाना है।

**"रक्तदान महादान है"**

# पूर्व प्रशिक्षुओं का एसबीआई आसेटी में हुआ मिलन सह सम्मान समारोह, सफल उद्यमियों ने साझा किए अनुभव

झारखण्ड की हकीकत

एसबीआई आसेटी पाकुड़ परिसर शुक्रवार को आत्मनिर्भरता की मिसाल बने पूर्व प्रशिक्षुओं के अनुभवों से गूंज उठा। यहां पूर्व में प्रशिक्षण प्राप्त कर स्वरोजगार की राह पकड़ चुके लगभग 50 से अधिक युवाओं और महिलाओं के लिए मिलन सह सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता आसेटी निदेशक राजेश कुमार मिश्रा ने की। उन्होंने सफल उद्यमियों के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि मेहनत, अनुशासन और आत्मविश्वास से हर मंज़िल आसान होती है। श्री मिश्रा ने उपस्थित प्रशिक्षुओं को बैंक द्वारा संचालित विभिन्न ऋण योजनाओं की जानकारी भी दी और उन्हें योजनाओं का लाभ उठाकर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के दौरान मंच संचालन कर रहे वरिष्ठ संकाय अमित कुमार बर्धन ने कहा कि समाज के हर व्यक्ति को नौकरी मिलना संभव नहीं है, लेकिन रोजगार हर किसी की आवश्यकता है। इसी सोच के साथ सरकार द्वारा आसेटी के





माध्यम से लगभग 70 तरह के रोजगारपरक प्रशिक्षण दिए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि पाकुड़ जिला के कई ग्रामीण युवक-युवतियां आज आसेटी से प्रशिक्षण लेकर आत्मनिर्भर बने हैं। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे स्वयं का व्यवसाय शुरू कर दूसरों के लिए भी रोजगार का माध्यम बनें, जिससे समाज में बेरोजगारी की समस्या को कम किया जा सके और विकास का मार्ग प्रशस्त हो।

कार्यक्रम में ज्योति घोष, रूबी देवी, पूजा देवी, इंद्राणी विश्वास, जयंती देवी, धरमचंद डेहरी समेत अन्य सफल उद्यमियों ने अपने जीवन के संघर्षों और सफलता की कहानियों को साझा किया।

इस अवसर पर संकाय वापी दास, कार्यालय सहायक शिबू कुनई, मोतीलाल साहा, रंजू देवी समेत संस्थान के अन्य सदस्य एवं प्रशिक्षु उपस्थित रहे।

# पाकुड़ में प्रमंडल स्तरीय पुलिस ड्यूटी मीट का भव्य समापन, इन्वेस्टिगेशन में वैज्ञानिक दक्षता पर रहा जोर

झारखण्ड की हकीकत

**पाकुड़:** पुलिस इन्वेस्टिगेशन को और अधिक वैज्ञानिक, प्रमाणिक और दक्ष बनाने के उद्देश्य से आयोजित तीन दिवसीय प्रमंडल स्तरीय पुलिस ड्यूटी मीट का समापन शुक्रवार को पुलिस लाइन परिसर में गरिमामय माहौल में संपन्न हुआ। समापन समारोह में बतौर मुख्य अतिथि दुमका के पुलिस महानिरीक्षक शैलेन्द्र कुमार सिन्हा, उपायुक्त मनीष कुमार, पाकुड़ एसपी निधि द्विवेदी, गोड्डा और जामताड़ा के एसपी शामिल हुए। इस प्रशिक्षणात्मक प्रतियोगिता में संथाल परगना के सभी छह जिलों से पुलिस पदाधिकारी शामिल हुए। प्रतिभागियों को फॉरेंसिक जांच, साइबर एनालिसिस, फिंगरप्रिंट, क्राइम फोटोग्राफी और डॉग स्क्वाड ऑपरेशन जैसी आधुनिक इन्वेस्टिगेशन तकनीकों पर गहन प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण के लिए रांची से आए विशेषज्ञ - अपराध जांच विभाग के संतोष सुधाकर (फिंगरप्रिंट), दिलीप कुमार महतो (फोटो ब्यूरो) और एतवा उरांव (डॉग स्क्वाड) - ने महत्वपूर्ण मार्गदर्शन प्रदान किया।

**प्रतिभागियों की मेहनत को मिला सम्मान**

समापन अवसर पर प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को सम्मानित किया गया। इस दौरान आईजी




शैलेन्द्र कुमार सिन्हा ने संबोधित करते हुए कहा कि झारखंड पुलिस ने हाल ही में आयोजित ऑल इंडिया पुलिस ड्यूटी मीट में ऐतिहासिक प्रदर्शन करते हुए 1 स्वर्ण और 4 रजत पदक हासिल किए। उन्होंने कहा, "आज का दौर प्रतिस्पर्धा का है, हमारे पुलिसकर्मियों को राष्ट्रीय स्तर तक अपनी पहचान बनानी चाहिए।"

**अनुसंधान हो तीव्र और सटीक- उपायुक्त मनीष कुमार**

उपायुक्त मनीष कुमार ने कहा कि तीन दिनों के इस प्रशिक्षण में पुलिसकर्मियों ने अपने कम्फर्ट जोन से बाहर निकल कर कुछ नया सीखा है, जो उनके कर्तव्यों को और अधिक प्रभावशाली बनाएगा। उन्होंने जोर देते हुए कहा कि अनुसंधान तेज गति से और सही दिशा में हो, ताकि समय पर न्याय सुनिश्चित किया जा सके।

**एसपी निधि द्विवेदी का प्रेरणादायक संबोधन**

पाकुड़ एसपी निधि द्विवेदी ने सभी प्रतिभागियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि पुलिस ड्यूटी मीट का मुख्य उद्देश्य यही है कि इन्वेस्टिगेशन को वैज्ञानिक आधार पर मजबूत किया जाए।

जब हम कोर्ट में साक्ष्य प्रस्तुत करें तो वे इतने सटीक हों कि अपराधियों को उचित सजा दिलाई जा सके। उन्होंने प्रतिभागियों से आग्रह किया कि वे राज्य स्तर ही नहीं, बल्कि राष्ट्रीय स्तर पर भी अपनी पहचान बनाएं। कार्यक्रम का सफल संचालन और पुलिसकर्मियों की भागीदारी यह दशार्ता है .

कि झारखंड पुलिस आधुनिक तकनीक और प्रशिक्षण को लेकर गंभीर है। यह आयोजन न केवल एक प्रतियोगिता था, बल्कि एक ऐसा मंच भी बना जहाँ से पुलिस व्यवस्था को नए आयाम मिले।

# स्कूल में बच्चों संग जन्मदिन मनाकर मिसाल बने मनसारुल हक, केक काटा, मिठाई बांटी और बढ़ाया सामाजिक जुड़ाव







झारखण्ड की हकीकत

**सतनाम सिंह**

पाकुड़ जिले के सदर प्रखंड अंतर्गत उदयनारायणपुर पंचायत के विद्यालय परिसर में शुक्रवार का दिन बच्चों के लिए बेहद खास और यादगार बन गया। सदर प्रखंड सह 20 सूत्री कार्यक्रम के अध्यक्ष मनसारुल हक ने अपने जन्मदिन के मौके पर विद्यालय पहुंचकर दूसरी बार "जन्मोत्सव सह तिथि भोजन" का आयोजन किया और स्कूल के नन्हें-मुन्ने बच्चों के साथ मिलकर खुशियों को साझा किया। जैसे ही केक काटा गया, बच्चों के चेहरे खिल उठे। मनसारुल हक ने अपने हाथों से बच्चों को मिठाइयाँ बांटी और उनके साथ समय बिताकर यह संदेश दिया कि समाज के हर वर्ग को शिक्षा से जुड़ी गतिविधियों में भागीदारी निभानी चाहिए।

बच्चों की मुस्कान सबसे बड़ी पूंजी है,

**कार्यक्रम के दौरान मनसारुल हक ने कहा**

इस पहल का उद्देश्य केवल जन्मदिन मनाना नहीं, बल्कि शिक्षा से जुड़े वातावरण में समुदाय की भागीदारी और बच्चों के भीतर उत्साह को बढ़ाना है। बच्चों की मुस्कान और उनकी खुशी ही मेरी असली कमाई है। उन्होंने इस आयोजन में योगदान देने वाले शिक्षकों, अभिभावकों, शिक्षा विभाग के अधिकारियों और पंचायत प्रतिनिधियों का आभार भी जताया।

**समुदाय और शिक्षा के बीच पुल बना आयोजन**

इस आयोजन को विशेष रूप से चल रहे सामाजिक अभियानों के तहत आयोजित किया गया था, जिसका उद्देश्य स्कूली बच्चों के बीच सामुदायिक सहभागिता, पोषण जागरूकता और संवेदनशील नेतृत्व को बढ़ावा देना है।

**विद्यालय परिसर में बना उत्सव का माहौल**

विद्यालय के शिक्षकों ने बताया कि बच्चों में जबरदस्त उत्साह देखा गया। केक काटने से लेकर मिठाइयों के वितरण तक हर बच्चा बेहद खुश था। इस प्रकार का आयोजन बच्चों को सामाजिक मूल्यों से जोड़ने का बेहतरीन माध्यम बनता है।

# आदिवासी कल्याण को समर्पित जनजातीय उत्कर्ष कैंप, दर्जनों पीवीटीजी परिवारों को मिला योजनाओं का त्वरित लाभ





झारखण्ड की हकीकत

**प्रशांत मंडल**

**लिट्टीपाड़ा (पाकुड़ )** पीएम - जनमन एवं धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान के तहत शुक्रवार को लिट्टीपाड़ा प्रखंड के ग्राम पंचायत तालझारी ओर बिचामहल पंचायत भवन में अवेयरनेस एवं बेनिफिट सेचुरेशन कैंप का आयोजन किया गया। कैम्प में तालझारी ओर बिचामहल पंचायत के चिह्नित गांव सीमलजोड़ी ओर लेटबाड़ी के आदिवासी एवं पीवीटीजी समुदायों को योजनाओं और उनके अधिकारों के बारे में जागरूक किया गया साथ ही कैम्प के माध्यम से पात्र पीवीटीजी, ट्राइबल परिवार को 5 पैरामीटरों यथा आइडेंटिफिकेशन एंड बेसिक डॉक्यूमेंटेशन के तहत आधार कार्ड, कास्ट एवं डोमिसाइल सर्टिफिकेट, फूड एंड न्यूट्रिशन के तहत राशन कार्ड, पोषण, हैल्थ एंड इंश्योरेंस के तहत पीएम मातृवंदना योजना, टीबीमुक्त भारत, निःक्षय पोषण, मिशन इंद्रधनुष के अलावा फाइनेंसियल इंक्लूजन के तहत पीएम जनधन योजना, स्टैंडअप इंडिया, मुद्रा योजना, वन धन योजना, पीएम विश्वकर्मा योजना के अतिरिक्त एग्रीकल्चर एवं लाइवलीहुड के तहत केसीसी, पीएम किसान, मनरेगा के तहत संचालित योजनाओं के लाभ से आच्छादित करने के लिए जानकारियां दी गई ओर आवेदन प्राप्त कर कई लाभुकों को ऑन दा स्पॉट लाभ पहुंचाया गया।

मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी संजय कुमार ने बताया कि कैम्प में विशेष रूप से कमजोर जनजातीय समूहों के बीच बुनियादी अधिकारों, कल्याणकारी योजनाओं और सेवाओं की संतृप्ति सुनिश्चित करना ही सरकार का लक्ष्य है।

# तिथि भोज और जन्मोत्सव का अनोखा संगम, बच्चों के चेहरे पर खिला उत्साह






झारखण्ड की हकीकत

**अब्दुल अंसारी**

**पाकुड़िया (पाकुड़)।** पाकुड़िया प्रखंड मुख्यालय स्थित पीएम श्री उत्क्रमित कन्या उच्च विद्यालय समेत पूरे प्रखंड के विभिन्न विद्यालयों में शुक्रवार को तिथि भोज सह जन्मोत्सव कार्यक्रम हर्षोल्लास से मनाया गया। कार्यक्रम की अगुवाई विद्यालय की प्रधानाध्यापिका सुजला मुर्मू एवं पंचायत की मुखिया अनीता सोरेन ने की। इस विशेष आयोजन में आज की तिथि में जन्म लेने वाली छात्राओं ने केक काटकर अपना जन्मदिन मनाया और शिक्षकों व सहपाठियों को केक खिलाकर आभार जताया। इसके बाद मध्यान्ह भोजन को तिथि भोज के रूप में मनाया गया, जिससे पूरे वातावरण में उत्सव का माहौल बन गया। उक्त कार्यक्रम सिर्फ कन्या विद्यालय तक सीमित नहीं रहा, बल्कि मोंगलाबांध मध्य विद्यालय, उत्क्रमित उच्च विद्यालय चौकीसाल, बन्नोग्राम समेत प्रखंड के सभी विद्यालयों में भी इसी स्वरूप में जन्मोत्सव सह तिथि भोज का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सखी मंडल एवं ग्राम संगठन की दीदियों ने भी बच्चों के साथ बढ़-चढ़कर भाग लिया और उनके साथ मिलकर जन्मदिन का उल्लास साझा किया।

जेएसएलपीएस के बीपीएम राजीव कुमार ने बताया कि इस नवाचार का उद्देश्य बच्चों में आपसी सहयोग और सामाजिक भावना को बढ़ावा देना, आत्मविश्वास को प्रोत्साहित करना, शिक्षा के प्रति रुचि जगाना तथा समुदाय और विद्यालय के बीच मजबूत सहभागिता स्थापित करना है।

# पीडीएस दुकानों की जांच: डीलरों को समय पर उठाव और वितरण का निर्देश

झारखण्ड की हकीकत

**एस कुमार**

एलआरडीसी मनीष कुमार और एसी जेम्स सुरीन ने महेशपुर बीडीओ सिद्धार्थ शंकर यादव व सीओ संजय कुमार सिन्हा के साथ प्रखंड मुख्यालय के दो जन वितरण प्रणाली दुकानो का जांच किया. वही पदाधिकारियों ने जांच के क्रम में दुकानों में



अनाज वितरण से संबंधी पंजियों का निरिक्षण कर

शेष बचे अनाज के स्टॉक से मिलान की. साथ ही डीलर तपन दत्ता और मिलन शेख को सही समय पर अनाज का उठाव करने तथा सही समय पर और उचित मात्रा में कार्डधारियों के बीच अनाज का वितरण करने का निर्देश दिया.

# गांवों में स्वास्थ्य विभाग का समन्वित खोज अभियान, घर-घर जाकर बीमारों की ली गई जानकारी

झारखण्ड की हकीकत


**अब्दुल अंसारी**


पाकुड़िया प्रखंड में शुक्रवार को स्वास्थ्य विभाग द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में एकीकृत सक्रिय मामला समन्वित खोज अभियान (आईएसीएससी) का व्यापक संचालन किया गया। इस अभियान के तहत मोहलपहाड़ी, राजपोखर, फुलझिंझरी, गनपुरा समेत कई गांवों में स्वास्थ्य विभाग की टीमें घर-घर पहुंचीं और लोगों से संपर्क कर स्वास्थ्य संबंधी जानकारी एकत्र की। अभियान में चिकित्सक डॉ. मंजर आलम, डॉ. गंगाशंकर साहा, बीपीएम प्रभात कु. दास के साथ एमपीडब्ल्यू, एएनएम, सीएचओ और स्वास्थ्य सहियाओं की सक्रिय भागीदारी रही। टीमों ने प्रत्येक घर में जाकर व्यक्तियों से उनकी स्वास्थ्य स्थितियों के बारे में जानकारी प्राप्त की और बीमार व्यक्तियों को सूचीबद्ध कर उचित इलाज के लिए आगे की व्यवस्था सुनिश्चित की। डॉक्टरों ने ग्रामीणों से अपील की कि वे बीमारियों की सही जानकारी देकर टीमों का सहयोग करें ताकि समय पर इलाज कर बीमार लोगों को ठीक किया जा सके। इस पहल का मुख्य उद्देश्य गंभीर बीमारियों की समय रहते पहचान कर ग्रामीणों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा प्रदान करना है।

# बरहरवा व पतना अंतर्गत नए अनुमंडल बनाने की मांग को लेकर 26 जून को होगा धरना प्रदर्शन:–श्यामल दास

झारखण्ड की हकीकत

**साहिबगंज**:-बरहरवा व पतना में नया अनुमंडल गठन हेतु एकदिवसीय धरना एवं अनुवर्तन कार्यक्रम व जन आंदोलन को लेकर बरहरवा के नगर अध्यक्ष श्यामल कुमार दास ने पत्रांक 1719/25 के माध्यम से लिखित आवेदन राजमहल अनुमंडल को सौपा है,जिसमें उन्होंने कहा है कि सरकार का ध्यान आकृष्ट कराना चाहते हैं की बरहरवा व पतना प्रखंड अंतर्गत नया अनुमंडल का गठन अभिलंब किया जाए बड़हरवा में पूर्व से ही पुलिस अनुमंडल का गठन किया जा चुका है एवं अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी वर्तमान में कार्यरत भी है





श्यामल कुमार दास
Shyamal Kumar Das
अध्यक्ष
नगर पंचायत
बरहरवा, साहेबगंज

झारखण्ड सरकार

आवास
ग्राम–चण्डीपुर, पो0+थाना–बरहरवा
जिला–साहेबगंज, पिन–816101
झारखण्ड
दूरभाष : 9934256162, 7004796449

पत्रांक 1719/025

दिनांक 19/06/025

सेवा में,

श्रीमान अनुमंडल पदाधिकारी,
राजमहल।

विषय– नया अनुमंडल गठन हेतु एक दिवसीय धरना एवं अनवरत कार्यक्रम हेतु जन आंदोलन करने के संबंध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषय के सन्दर्भ में आपके माध्यम से सरकार का ध्यान आकृष्ट कराना चाहता हूं कि बरहरवा / पतना प्रखंड अन्तर्गत नया अनुमंडल का गठन अविलम्ब किया जाय। बरहरवा में पूर्व से ही पुलिस अनुमंडल का गठन किया जा चुका है, एवं अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी कार्यरत भी है। बरहरवा / पतना का क्षेत्र भौगोलिक दृष्टिकोण से एवं आवागमन की सम्पूर्ण सुविधा के साथ-साथ कार्यालय निर्माण हेतु पर्याप्त जमीन भी उपलब्ध है। समाचार पत्र के माध्यम से हमलोगों को पता चला है कि किसी साजिस के तहत बरहरवा / पतना को छोड़कर कहीं अन्त्र अनुमंडल बनवाने का प्रयास हो रहा है। जो बरहरवा / पतना क्षेत्र वासियों के साथ एक धोखा है।

अतएव आपके माध्यम से सरकार का ध्यान बरहरवा / पतना में नये अनुमंडल कार्यालय का गठन करने का अनुग्रह किया जा रहा है। बरहरवा / पतना में नये अनुमंडल के गठन हेतु बरहरवा प्रखंड के स्थान स्टेशन चौक समय 09:00 AM दिनांक 26/06/025 को एक दिवसीय शांतिपूर्ण महा धरना का आयोजन किया जा रहा है। मांग पूरी नहीं होने की दशा में अनवरत जन आंदोलन जारी रहेगा।

सादर सूचनार्थ।

विश्वासभाजन
अध्यक्ष
नगर पंचायत बरहरवा
जिला साहेबगंज (झारखण्ड)

प्रतिलिपि :- अनुमंडल पदाधिकारी, राजमहल को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

प्रतिलिपि :- उपायुक्त, साहेबगंज को सादर सूचनार्थ समर्पित।

बरहरवा पतना का क्षेत्र भौगोलिक दृष्टिकोण से एवं आवागमन की संपूर्ण सुविधा के साथ-साथ कार्यालय निर्माण हेतु पर्याप्त जमीन भी उपलब्ध है, उन्होंने लिखा है कि समाचार पत्रों के माध्यम से पता चला है कि किसी साजिश के तहत बरहरवा व पतना को छोड़कर किसी अन्य स्थान को अनुमंडल बनने का प्रयास किया जा रहा है जो बरहरवा और पतना के क्षेत्र वासियों के साथ धोखा है अनुमंडलीय कार्यालय के माध्यम से सरकार का ध्यान बरहरवा व पतना में नए अनुमंडल कार्यालय का गठन करने का अनुग्रह किया जा रहा है अनुमंडल के गठन हेतु बरहरवा प्रखंड के स्थान स्टेशन चौक में आगामी 26 जून को एक दिवसीय शांतिपूर्ण महाधरना का आयोजन किया जा रहा है मांग पूरी नहीं होने की दशा में अनवरत जन आंदोलन जारी रहेगा।वहीं उक्त धरना प्रदर्शन को लेकर प्रतिलिपी के माध्यम से साहेबगंज उपायुक्त को भी सूचनार्थ किया गया है।

# साहिबगंज में भारी वर्षा को लेकर अलर्ट,जिला प्रशासन की अपील –सुरक्षित रहें, सतर्क रहें

झारखण्ड की हकीकत

**साहिबगंज**:-भारतीय मौसम विज्ञान विभाग, मौसम केंद्र, रांची द्वारा जारी चेतावनी के अनुसार जिला में आगामी दिनों में भारी वर्षा की संभावना जताई गई है। इस स्थिति को देखते हुए जिला प्रशासन, साहेबगंज द्वारा नागरिकों से सतर्क रहने एवं सुरक्षा उपाय अपनाने की अपील की गई है।

**भारी वर्षा के दौरान क्या करें क्या ना करें ।**

*सुरक्षात्मक कपड़े पहने और घर के अंदर आश्रय ले,भारी बारिश और तेज हवाओं के दौरान खिड़कियों और दरवाजा से दूर रहे।तूफान के दौरान संवेदनशील इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों को बिजली के प्रवाह से बचाने के लिए उनका प्लग निकाल दे। नदी, नालों, सड़क के अंदर पास जल निकासी, खाइयों, निचले इलाकों और उन क्षेत्रों से बचें जहां पानी इकट्ठा होता है- वहां अप्रत्याशित रूप से बाढ़ आ सकती है या पानी ओवरफ्लो हो सकता है । खराब



दृश्यता के कारण भारी बारिश में गाड़ी चलाने से बचें। यदि संभव हो तो, अपनी गाड़ी पार्क करें और तब तक प्रतीक्षा करें जब तक बारिश धीमी ना हो जाए या रुक न जाए उसके बाद ही अपनी यात्रा जारी रखें।बाढ़ वाली सड़क पर गाड़ी चलाने की कोशिश न करें ।पानी दिखने से ज्यादा गहरा और तेज हो सकता है और उसमें मालवा नुकीली या खतरनाक चीजें, गड्ढे या बिजली के तार हो सकते हैं। तेज बहाव या बाढ़ के पानी में फंसने पर वहां स्थिर हो सकते हैं या बह भी सकते हैं। वाहन को विस्थापित करने के लिए बस कुछ इंच पानी ही काफी होता है। बिजली के लाइनों या विद्युत तारों से दूर रहे। यदि आपको कोई बिजली का तार टूटा हुआ दिखाई दे तो वहां से दूर रहे और इसकी सूचना तुरंत अधिकारियों को दे।घर के अंदर जनरेटर का उपयोग न करें। जनरेटर में कार्बन मोनोऑक्साइड उत्पन्न होती है, जो घातक हो सकती है। बाढ़ का पानी दूषित हो सकता है उसके उसमें मलबा या तेज बहाव जैसे खतरे छिपे हो सकते हैं।बाढ़ के पानी में तैराकी ना करें। संभावित खतरों के कारण बाढ़ग्रस्त क्षेत्रों को मनोरंजक गतिविधियों से बचे।स्वास्थ्य संबंधी सावधानियां को नजरअंदाज न करें। स्वच्छ पानी पिएं, सड़क पर बिकने वाले खाद्य पदार्थों से बचें और मच्छर जनित बीमारियों के से बचाव के लिए सावधानी बरते।अचानक बाढ़ की चेतावनी एवं अलर्ट तथा मौसम चेतावनियों की जानकारी रखें।

जिला प्रशासन आमजन से अपील करता है कि अफवाहों से बचें, प्रशासन द्वारा जारी सूचना एवं दिशा-निदेशों का पालन करें, और किसी भी आपात स्थिति में तुरंत नजदीकी नियंत्रण कक्ष नंबर 9006963963, 9631155933 , 9065370630, 06436-356485, 06436-222101, 06436 - 222202 या प्रशासन से संपर्क करें।

# साहिबगंज के राजस्थान इंटर विद्यालय में नशा मुक्त भारत अभियान के तहत जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया

झारखण्ड की हकीकत

**साहिबगंज:**–झारखंड सरकार द्वारा 10 से 26 जून तक चलाए जा रहे निषिद्ध मादक पदार्थों के दुरुपयोग के विरुद्ध जागरूकता अभियान के अंतर्गत शुक्रवार को अपराह्न 2:00 बजे राजस्थान इंटर विद्यालय, साहेबगंज में नशा मुक्त भारत जागरूकता अभियान का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला बाल संरक्षण पदाधिकारी, साहेबगंज द्वारा की गई। वही कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों और युवाओं को नशे के दुष्परिणामों से अवगत कराना तथा एक नशा मुक्त समाज के निर्माण हेतु उन्हें प्रेरित करना था।



इस दौरान छात्रों को मानसिक, शारीरिक एवं सामाजिक रूप से नशे के दुष्प्रभावों की जानकारी दी गई। साथ ही कोटपा अधिनियम 2003 की धाराएं 4, 5, 6 (क) एवं 6 (ख) के अंतर्गत नशा नियंत्रण से संबंधित कानूनी प्रावधानों की विस्तृत जानकारी दी गई। वक्ताओं ने बताया कि नशा न केवल व्यक्ति के शरीर को नुकसान पहुंचाता है,बल्कि समाज की नींव को भी कमजोर करता है। इसके अतिरिक्त, बाल श्रम, बाल विवाह, बाल तस्करी, पोक्सो एक्ट, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098, आफ्टर केयर, फोस्टर केयर और स्पॉन्सरशिप योजना आदि के बारे में भी छात्र-छात्राओं को जागरूक किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित सभी विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं विद्यालय कर्मियों ने "नशा नहीं करेंगे और दूसरों को भी इससे दूर रहने के लिए प्रेरित करेंगे" का सामूहिक संकल्प लिया। इस अवसर पर जिला बाल संरक्षण इकाई एवं चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 से संबंधित कर्मी भी उपस्थित थे। कार्यक्रम सफलतापूर्वक जागरूकता एवं संकल्प के भाव के साथ संपन्न हुआ।

# साहिबगंज उपायुक्त कार्यालय में जनता दरबार का आयोजन किया गया

झारखण्ड की हकीकत

**साहिबगंज:**–उपायुक्त कार्यालय प्रकोष्ठ में उपायुक्त- सह- जिला दंडाधिकारी हेमंत सती द्वारा जनता दरबार का आयोजन किया गया।इस दौरान उपायुक्त ने जिले के शहरी तथा ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों से मुलाकात कर उनके समस्याओं से अवगत हुए। इसके साथ ही उपायुक्त द्वारा उपस्थित सभी लोगों से एक-एक कर उनकी समस्याएं सुनी एवं आश्वस्त किया कि संज्ञान में आए हुए सभी शिकायतों की जांच कराते हुए जल्द से जल्द सभी समस्याओं का समाधान



किया जाएगा। इसके साथ ही जनता दरबार के दौरान विभिन्न आवेदन शिकायत के रूप में आए, जो कि जिले के विभिन्न विभागों से संबंधित थे। ऐसे में जनता दरबार में सभी शिकायतकर्ताओं की समस्याओं को सुनने के बाद उपायुक्त ने संबंधित विभाग के पदाधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी आवेदनों का भौतिक जांच करते हुए उसका समाधान जल्द से जल्द करें।

साथ ही उन्होंने सभी संबंधित पदाधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि इन शिकायतों पर त्वरित कार्रवाई करते हुए अपना प्रतिपुष्टि उपायुक्त कार्यालय को समर्पित करें ,ताकि शिकायतों के निष्पादन में आसानी हो सके।

ज्ञात हो कि हर सप्ताह मंगलवार एवं शुक्रवार को उपायुक्त कार्यालय में जनता दरबार का आयोजन किया जाता है।

# आबुआ आवास योजना के तहत बरहरवा प्रखंड में 680 परिवारों को मिला सपनों का घर

## गृह प्रवेश कार्यक्रम का भव्य आयोजन में विधायक निसात आलम ने किया शुभारंभ।





झारखण्ड की हकीकत

**साहिबगंज/बरहरवा**:-प्रखंड के आहुतग्राम में गुरुवार को आबुआ आवास योजना के तहत निर्मित घरों के गृह प्रवेश कार्यक्रम का आयोजन किया गया,जिसमें साहिबगंज के उप विकास आयुक्त एवं बरहरवा के प्रखंड विकास पदाधिकारी सहित विभिन्न सहयोगी दलों के पदाधिकारी,प्रमुख और उप प्रमुख तथा प्रखंड के अधिकारीगण उपस्थित रहे।इस अवसर पर,विधायक निसात आलम ने कहा कि हर व्यक्ति का सपना होता है कि उसका अपना घर हो,और आबुआ आवास योजना इसी सपने को साकार करने के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए,अधिकारियों ने बताया कि जब केंद्र सरकार ने झारखंड को प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण)का लक्ष्य नहीं दिया,तो पूर्व मंत्री आलमगीर आलम और राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने झारखंड के गरीब और आवासहीन लोगों के लिए अपना आवास बनाने के सपने को पूरा करने हेतु राज्य में आबुआ आवास योजना की शुरूआत की।

उन्होंने आगे बताया कि प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत जहां ग्रामीण लाभार्थियों को एक लाख बीस हजार रुपये दिए जा रहे हैं,वहीं राज्य सरकार की आबुआ आवास योजना के तहत लाभार्थियों को दो लाख रुपये प्रदान किए जा रहे हैं, जिसमें तीन कमरों का पक्का मकान और शौचालय शामिल है।बरहरवा प्रखंड में अब तक 2949 लाभार्थियों को पहली किस्त का पैसा दिया जा चुका है,जिसमें से 680 आबुआ आवास पूरी तरह से बनकर तैयार हो गए हैं।इस गृह प्रवेश कार्यक्रम से पूर्व मंत्री आलमगीर आलम का गरीबों और आवासविहीन परिवारों को पक्का मकान दिलाने का प्रयास और सपना पूरा होता दिख रहा है।

इस अवसर पर विधायक प्रतिनिधि बरकत खान,सांसद प्रतिनिधि अब्दुल कादिर,20 सूत्री अध्यक्ष अशोक कुमार दास,प्रखंड अध्यक्ष रंजीत टुडू,जेएमएम प्रखंड अध्यक्ष अब्दुल गफूर,पंचायत के मुखिया,अब्दुल कादिर,पंचायत समिति के सदस्य,कांग्रेस और जेएमएम के कार्यकर्ता और ग्रामीण बड़ी संख्या में मौजूद थे।

# साहिबगंज जिले के मेधावी छात्र-छात्राओं को मिला सम्मान,उपायुक्त ने कहा - शिक्षा ही विकास की कुंजी

झारखण्ड की हकीकत

**साहिबगंज**:-सिद्धो-कान्हू सभागार कक्ष में वार्षिक माध्यमिक एवं इंटरमीडिएट परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं के सम्मान में प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर उपायुक्त हेमन्त सती मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरूआत दीप प्रज्ज्वलन से हुई, जिसका उद्घाटन उपायुक्त द्वारा किया गया। मुख्य अतिथि का स्वागत क्षेत्रीय शिक्षा संयुक्त निदेशक, संथाल परगना दुर्गानन्द झा एवं जिला शिक्षा पदाधिकारी-सह-जिला कार्यक्रम पदाधिकारी द्वारा बाल पौधा भेंटकर किया गया। कार्यक्रम के प्रारंभ में कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय, साहेबगंज की छात्राओं ने स्वागतगान की मनमोहक प्रस्तुति दी।अपने



प्रेरणादायक संबोधन में उपायुक्त हेमन्त सती ने छात्र-छात्राओं और उनके अभिभावकों को बधाई देते हुए मार्गदर्शन दिया। उन्होंने कहा कि सफलता पाने के लिए बच्चों को नकारात्मक संगत से बचना चाहिए और प्रेरणादायक एवं योग्य मित्रों का साथ चुनना चाहिए। उन्होंने सभी बच्चों को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएँ दीं। वही कार्यक्रम में विशेष रूप से निईईट परीक्षा 2025 में जिले की एकमात्र चयनित छात्रा प्रिया राज गुप्ता (पिता - उमेश प्रसाद साह, संकुल साधन सेवी, राजमहल) को उपायुक्त द्वारा सम्मानित किया गया। वही समारोह में झारखंड अधिविध परिषद् (जेएसी), केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई ) एवं भारतीय माध्यमिक शिक्षा प्रमाणपत्र (आईसीएसई) बोर्ड के कुल 101 टॉपर छात्र-छात्राओं को प्रशस्ति पत्र एवं पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर जिला शिक्षा अधीक्षक-सह-अपर जिला कार्यक्रम पदाधिकारी कुमार हर्ष, अनुमंडल शिक्षा पदाधिकारी लक्ष्मण यादव, क्षेत्र शिक्षा पदाधिकारी उर्मिला हाँसदा, प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी तरूण कुमार घाटी एवं रॉबिन चन्द्र मंडल, जिला जेंडर समन्वयक शबनम तब्बस्सुम, सहायक कार्यक्रम पदाधिकारी संजय कुमार तिवारी (कार्यक्रम संचालक), एमआईएस मनीष कुमार गुप्ता, प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी एहसान एहमद, मनीष कुमार, क्षेत्र प्रबंधक जयंत कुमार मंडल एवं वीर प्रकाश, मनोज कुमार गुप्ता समेत अन्य शिक्षा पदाधिकारी व कर्मी उपस्थित थे।

# तालझारी के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में समीक्षा बैठक हुई आयोजित

झारखण्ड की हकीकत

**साहिबगंज/तालझारी** :- शुक्रवार को तालझारी सीएचसी में प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ रंजन कुमार की अध्यक्षता में सभी सहियाओ एवं सहिया साथियों एवं बीटीटी की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। जिसमें कालाजार सर्वे हेड काउंट सर्वे एवं विटामिन ए साथ ही स्वास्थ्य विभाग के द्वारा संचालित सभी



कार्यक्रमों का समीक्षा करते हुए सभी सहियाओ को एवं सहिया साथियों को साथ ही सभी बीटीटी को निर्देशित किया गया की सहियाओ का सभी तरह का अविश्राव ससमय कार्यालय को समर्पित करेंगे ,ससमय कार्यालय को अभीश्रव नहीं सुपुर्द करने के स्थिति में आप स्वयं इसके जिम्मेदार हैं मौके पर सभी सहिया सभी सहियासाथी एवं सभी बीटीटी राजकुमार पंडित, अवधेश कुमार ठाकुर ,प्रखंड लेखपाल देवनारायण रविदास, प्रखंड कार्यक्रम प्रबंधक विजय राम एवं अन्य स्वास्थ्य कर्मी मौजूद थे।

# पतना प्रखंड के लखीपुर पंचायत में धरती आबा जन भागीदारी अभियान के तहत ग्राम सभा का हुआ आयोजन

झारखण्ड की हकीकत

**साहिबगंज** :-धरती आबा जन भागीदारी अभियान के अंतर्गत पतना प्रखंड के लखीपुर पंचायत अंतर्गत छोटामझदिहा एवं तिलभीता गाँव में ग्राम सभा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर डीएमएफटी से नवीन कुमार, प्रोजेक्ट ऑफिसर (आजीविका) पंकज कुमार अकेला, डाटा एनालिस्ट गौरव चंद्र, एवं



अन्य की उपस्थिति रही। वही ग्राम सभा में ग्रामीणों से संवाद कर उनके क्षेत्र की मूलभूत सुविधाओं का गहन अवलोकन किया गया, जिनमें विशेष रूप से पेयजल व्यवस्था, स्वास्थ्य सेवाएँ, आंगनबाड़ी केंद्र, सड़क की स्थिति तथा मोबाइल नेटवर्क की उपलब्धता आदि शामिल रही। साथ ही ग्रामवासियों ने अपनी समस्याएं एवं आवश्यकताएं साझा कीं, जिन पर गंभीरतापूर्वक विचार किया और संबंधित विभागों को त्वरित कार्रवाई हेतु संज्ञान लेने का आश्वासन दिया।

## तीनपहाड़ को राजमहल प्रखंड से काटकर तीनपहाड़ को अविलम्ब नया प्रखंड बनाया जाए:-राजद के जिला अध्यक्ष

झारखण्ड की हकीकत

**साहिबगंज:**-राजद के जिला अध्यक्ष सत्यनारायण यादव ने प्रेस विज्ञाप्ति जारी कर कहा की तीनपहाड प्रखंड का घोषणा तत्कालीन मुख्यमंत्री लालु प्रसाद यादव ने 1995 मे उधवा प्रखंड के उद्घाटन के समय ही किया गया था.की तीनपहाड प्रखंड बनेगा.लेकिन झारखंड सरकार अभी तक तीनपहाड प्रखंड का उद्घाटन नही करा रही है जो क्षेत्र के सांसद और विधायक के उदासीनता के कारण अब तक कोई पहल नही करने के कारण अभी तक तीनपहाड प्रखंड अस्तित्व मे नही आ पाया.उन्होंने कहा की राष्ट्रीय जनता दल मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मांग



करती है.की तीनपहाड को राजमहल प्रखंड से काटकर तीनपहाड को अविलम्ब प्रखंड बनाया जाए.नही तो बाध्य हो कर राष्ट्रीय जनता दल आन्दोलन करेगी!

## बोरियो के बड़ाकुसमी गांव से पोखरिया संथाली तक मोरंग मिट्टी की कच्ची सड़क से ग्रामीण व राहगीर परेशान

### बारिश में कीचड़मय रास्ते से आवागमन करने से ग्रामीणों को हो रही काफी समस्याएं

झारखण्ड की हकीकत

**साहिबगंज/बोरियो:**-प्रखंड के बिशनपुर पंचायत के बड़ा कुसमी गांव से पोखरिया संथाली तक यह सड़क बनाई जानी है मोरंग मिट्टी डाला गया जो कि बारिश के कारण कीचड़मय हो चुका है जिसके कारण ग्रामीण लोग कच्चे और कीचड़ भरे रास्तों से गुजरने को मजबूर हैं।बड़ा कुसमी गांव से पोखरिया संथाली तक गांव के पर जगह-जगह गहरे गड्ढे बन गए हैं। बारिश के मौसम में इन गड्ढों में



पानी भर जाता है। इससे राहगीरों के गिरने का खतरा बना रहता है। बच्चे, बुजुर्ग और महिलाएं रोजाना इसी रास्ते से गुजरते हैं। बारिश के समय स्कूली बच्चे फिसल जाते हैं।

बाइक सवारों को रोज गिरना पड़ता है। रात में यह रास्ता और भी ज्यादा खतरनाक हो जाता है। ग्रामीणों व राहगीरो की मांग है कि सड़क को जल्द से जल्द बनाई जाए वहीं इस सड़क बनाने की ठेका नीतेश सिंह प्राईवेट लिमिटेड को दिया गया था परंतु रोड बनाने में काफी देरी हो रही है इस मामले में विभागीय ठीकेदार के मुंशी से पूछा गया तो उन्होंने बताया कि ये कार्य उच्च अधिकारी के आदेश पर कार्य किया जा रहा है बारिश के कारण एफडीआर रोड निमार्ण कार्य रोका गया है बारिश के वजह से कार्य रुक गया है अगर अभी कार्य करेंगे तो रोड का निर्माण कार्य सफल नहीं होगा, इसलिए बारिश के बाद कार्य किया जाएगा और ग्रामीणों की परेशानियों का सामना नहीं करना पड़ेगा अच्छी तरह से नियम अनुरूप कार्य किया जाएगा।

## आलेख: 21 जून विश्व योग दिवस पर विशेष

### *विश्व योग दिवस 2025: जीवन का दर्शन और शांति का मार्ग*



झारखण्ड की हकीकत

**संजय सोंधी, उप सचिव,**
**भूमि एवं भवन विभाग**
**नई दिल्ली**

हर साल 21 जून को विश्व योग दिवस मनाया जाता है, और 2025 में यह दिन एक बार फिर हमें योग के गहरे दर्शन और इसके जीवन को समृद्ध करने वाले महत्व को याद दिलाएगा। योग केवल शारीरिक व्यायाम नहीं, बल्कि एक जीवन शैली है जो हमें स्वस्थ, संतुलित और समाज के लिए उपयोगी जीवन जीने की प्रेरणा देता है। यह एक ऐसा दर्शन है जो हमें अपने भीतर की शांति और आत्म-जागरूकता की ओर ले जाता है। दूसरी शताब्दी ईसा पूर्व में महर्षि पतंजलि ने *अष्टांग योग दर्शन* की रचना की, जो योग को एक समग्र जीवन पद्धति के रूप में प्रस्तुत करता है। यह हमें शारीरिक, मानसिक और आध्यात्मिक स्तर पर जोड़ता है, जिसका अंतिम लक्ष्य है *मोक्ष* यानी आत्म-मुक्ति। योग का यह दर्शन भारतीय सभ्यता का विश्व को सबसे अनमोल उपहार है। यह एक प्रकाशस्तंभ की तरह मानवता का मार्गदर्शन करता है, जो हमें तनाव, बीमारियों और मानसिक अशांति से मुक्ति दिलाता है। विश्व योग दिवस की शुरूआत 2015 में संयुक्त राष्ट्र के प्रस्ताव के बाद हुई, जब भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इसके महत्व को विश्व मंच पर प्रस्तुत किया। तब से यह दिन विश्व भर में योग के प्रति जागरूकता फैलाने का प्रतीक बन गया है।विश्व योग दिवस 2025 का विषय है "एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य के लिए योग" ।क्योंकि योग इन सभी पहलुओं को जोड़ता है। योग के आठ अंग– *यम, नियम, आसन, प्राणायाम, प्रत्याहार, धारणा, ध्यान और समाधि–हमें जीवन को संतुलित करने का रास्ता दिखाते हैं। उदाहरण के लिए, नियमित प्राणायाम करने से तनाव कम होता है और एकाग्रता बढ़ती है। एक अध्ययन के अनुसार, योग करने वालों में हृदय रोग, मधुमेह और चिंता जैसी समस्याएं कम होती हैं। **सूर्य नमस्कार* जैसे आसन न केवल शरीर को लचीला बनाते हैं, बल्कि मन को शांत और ऊर्जावान भी रखते हैं।

योग का अभ्यास समाज को जोड़ने का भी काम करता है। यह हमें करुणा, सहानुभूति और एकता का पाठ पढ़ाता है। चाहे बच्चे हों, युवा हों या वृद्ध, हर कोई योग को अपनी दिनचर्या में शामिल कर सकता है। 21 जून 2025 को, आइए हम संकल्प लें कि योग को न केवल एक दिन, बल्कि जीवन का हिस्सा बनाएंगे। यह न सिर्फ हमें स्वस्थ रखेगा, बल्कि समाज और विश्व को शांतिपूर्ण बनाने में भी योगदान देगा।

7389254004
Sanjqy Sondhi37 @gmail.

## सुन्हेड़ा के देवेन्द्र कुमार शर्मा हुए नीरा अमृत सम्मान से सम्मानित

**– समाजहित और देशहित में किये जा रहे उल्लेखनीय कार्यो के लिए किया गया सुन्हेड़ा के देवेन्द्र कुमार शर्मा को नीरा अमृत सम्मान से सम्मानित**

**– देवेन्द्र कुमार शर्मा को पगड़ी पहनाकर, पटका व चादर ओढ़ाकर, प्रतीक चिन्ह व उपहार भेंट कर किया गया नीरा अमृत सम्मान से सम्मानित**

झारखण्ड की हकीकत

**बागपत, उत्तर प्रदेश।** विवेक जैन। सामाजिक क्षेत्र में महत्वपूर्ण भूमिका अदा करने के लिए सुन्हेड़ा गांव के सुप्रसिद्ध समाजसेवी देवेन्द्र कुमार शर्मा को बागपत में नीरा अमृत सम्मान से सम्मानित किया गया। उनको यह सम्मान समाजहित और देशहित में किये जा रहे उल्लेखनीय कार्यो के लिए प्रदान किया गया। नीरा अमृत सम्मान समिति की ओर से प्रमुख सामाजिक कार्यकर्ता व इंटरनेशनल अवार्डी विपुल जैन ने देवेन्द्र कुमार शर्मा को पगड़ी पहनाकर, पटका व चादर ओढ़ाकर, प्रतीक चिन्ह व उपहार भेंट कर सम्मानित किया। विपुल जैन ने बताया कि नीरा



अमृत सम्मान धार्मिक, शैक्षिक, सामाजिक आदि विभिन्न क्षेत्रों में महत्वपूर्ण योगदान करने वाली शख्सियतों को प्रमुख समाजसेवी रामसेवक शर्मा जी व डाक्टर हिमांशु शर्मा टटीरी वालों के माध्यम से प्रदान किया जाता है। डाक्टर हिमांशु शर्मा ने बताया कि देवेन्द्र कुमार शर्मा पेशे से एक प्रॉपर्टी डीलर है और विभिन्न सामाजिक व धार्मिक संस्थाओं में सक्रिय भूमिका अदा करते है। वर्तमान में वह अखिल भारतीय ब्राहमण महासभा बागपत विधान सभा के संयोजक पद पर अपनी सेवायें प्रदान कर रहे है। इनके पिता स्वर्गीय रामधन शर्मा भी समाजसेवा में बढ़-चढ़कर भाग लेते थे, उन्ही के नक्शे कदम पर चलते हुए देवेन्द्र कुमार शर्मा भी समाजसेवा में लगे हुए है।

देवेन्द्र कुमार शर्मा अपनी इस उपलब्धि का श्रेय अपने पिता रामधन शर्मा, माता शकुंतला देवी, पत्नी ब्रिजेश शर्मा, अपने तीनों बच्चों अनुपम शर्मा, अंजली शर्मा, आकांशा शर्मा, पुत्रवधु, जमाईयों, समधियों, सहयोगियों व शुभचिंतकों को देते है। डाक्टर हिमांशु शर्मा ने समाज में छुपी हुई प्रतिभाओं को देश व दुनिया के सामने लाने के लिए विपुल जैन की प्रशंसा की।

## बागपत में 10 दिवसीय ग्रीष्मकालीन जैन संस्कार शिविर का हुआ भव्य समापन

**– जैन स्थानक बागपत नगर में लगे जैन संस्कार शिविर में 45 से 50 बच्चों को जैन धर्म की शिक्षा प्रदान करने के साथ-साथ जैन धर्म की महानता से कराया गया अवगत**

**– शिविर को सफल बनाने के लिए राखी जैन, निशिता जैन, प्रीति जैन व मुस्कान जैन को भाई आशीष जैन द्वारा अपने परिवार की ओर से किया गया सम्मानित**

झारखण्ड की हकीकत

**बागपत, उत्तर प्रदेश।** विवेक जैन। बागपत नगर के जैन मौहल्ले में स्थित स्थानक में पिछले 10 दिनों से चल रहे ग्रीष्मकालीन जैन संस्कार शिविर का भव्य समापन हुआ। आशीष जैन ने बताया कि बागपत क्षेत्र में सुशील जैन गांगडोली वाले, मुकेश जैन, अजय जैन पेट्रोल पंप वाले, प्रह्लाद जैन, एसएस जैन समाज बागपत के नेतृत्व में बहुत ही सुंदर 10 दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में लगभग 45 से 50 बच्चों ने इस शिविर में अपनी उपस्थिति दर्ज की। आशीष जैन ने बताया कि शिविर में बच्चों को जैन धर्म की शिक्षा प्रदान की गयी और जैन धर्म की महानता से अवगत कराया गया। शिविर के पाठ्यक्रम में भाग 1 में उत्तीर्ण परीक्षार्थियों को क्रमबद्ध प्रथम, द्वितीय एवं तृतीया श्रेणी को नवकार मंत्र एवं श्रुत रतन से व




अन्य परीक्षार्थियों को प्रोत्साहन पुरूस्कारों से सम्मानित किया गया। शिविर को सफल बनाने के लिए शिविर संचालिका राखी जैन उनकी टीम की निशिता जैन, प्रीति जैन व मुस्कान जैन को भाई आशीष जैन द्वारा अपने परिवार की ओर से सम्मानित किया गया। इंटरनेशनल अवार्डी, महामहिम राष्ट्रपति एवं उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा सम्मानित वरिष्ठ पत्रकार विपुल जैन व उनके भाई विवेक जैन को जैन धर्म के प्रचार-प्रसार में महत्पूर्ण भूमिका अदा निभाने के लिए लाला कैलाश चंद रतनी देवी जैन परिवार की ओर से सुपोत्र भाई आशीष जैन द्वारा पटका पहनाकर, प्रतीक चिन्ह व उपहार भेंट कर पुरस्कृत व सम्मानित किया गया। समापन दिवस पर जैन समाज के प्रमुख गणमाननीय व्यक्तियों ने अपनी उपस्थिति दर्ज की। विपुल जैन ने बताया कि संघ शास्ता शासन प्रभावक पूज्य गुरुदेव श्री सुदर्शन लाल जी महाराज के सुशिष्य संघसंचालक श्री नरेश चन्द्र जी महाराज साहब के गुरु भ्राता पंडित रतन, बहुश्रुत श्री जय मुनि जी महाराज साहब के सांसारिक गुरु भक्तपरिवार लाला पन्नालाल राधेश्याम जी परिवार की ओर से यह शिविर बहुत ही सुंदर सुचारू रूप से पूर्ण उत्तर भारत में ग्रीष्मकाल में पूर्णता प्राप्त करता है।

परिवार के सुपुत्र भाई रविन्द्र जी रोहिणी के संयोजन से पूरा उत्तर भारत लाभान्वित होता है। इसी श्रृंखला के अंदर पश्चिम उत्तर प्रदेश का एक विशेष दायित्व गुरु भक्त परिवार लाला कैलाश चंद रतनी देवी जैन परिवार के सुपोत्र भाई आशीष जैन जी को दिया जाता है। इस अवसर पर जैन समाज द्वारा आशीष जैन का भव्य अभिनन्दन किया गया और उनको सम्मानित किया गया।

## बागपत में सर्वोच्च न्यायालय के प्रसिद्ध वकील एपी सिंह ने की मुकेश जैन के केस की पैरवी

झारखण्ड की हकीकत

**बागपत, उत्तर प्रदेश।** विवेक जैन। आज जगन्नाथ मिश्र धातु प्राईवेट लिमिटेड़ डूंडाहेड़ा के मालिक मुकेश जैन के केस की पैरवी करने के लिए सर्वोच्च न्यायालय के प्रसिद्ध वकील एपी सिंह जिला अदालत पहुंचे। वार्ता के दौरान एपी सिंह ने बताया कि वह पिछले दिनों डूंडाहेड़ा खेकड़ा में नाले के पास जगन्नाथ मिश्र धातु प्राईवेट लिमिटेड़ में लगी आग के मामले में फैक्ट्री मालिक मुकेश जैन के खिलाफ दर्ज मुकदमें में मुकेश जैन को अग्रिम जमानत दिलाने के लिये यहां आये है। कहा कि उन्होने मजिस्ट्रेट मीनू शर्मा जी के न्यायालय को अवगत कराया है कि जगन्नाथ मिश्र धातु प्राईवेट लिमिटेड़ के मालिक मुकेश जैन आईआईटी रूड़की से शिक्षित एक मेटलर्जीकल इंजीनियर है और मुकेश जैन को धातु को पिघलाने का लगभग 40 साल का अनुभव है। एपी



सिंह ने बताया कि जगन्नाथ मिश्र धातु प्राईवेट लिमिटेड़ फैक्ट्री में एल्यूमिनियम, मैग्नीशियम, तांबा, सीसा, क्रोम, सिलिकन, मैग्नीज आदि की मिश्र धातुऐं बनायी जाती है। यहाँ जो भी धातुऐं और कैमिकल इस्तेमाल किये जाते है वह धातुओं को पिघलाने के लिये सद्भावना पूर्ण औद्योगिक कार्य के लिए इस्तेमाल किये जाते है। फैक्ट्री में विस्फोटक करने या विस्फोटक बनाने के उद्देश्य से कुछ भी पदार्थ नही रखा जाता है। ऐसे में विस्फोटक पदार्थ अधिनियम की धारा 5 क के तहत फैक्ट्री के खिलाफ मुकदमा दायर करना इस कानून का उल्लंघन है। कहा कि इस कानून में विस्फोटक पदार्थ उसे ही माना गया है जो विस्फोट कारित करने के उद्देश्य से इस्तेमाल किया जा रहा हो। इस अवसर पर अनेकों सामाजिक कार्यकताओं ने भी मुकेश जैन के खिलाफ दर्ज मुकदमा तुरन्त वापिस लेने का प्रशासन से अनुरोध किया। इस अवसर पर खेकड़ा निवासी सुप्रसिद्ध सामाजिक कार्यकर्ता प्रमोद गोस्वामी ने कहा कि मुकेश जैन को हम वर्षो से जानते है वह सामाजिक कार्यो में बढ़-चढ़कर भाग लेते है और अखिल भारत हिन्दू महासभा दिल्ली के अग्रणी नेताओं में से है। मुकेश जैन के खिलाफ दर्ज गलत मुकदमा वापस लेने के लिए हिन्दू महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष मुन्ना कुमार शर्मा ने भी मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को पत्र लिखा है। इस अवसर पर उपस्थित सामाजिक कार्यकताओं का कहना है कि जब से नाला रोड़ डुंडाहेड़ा में भगवान जगन्नाथ के नाम की यह कम्पनी खुली है तब से 50 साल से उजाड़ पड़े खेकड़ा के इस क्षेत्र में विकास कार्य शुरू हो गया है।

## झारखंड विधानसभा की सदाचार समिति ने किया रामगढ़ जिले का दौरा

झारखण्ड की हकीकत
**जिला ब्यूरो**

रामगढ़। झारखंड विधानसभा की सदाचार समिति ने शुक्रवार को रामगढ़ जिले का दौरा किया। इस दौरान जिला समाहरणालय सभाकक्ष में झारखंड विधानसभा की सदाचार समिति ने जिला स्तरीय पदाधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। बैठक की अध्यक्षता समिति के सभापति रामचंद्र सिंह ने की। इस अवसर पर समिति के माननीय सदस्य चंद्रदेव महतो उपस्थित थे। बैठक में मुख्य रूप से अनुकंपा के आधार पर नियुक्ति से संबंधित लंबित मामलों की स्थिति, पेंशन से संबंधित प्रकरणों का निष्पादन, जनहितकारी योजनाओं की प्रगति और उनके लाभार्थियों तक पहुंच आदि विषयों पर समीक्षा की गयी। सभापति ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि लंबित मामलों का शीघ्र निष्पादन सुनिश्चित करें तथा सभी विभागों द्वारा अद्यतन प्रतिवेदन शीघ्र उपलब्ध कराया जाए। बैठक के दौरान रामगढ़ जिला में संचालित प्रमुख विभागीय योजनाओं की गहन



समीक्षा की गई। जिसमें पुलिस विभाग, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, खाद्य आपूर्ति विभाग, भवन निर्माण एवं पथ निर्माण विभाग, खनन, शहरी एवं ग्रामीण विकास विभाग, समाज कल्याण, कल्याण, कृषि विभाग, शिक्षा विभाग, निबंधन विभाग, जिला योजना आदि शामिल रहा। प्रत्येक विभाग द्वारा अपने-अपने योजनाओं की प्रगति, समस्याएँ और समाधानात्मक प्रयासों की जानकारी दी गई। सभापति ने कहा कि सदाचार समिति का उद्देश्य जनहित में पारदर्शी, संवेदनशील और समयबद्ध प्रशासनिक कार्यप्रणाली को बढ़ावा देना है।

उन्होंने अधिकारियों से कहा कि जन सामान्य की समस्याओं और कल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन में गंभीरता और संवेदनशीलता बरती जाए। बैठक के दौरान अपर समाहर्ता, प्रभारी पदाधिकारी गोपनीय शाखा, पुलिस उपाधीक्षक मुख्यालय, जिला स्तरीय वरीय अधिकारियों, अधिकारियों सहित अन्य उपस्थित रहे।

RNI TC- JHAHIN01049 मुद्रक एवं प्रकाशक बजरंग पंडित बगानपड़ा, हरिणडंगा बाजार, पाकुड़, झारखंड, पिन कोड 816107 से मुद्रित एवं कार्यालय झारखण्ड की हकीकत बगानपड़ा, हरिणडंगा बाजार, पाकुड़ ,झारखंड ,पिन कोड 816107 से प्रकाशित।
संपादक - सतनाम सिंह, पी आर बी एक्ट के अंतर्गत समाचार के चयन के लिए उत्तराधिकारी। फोन नं - 9113791752, 9430743577, E-mail - jharkhandkihakikat@gmail.com

# 8 ग्राम ब्राउन शुगर के साथ तीन अभियुक्त गिरफ्तार, भेजा गया जेल

झारखण्ड की हकीकत

**गोड्डा :** पुलिस अधीक्षक के निदेर्शानुसार अवैध मादक द्रव्य पदार्थ के विरुद्ध लागातार की जा रही छापामारी के क्रम में गुप्त सूचना मिली कि नहर चौक स्थित गायत्री मंदिर के पीछे तीन लड़को के द्वारा ब्राउन सुगर का सेवन एवं अवैध रूप से खरीद बिक्री किया जा रहा है। वहीं सूचना के आलोक में छापामारी टीम का गठन करते हुए नहर चौक स्थित गायत्री मंदिर के पीछे छापामारी किया गया। छापामारी के क्रम में अभियुक्तों के पास से कुल 08 ग्राम ब्राउन शुगर एवं तीन मोबाइल बरामद कर मामला दर्ज किया गया। कांड में तीन अभियुक्त को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा गया। डीएसपी जेपीएन चौधरी ने नगर थाना में प्रेस वार्ता कर मामले की जानकारी दी। बताया गया कि गिरफ्तार अभियुक्त की पहचान राकेश कुमार, उम्र 27 वर्ष, पिता अनिल यादव, वर्तमान पता ग्राम गोढी, थाना गोड्डा नगर, जिला गोड्डा, सोनु कुमार,



उम्र 23 वर्ष, पिता शालीग्राम यादव, सा० गोढ़ी, थाना गोड्डा, नगर जिला गोड्डा, ओम कुमार, उम्र 21 वर्ष, पिता दामोदर कुमार झा, ग्राम अमलो, फसिया, थाना मोतिया ओपी, जिला गोड्डा के तौर पर की गई। वहीं जप्त समान में ब्राउन सुगर की कुल 12 पुडिया एवं एक पारदर्शी प्लास्टि में बंद मटमैला रंग का ब्राउन सुगर नमीयुक्त चिपचिपा कुल वजन 8 ग्राम, अलग- अलग कम्पनी का तीन मोबाइल बरामद किया गया। डीएसपी जयप्रकाश नारायण चौधरी ने बताया कि गिरफ्तार अभियुक्त राकेश कुमार के विरुद्ध अपराधिक इतिहास में गोड्डा नगर थाना में पूर्व में मामला दर्ज है। इस मामले में अन्य की संलिप्ता आदि की गहनता से जांच पड़ताल की जा रही है। वहीं छापामारी दल में अंचल अधिकारी गोड्डा सदर, ऋषि राज, पुनि सह थाना प्रभारी नगर थाना गोड्डा, दिनेश कुमार महली, पुअनि रोहित कुमार यादव, नगर थाना गोड्डा, पुअनि भोलानाथ दास नगर थाना गोड्डा, पुअनि रामदेव वर्मा नगर थाना गोड्डा, पुअनि अशोक कुमार दुबे नगर थाना गोड्डा, सअनि गौरव कुमार नगर थाना गोड्डा, नगर थाना रिजर्व गार्ड मौजूद थे।

# बालिका शिक्षा की बेहतर व्यवस्था से बाल विवाह का खात्मा : पीडीजे

## व्यवहार न्यायालय परिसर में जिला स्तरीय उन्मूखीकरण कार्यशाला आयोजित

झारखण्ड की हकीकत

**गोड्डा :** राष्ट्रीय व झारखंड विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से व्यवहार न्यायालय के लाइब्रेरी सभागार में शुक्रवार को नालसा (आशा- जागरुकता, समर्थन, सहायता और कार्रवाई) मानक संचालन प्रक्रिया- बाल विवाह से मुक्ति की ओर अग्रसर 2025 के तहत स्टेकहोल्डरर्स, पैनल अधिवक्ता व अधिकार मित्रों का जिला स्तरीय उन्मूखीकरण कार्यशाला का आयोजन किया गया। उक्त कार्यशाला का उद्घाटन जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव सह प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश रमेश कुमार, उपाध्यक्ष सह उपायुक्त अंजली यादव, परिवार न्यायालय के प्रधान जज अनिल कुमार पांडेय, डीएसपी जेपीएन चौधरी, सीजेएम शशिभूषण शर्मा, डालसा सचिव दीपक कुमार, रजिस्टार लीलेश सिंह मुंडा ने दीप प्रज्वलित कर किया। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष पीडीजे रमेश कुमार ने कहा कि बाल विवाह को रोकने के लिए उच्च न्यायालय द्वारा आशा टीम का गठन किया गया है। बाल विवाह की रोकथाम के लिए महिला शिक्षा को बढ़ावा देने की जरुरत है। अगर स्थानीय स्तर पर बेहतर शिक्षा की व्यवस्था सुनिश्चित हो जाय तो बाल विवाह को रोकने में सफल साबित हो सकते हैं। कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय में अभी भी अल्पसंख्यक छात्राओं का सीट खाली रह जाती हैं । इसके लिए जन जागरुकता पैदा करने की जरुरत है। पीएलवी को बढ़चढ़कर अभिवंचित बच्चियों को स्कूल से जोड़ने के लिए अहम भूमिका अदा करने का आह्वान किया। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के उपाध्यक्ष सह उपायुक्त अंजली यादव ने कहा कि जिले की बाल विवाह का आंकड़ा 63 प्रतिशत है। एक धारणा के तहत 14 से 17 आयु



वर्ग की बच्चियों की शादी कर दी जाती है। झारखंड स्तर पर यह सबसे खराब आंकड़ा है। ऐसा देखा जाता है कि जनजातीय क्षेत्र व सुदूर ग्रामीण क्षेत्रों में आठवीं के बाद बहुत अधिक बच्चियों का ड्राप आउट हो रहा है। कस्तूरबा आवासीय विद्यालय में नामांकन को लेकर जनजातीय बच्चियों में जागरुकता आई है। इसमें भी सीट सीमित हैं। अगर कस्तूबा में नामांकन नहीं हो तो अन्य स्कूलों में दाखिला लेकर पढ़ाई जारी रखे, इसके लिए जागरुकता की जरुरत है। कहा कि अभी बाल विवाह पर बाल संरक्षण इकाई द्वारा रिपोर्टंग नहीं हो रही है। बाल विवाह की रोकथाम के लिए स्वयंसेवी संस्था के साथ मिलकर भी हमें कार्य करने की जरुरत है। परिवार न्यायालय के प्रधान जज अनिल कुमार पांडेय ने कहा कि बाल विवाह एक कठिन सामाजिक समस्या है। बाल विवाह का सीधा प्रभाव हमारी सामाजिक आर्थिक पृष्टभूमि से है। पहले 11 वर्ष में ही शादी कर दी जाती थी उसके बाद 15 वर्ष हो गया और अब समानता का अधिकार को देखते हुए लड़का- लड़की दोनों के शादी की उम्र 21 वर्ष की गई है। जैसे- जैसे शिक्षा का स्तर बढ़ता गया उसी के अनुसार शादी की उम्र बढ़ती गयी। अगर कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय खोलकर बच्चियों को शिक्षा दी जाय तो बाल विवाह का सफाया हो सकता है। इसके अलावा इस दिशा में विस्तृत परिचर्चा आयोजित की गई। इसमें डालसा सचिव, बाल संरक्षण पदाधिकारी व एलएडीसी ने बाल विवाह पर विस्तृत प्रकाश डाले। कार्यशाला में सभी बीडीओ, एलएडीसी, विधि सह परवीक्षा पदाधिकारी राजेश कुमार, पैनल अधिवक्ता व दर्जनों अधिकार मित्र उपस्थित थे।

# पथरगामा सीओ ने फर्जी पत्रकार के खिलाफ कराया मामला दर्ज

## – मामला अवैध वसूली, रंगदारी और सरकारी कार्य में बाधा डालने का।

झारखण्ड की हकीकत

**पथरगामा :** प्रखंड के अंचल अधिकारी कोकिला कुमारी ने पथरगामा थाना में एक प्राथमिकी दर्ज कराते हुए पथरगामा निवासी शशि कुमार भगत, पिता रघुनाथ भगत, साकीन बाबूपुर, सोनारचक, पथरगामा निवासी के विरुद्ध मामला दर्ज किया गया है। उक्त मामले में अंचलाधिकारी के द्वारा बताया गया कि शशि भगत द्वारा उनके सरकारी कक्ष और कार्यालय में आकर लगातार चंदा के नाम पर रकम वसूली तथा उन पर दबाव बनाकर हर माह एक निश्चित रकम वसूलने का प्रयास किया जा रहा था जो वस्तुतः रंगदारी की श्रेणी में आता है। वहीं रकम न देने पर उन्हें धमकी देना और उन्हें बदनाम करना की धमकी देने का आरोप लगाया गया है। वहीं अंचलाधिकारी पथरगामा के द्वारा बताया गया कि शशी



भगत, जो कि खुद को कथित पत्रकार एवं कृषक मित्र महासंघ झारखंड का स्वयंभू प्रदेश अध्यक्ष बताता है और वह सरकारी कार्यालय में जाकर के रंगदारी की मांग करता है और सरकारी कार्यों में बाधा पहुंचाने का कार्य करता है। इस मामले को लेकर उनके ऊपर पूर्व में भी कई प्राथमिकी दर्ज कराई गई है लेकिन पुलिस प्रशासन के द्वारा ठोस कदम उनके खिलाफ न उठाए जाने के कारण शशि भगत का मन इस कदर बढ़ गया कि उन्होंने अब अंचलाधिकारी कोकिला कुमारी को धमकाने का कार्य किया है। इस मामले को लेकर के अंचल अधिकारी पथरगामा ने थाना प्रभारी पथरगामा मनोहर कुमार को एक आवेदन दिया है जिसमें उन्होंने अपनी सुरक्षा और कथित शशी भगत के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की मांग की है मामले की गंभीरता को देखते हुए थाना पथरगामा के थाना प्रभारी मनोहर कुमार ने केस संख्या 104/25 दर्ज. कर लिया गया है और उनके ऊपर धारा 132 और 308 (3) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है। आरोपी की अभी तक गिरफ्तारी नहीं की जा सकी है ऐसी सूचना प्राप्त हुई है।

शशी भगत के ऊपर और भी कई ऐसे मामले हैं जिन पर नजर दौड़ाया देखा जाए तो वह एक आपराधिक प्रवृत्ति का व्यक्ति नजर आता है। हालांकि पत्रकारिता का धौंस दिखाकर यह व्यक्ति लगभग सभी जगह सरकारी कार्यालय में पैसा उगाई का काम करता है ऐसा पूर्व में भी सूचना प्राप्त हुई है।

# डीएमएफटी से संबंधित कार्यों की हुई समीक्षा बैठक

झारखण्ड की हकीकत

**गोड्डा :** उपायुक्त अंजली यादव की अध्यक्षता में डीएमएफटी से संबंधित कार्यों की समीक्षात्मक बैठक आहूत की गई। बैठक में उपायुक्त को डीएमएफटी के माध्यम से संचालित विकास योजनाओं के भौतिक एवं वित्तीय स्थिति की जानकारी से अवगत कराया गया। समीक्षा बैठक के दौरान उपायुक्त ने कार्य की प्रगति के बारे में विस्तृत जानकारी लेते हुए निर्देशित किया कि प्राक्कलन के अनुरूप गुणवत्तायुक्त कार्य कराना सुनिश्चित करें। उपायुक्त ने डीएमएफटी की राशि से किये जा रहे पीसीसी पथ निर्माण, पुल-पुलिया निर्माण, स्वास्थ्य उप केंद्र



निर्माण, आंगनबाड़ी केंद्र, स्कूलों की चारदीवारी, तालाब एवं जलाशय जीर्णोद्धार इत्यादि कार्य की समीक्षा कर निर्माण कार्य को अविलम्ब पूर्ण करने का निर्देश दिया। इसके आलावा उपायुक्त ने प्राथमिकता के आधार पर सभी संचालित योजनाओं को तय समयावधि के अंदर पूर्ण करने का निर्देश दिया। साथ हीं वैसी योजनाएं जो पूर्ण कर ली गई है, उन्हें जांचोपरांत भुगतान करने का निर्देश दिया गया। बैठक में उपायुक्त ने डीएमएफटी से हो रहे विकास कार्यों की विस्तृत जानकारी ली एवं अविलंब कार्यकारी एजेंसी को संचालित लंबित योजनाओं को पूर्ण करने का निर्देश दिया गया।

मौके पर जिला योजना पदाधिकारी फैजान सरवर, संबंधित विभागों के कार्यपालक अभियंता, कनीय अभियंता, डीएमएफटी के टीम लीड अनिक कुमार सिंह, डीएमएफटी के प्रोजेक्ट ऑफिसर प्रणव कुमार, डीएमएफटी के सिविल इंजीनियर अब्दुल्लाह सहित डीएम एफटी विभाग के कर्मीगण मौजूद थे।

# पुलिया के नीचे मिला अज्ञात युवक का शव, मृतक की नहीं हो पाई पहचान



झारखण्ड की हकीकत

**महागामा :** थाना क्षेत्र में एक संदिग्ध मामला प्रकाश में आया है। उक्त मामला प्रखंड अंतर्गत कर्कटडीह गांव का है जहां उक्त गांव के एक पुलिया के नीचे से एक अज्ञात युवक का शव पाया गया है। वहीं शुक्रवार की शाम स्थानीय लोगों ने पुलिया के नीचे कीचड़ में शव को देखा। जिसके बाद आसपास के लोगों की भीड़ जमा हो गई। वहीं ग्रामीणों ने तुरंत महागामा थाना कि पुलिस को इसकी सूचना दी। सूचना मिलते ही महागामा के अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी चंद्रशेखर आजाद, महागामा थाना प्रभारी शिवदयाल सिंह, पुलिस बल के साथ घटना स्थल पर पहुंचे। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर सदर अस्पताल भेज दिया। वहीं अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी चंद्रशेखर आजाद ने बताया कि प्रथम दृष्टया मामला हत्या का प्रतीत हो रहा है। अभी तक मृतक की पहचान नहीं हो पाई है। पुलिस आसपास के क्षेत्रों में शव की शिनाख्त के लिए प्रयास कर रही है। मामले की जांच शुरू कर दी गई है।

# डीसी ने जिला योजना कार्यालय से संबंधित



# की बैठक, दिए आवश्यक दिशा निर्देश

झारखण्ड की हकीकत

**गोड्डा :** समाहरणालय स्थित सभागार में उपायुक्त अंजली यादव की अध्यक्षता में जिला योजना कार्यालय की बैठक आहूत की गई। बैठक में विभिन्न विभागों से प्राप्त अनावद्ध निधि से कार्यान्वयन हेतु प्राप्त सभी योजनाओं को उपायुक्त के समक्ष रखा गया। जिसमें चापाकल अधिष्ठापन कार्य, पीसीसी पथ निर्माण, सोलर आधारित स्ट्रीट लाईट का अधिष्ठापन कार्य, पुल, पुलिया, बाउण्ड्रीवाल, शौचालय, सामुदायिक भवन का निर्माण व अन्य योजनाओं जो माननीय एवं अन्य पदाधिकारियों से प्राप्त हुआ है के संबंध में पारित करने हेतु विचार- विमर्श की गई। उपायुक्त ने निर्देश दिया कि किसी भी प्रकार की गड़बड़ियां बर्दाश्त नहीं की जाएगी साथ ही वित्तीय वर्ष 2024-25 की योजनाएं जो पूर्ण अभी तक नही

# आजसू पार्टी का 39वां स्थापना दिवस 22 को रांची में - संजीव

झारखण्ड की हकीकत

**गोड्डा :** आजसू पार्टी के केंद्रीय सचिव संजीव कुमार महतो ने बताया कि 22 जून 1986 को गठित आजसू पार्टी का 39 वां वर्ष पर पार्टी इसे बलिदान दिवस के रूप में मनाने का निर्णय लिया है। इस बार पार्टी स्थापना दिवस अलग अलग जगहों पर न कर एकीकृत रूप से झारखंड की राजधानी रांची के खेलगांव स्थित हरिवंश टाना भगत इंडोर स्टेडियम में 22 जून मनाये जाने का निर्णय पार्टी ने लिया है। उक्त कार्यक्रम में मुख्य अतिथि व बतौर मुख्य वक्ता पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष पूर्व उपमुख्यमंत्री सुदेश कुमार महतो उपस्थित रहेंगे। उनके अलावे पार्टी के केंद्रीय महासचिव पूर्व मंत्री रामचंद्र सहीस, केंद्रीय



उपाध्यक्ष और गिरीडीह सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी एवं पार्टी के केंद्रीय महासचिव मांडु विधायक निर्मल महतो उर्फ तिवारी महतो के साथ साथ केंद्रीय नेता पूर्व विधायक लंबोदर महतो, देवशरण भगत, प्रवीण प्रभाकर, मो० हसन अंसारी, डोमन सिंह मुंडा एवं सभी केंद्रीय समिति के पदाधिकारी व सदस्य बतौर विशिष्ट अतिथि उपस्थित रहेंगे। स्थापना दिवस समारोह में पार्टी के सभी प्रखंड, जिला व सहयोगी मंच के नेता सादर आमंत्रित हैं। श्री महतो ने बताया कि झारखंड राज्य झारखंड के सैकड़ों युवाओं के बलिदान के बाद बन पाया है। झारखंड राज्य आंदोलन से जुड़ा होने का दावा कर सरकार बनाने वाले ढोंगी लोगों के द्वारा राज्य को दिशाहीन बना दिया गया है।

जो झामुमो और उसके नेता आंदोलन के समय झारखंडियों को शराब और झारखंड विरोधी बुरे कार्य से दूर रहने का उपदेश देते थे। वे राज्य में शराब, जमीन व खनिज की सौदाबाजी करने में लग गये हैं। राज्य में अमन चैन काम करने वाले पुलिस शासन प्रसाशन को कानून व्यवस्था से दूर हटाकर शराब, खान, खनिज जमीन की दलाली में लगा दिया गया है। झारखंड की जनता बेहाल है।

# पीसीपीएनडीटी एक्ट के तहत गठित जिलास्तरीय सलाहकार समिति की हुई बैठक



झारखण्ड की हकीकत

**गोड्डा :** पीसीपीएनडीटी एक्ट के तहत गठित जिला स्तरीय सलाहकार समिति की बैठक आहूत की गई। उक्त बैठक उपायुक्त अंजली यादव की अध्यक्षता में की गई। बैठक में जिले में संचालित सभी अल्ट्रासाउंड क्लिनिकों का शेड्यूल बनाकर नियमित रूप से जांच कराने, सभी निबंधित अल्ट्रासाउंड क्लिनिकों में विगत दिनों में बच्चे के जन्म के पूर्व गर्भावस्था जांच से संबंधित विस्तृत प्रतिवेदन उपलब्ध कराने, अल्ट्रासाउंड जांच केंद्रों के माध्यम से जन्म के पूर्व जांच संबंधी गतिविधियों की जानकारी प्राप्त करने हेतु सूचना तंत्र मजबूत करने और उनका औचक निरीक्षण करने के निदेश दिए गए। जिला स्तर पर प्रशासनिक पदाधिकारी एवं स्वास्थ्य विभाग कर्मियों के द्वारा संयुक्त रैली तथा प्रखंड स्तर पर व्यापक रैली निकाले जाने, लिंग परीक्षण और कन्या भ्रूण हत्या संबंधी कुप्रवृति के रोकथाम एवं उक्त एक्ट के दंडात्मक कार्रवाई के प्रावधानों के व्यापक प्रचार प्रसार कराने हेतु निदेशित किया गया। मौके पर सिविल सर्जन डॉ० अनंत कुमार झा सहित स्वास्थ्य विभाग के पदाधिकारीगण मौजूद थे।

# घर से अंग्रेजी शराब की बिक्री करने मामले में एक महिला गिरफ्तार, भारी मात्रा में शराब बरामद

## – मामले में संलिप्त पुरुष मौके से फरार, गिरफ्तारी हेतु की जा रही छापेमारी।

झारखण्ड की हकीकत

**गोड्डा :** पुलिस अधीक्षक मुकेश कुमार के निर्देश पर अपराधियों के धर-पकड़ एवं अवैध शराब के परिवहन एवं रोकथाम हेतु आदेश प्राप्त हुआ था। इसी क्रम में बलबड्डा थाना को गुप्त सूचना मिली कि थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम बलबड्डा में अनुज्ञप्ति अंग्रेजी शराब दुकान के बगल में रहने वाले लोगों द्वारा अवैध रूप से अंग्रेजी शराब का भंडारण कर बड़े पैमाने पर बिक्री किया जाता है। इसकी सूचना वरीय पदाधिकारी को देते हुए सत्यापन एवं आवश्यक कार्रवाई करते हुए उक्त व्यक्ति के घर पर जाकर विधिवत छापामारी की गई जहां तलाशी के क्रम भारी मात्रा में अंग्रेजी शराब बरामद किया गया। सामानों के संबंध में कोई वैद्य दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किया गया जिससे विधिवत जप्ती सूची बनाकर जप्त किया गया। इस संदर्भ में सुसंगत धाराओं के तहत छंगुरी राम, उम्र 35 वर्ष, पिता स्व० बाकेबिहारी राम एवं सोनी देवी, उम्र करीब 30 वर्ष, पति छंगुरी राम दोनों सा० बलबड्डा,



थाना बलबड्डा, जिला गोड्डा के विरुद्ध कांड दर्ज किया गया है। वहीं कांड अनुसंधान के क्रम में प्राथमिकी अभियुक्त सोनी देवी को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया। फिरार अभियुक्त छंगुरी राम की गिरफ्तारी हेतु छापेमारी की जा रही है। वहीं छापेमारी में अभियुक्त के घर से किंगफिशर बियर बोतल 650 मिली 8 पेटी जिसमें प्रत्येक पेटी में 12 पीस कुल 96 बोतल, गोडफादर केन बियर 500 मिली 96 केन, बैड मंकी बियर 650 मिली 16 बोतल, हंटर बियर केन 500 मिली 12 केन बरामद कर जप्त किया गया। उक्त छापामारी दल में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी महागामा, चंद्रशेखर आजाद, पुअनि सह थाना प्रभारी अमित कुमार मारकी बलबड्डा थाना, पुअनि शिव कुमार बलबड्डा थाना, मपुअनि रोमा कुमारी एवं थाना के सशस्त्र बल शामिल थे।

# गोड्डा सांसद निशिकांत दुबे पहुंचे मोकल चक, मृतक के परिजनों को दी एक लाख की सहायता

झारखण्ड की हकीकत

**बसंतराय :** प्रखंड क्षेत्र के मोकल चक निवासी युवक ऋषि कुमार की मौत मामले में गुरुवार को गोड्डा सांसद डॉ. निशिकांत दुबे मृतक के गांव पहुंचे। उन्होंने मृतक के परिजनों से मुलाकात कर ढांढस बंधाया साथ ही आर्थिक सहायता हेतु एक लाख रुपये की राशि प्रदान की। सांसद श्री दुबे ने मीडिया से बातचीत के दौरान कहा कि दोषियों को कड़ी से कड़ी सजा दिलाई जाएगी, जरूरत पड़ी तो फांसी तक की सिफारिश करेंगे। उन्होंने मामले को लेकर गोड्डा पुलिस अधीक्षक मुकेश कुमार और गोड्डा अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी अशोक प्रियदर्शी से भी बात की है। वहीं उन्होंने पुलिस पर एकतरफा कार्रवाई का आरोप लगाते हुए कहा कि पूरे मामले की निष्पक्ष जांच होनी चाहिए। इस दौरान मोकल चक धाम के बाबा बिहारी सिंह ने सांसद से बताया कि गांव में डर का माहौल है, आम लोग भयभीत हैं। ग्रामीणों ने भी निष्पक्ष जांच और दोषियों को सख्त सजा की मांग की। गौरतलब है कि कुछ दिन पूर्व 19 वर्षीय ऋषि कुमार का शव गांव के समीप बबूल के पेड़ से लटका मिला था। मृतक परिजनों ने हत्या का आरोप लगाते हुए थाने में मामला दर्ज कराया था, जिसके बाद पुलिस ने चार लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। बताते चलें कि ऋषि हत्याकांड में चार आरोपित के गिरफ्तारी की जानकारी मिली थी। इस हत्याकांड में पुलिस ने अभी तक चार आरोपितों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपितों में सूफियान, इफ्तिखार, मोइन और एक लड़की शामिल हैं। इस हत्याकांड में मृतक के पिता मनोज सिंह ने बसंतराय थाना में आवेदन देकर सांचपुर साखी पंचायत के



मुखिया मो० शहबाज आलम, मो० आलिम, मोइन, आशीष, मो० छोटू, मो० जावेद, मो० सिद्दीक, मो० टाक्सिन, सूफियान, इफ्तिखार सहित दस लोगों के खिलाफ नामजद प्राथमिकी दर्ज कराई है। आरोप है कि इन सभी ने एक साजिश के तहत ऋषि को रात्रि में बुलाकर गला दबाकर हत्या कर दी और लाश को आत्महत्या का रूप देने के लिए सुंदर नदी स्थित बबूल के पेड़ में गमछी से लटका दिया था। स्वजनों का आरोप है कि ऋषि हत्याकांड में पुलिस राजनीतिक दबाव में हत्यारोपितों को गिरफ्तार नहीं कर रही है। केस को कमजोर करने के लिए अलग अलग बयान दिए जाते हैं। घटना को लेकर पूर्व विधायक अमित मंडल ने मृतक के स्वजनों से मिलकर न्याय का भरोसा है।

# मूसलाधार बारिश में गिरी संगीता देवी की कच्चे मकान

## डीसी के निर्देश पर इचाक बीडीओ ने लिया जायजा, जल्द आवास का आश्वासन

झारखण्ड की हकीकत
**हजारीबाग सुनील शर्मा**

**हजारीबाग-** इचाक प्रखंड अंतर्गत देवकुली पंचायत के बक्सीडीह गांव की मसोमात संगीता देवी, पति स्व. छोटन ठाकुर, की कच्चे मकान बीते दिनों हुई मूसलाधार बारिश में धराशायी हो गई। उनका कच्चा मकान पूरी तरह से टूट गया, जिससे वे पूरी तरह बेघर हो गईं। यह घटना जब स्थानीय समाचार पत्रों में प्रकाशित हुई, तो हजारीबाग उपायुक्त (ऊ) ने त्वरित संज्ञान लिया और प्रखंड विकास पदाधिकारी (इ.ऊड) संतोष कुमार को स्थल निरीक्षण का आदेश दिया। बीडीओ स्वयं मौके पर पहुंचे और संगीता देवी की स्थिति का जायजा लिया।तत्काल राहत की कोशिश, आवास योजना पर अब भी संशय स्थानीय मुखिया मंजू देवी से बातचीत के दौरान बीडीओ ने बताया कि संगीता देवी को तत्काल वैकल्पिक आश्रय की व्यवस्था की जाएगी। साथ ही, यदि वह प्रधानमंत्री आवास योजना की पात्रता में आती हैं, तो जल्द आवास भी प्रदान किया जाएगा। मुखिया प्रतिनिधि महेंद्र कुमार दास ने जानकारी दी कि ग्रामसभा में



संगीता देवी का नाम आवास सूची में शामिल किया गया था। लेकिन प्रखंड कार्यालय के स्तर पर लापरवाही और टालमटोल के कारण अब तक उन्हें योजना का लाभ नहीं मिल पाया। यह अकेली घटना नहीं है झ पंचायत में कई जरूरतमंद महिला और परिवार हैं, जो सूची में नाम होने के बावजूद आवास योजना से वंचित हैं। बरसात की शुरूआत में ही संकट गहरा, आगे की स्थिति चिंताजनक देवकुली पंचायत की मुखिया मंजू देवी ने प्रशासन से गुहार लगाई है: "यह सिर्फ एक दिन की बारिश का असर है, जबकि अभी पूरा मानसून बाकी है।

जो लोग पूरी तरह बेसहारा हैं और जिनके पास सिर छुपाने की जगह नहीं, उनके लिए तुरंत आवास की व्यवस्था की जाए।" मुखिया ने यह भी कहा कि इचाक प्रखंड के सबसे निचले और संवेदनशील इलाकों में से एक देवकुली में आपदा की स्थिति में त्वरित राहत और स्थायी समाधान बेहद जरूरी है।

# हरली समाज ने लिया कंपनी को जमीन नहीं देने का निर्णय,किया गया कमिटी का गठन

## अध्यक्ष त्रिवेणी, सचिव किशोर व कोषाध्यक्ष बनाये गए धनेश्वर

झारखण्ड की हकीकत

**बड़कागांव (हजारीबाग)-** हरली पूजा समिति के नेतृत्व में संपूर्ण ग्रामीणों की बैठक महेंद्र महतो की अध्यक्षता में की गई। बैठक में संपूर्ण ग्रामीण से बारी - बारी करके विचार लिए गए जिसमें सभी ने एक स्वर में कंपनी को जमीन नहीं देने का निर्णय पारित किया। जिसको लेकर कमेटी का गठन किया गया जिसमें सर्व समिति से अध्यक्ष त्रिवेणी में सचिन किशन राणा को साथ अध्यक्ष धनेश्वर उपाध्यक्ष संतोष कुमार राणा उपसचिव विक्की कुमार साहू को बनाया गया वही 11 सदस्य संयोजक मंडल का गठन किया गया। मौके पर मुख्य रूप से विधानसभा सांसद प्रतिनिधि उमेश दांगी ,केंद्रीय कुशवाहा



समाज कर्णपुरा क्षेत्र बड़कागांव कोषाध्यक्ष सबुर महतो, मुखिया कविता देवी, पंचायत समिति सदस्य कोशीला देवी, पूजा समिति सचिव उमेश कुमार, कोषाध्यक्ष केशवनाथ महतो, पूर्व मुखिया बिगेश्वर महतो, पूर्व पंचायत समिति सदस्य उपेंद्र कुमार, भागिनाथ महतो, शिवदयाल महतो, राम सुंदर महतो ,भुनेश्वर साव, कुलेश्वर महतो, पप्पू कुमार, नरेश कुमार, प्रेम भारती, नागेश्वर महतो, सेवंती कुमारी, प्रोफेसर अवधेश महतो, प्रसाद महतो, कार्तिक महतो, बाबूलाल महतो, दामोदर कुमार समेत सैकड़ो लोग मौजूद थे।

# एक दिन सांस लेने व छोड़ने से नही बनेगा स्वस्थ समाज

## नियमित योग करने की है जरूरत करें , योग से अनगिनत लाभ

**आचार्य विजय दास**
झारखण्ड की हकीकत

**चुरचू।** वैसे तो भारत देश ऋषि, मुनियों का देश रहा है। भारत जैसे देश में योग की महत्व आज से नही बल्कि वर्षों पुराना से लोगों के जीवन में प्रचलित है। वैसे तो 21 जून को पूरा देश योग दिवस मनायेगा , लेकिन सिर्फ एक दिन सांस लेने व एक दिन सांस छोड़ने से स्वस्थ समाज की उम्मीद करना बेईमानी होगी। योग हम सभी को नित्यदिन करने की जरूरत है, ताकि हमारा घर , हमारा समाज व हमारा देश स्वस्थ बन सके। योग दिवस के दिन खासकर लोगों को योग के फायदे के बारे में बतलाने का काम किया जाता है। आम लोगों के स्वास्थ्य से संबंधित जुडी विद्या अब सरकारी कार्यालय तक पहुंचाया जा रहा है। लेकिन सिर्फ एक दिन सांस लेने व छोड़ने से समाज व देश परिपक्व समाज का निर्माण नही हो सकता है। उसके लिए हम सभी को नियमित योग करने की जरूरत है। फिलहाल एक दिन (21 जून) पूरे भारत देश योग दिवस मनाया जाता है । जिससे देश व समाज फिट नही रह सकता हैं। इसके लिए नियमित योग करने की जरूरत है।

भारत देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को मन की बात कार्यक्रम में योग दिवस 2025 की थीम की घोषणा की। मोदी ने योग दिवस की थीम " योगा फॉर बन अर्थ , वन हेल्थ" रखी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जिस तरह से भारत में उपजी योग विद्या को लोगों के अपने जीवन में फिर ढालने का काम करवाया है। उससे देश ही नही समाज सशक्त बनकर उभर सकता है। आधुनिक समय में अपनी दौड़ती भागती जिंदगी से हटा लिया है। जिंदगी बीमार बनकर जब बोझ बनने लगी तो



फिर से उसे जीवन का एक अंग बनाने का कोशिश की जा रही है। विश्व भर में योग को फिर से पुनजीर्वित करने का श्रेय निः संदेह भारत के योग गुरुओ को जाता है। जिसके प्रयास से लोग आज अनुलोम विलोम, कपालभाति व प्राणायाम , आसान , अभ्यास आदि अपना कर अपने जीवन को खुशहाल कर रहे है। फिलहाल एक काफी विचारणीय करने की जरूरत है हम सभी को की सिर्फ एक दिन हाथ हिलाने से कोई व्यक्ति स्वस्थ नही बन सकता है। इसे निरंतर करने की जरूरत है। आम लोगों तक योग सूत्र के महत्व को बताने की आवश्यक्ता है ताकि इस विश्वव्यापी इस अभियान को शत प्रतिशत सफल बनाया जा सके। फिलहाल हम सभी को एक लक्ष्य व एक लय के साथ नियमित योग करने की जरूरत है। जिससे एक सशक्त समाज का निर्माण करवाया जा सके। साल का सबसे लंबा दिन आजः योग दिवस मनाने के लिए इक्कीस जून की तारीख को ही क्यों चुना गया है । यह सवाल तमाम लोगों के मन में होगा । योग दिवस की तारीख को तय करने के पीछे खास वजह है । इक्कीस जून को साल का सबसे लंबा दिन माना जाता है । इसे ग्रीष्म संक्रांति भी कहते है । इसके बाद सूर्य धीरे धीरे दक्षिणायन होने लगता है ।इस दिन योग और अध्यात्म बेहद खास माना जाता है । यही वजह है कि इक्कीस जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के रूप में मनाया जाता है ।

योग का महत्वः योग के जरिए शारीरिक और मानसिक दोनों में सुधार होता है । शरीर स्वस्थ्य रहता हैं, और रोगों की चपेट में आने से बचा जा सकता है । वही अगर कोई रोग से ग्रस्त है येसे में रोजाना योग करने से रोगों से छुटकारा मिल सकता है ।

# झारखण्ड में पहली बार मनाई जाएगी जिला अध्यक्ष सूरज कुशवाह ने नेतृत्व में लव कुश जयंती

झारखण्ड की हकीकत
**युवा पत्रकार आलोक राज दिखाएगा झारखण्ड की हकीकत**

**दारु।**-झारखण्ड में पहली बार हजारीबाग जिला अध्यक्ष सूरज कुशवाहा के नेतृत्व में गाँधी मैदान मटवारी में लव कुश जयंती मानने को लेकर आज दिनांक 20/06/2025 दिन शुक्रवार को दारु प्रखंड में लव कुश जयंती को लेकर नागेश्वर महतो की अध्यक्षता में बैठक सम्पन्न की गयी। इस बैठक का मुख्य उद्देश्य आने वाले 10-08-2025 को लव कुश जयंती मानने का निर्णय लिया गया है क्यूंकि पूरे झारखंड में आज तक लव कुश जयंती मनाई नही गयी है उसी को लेकर हजारीबाग जिला अध्यक्ष सूरज कुशवाहा ने कहा की हम अब पहली बार पूरे झारखंड में पहली बार लव कुश




जयंती मनाएंगे। हजारीबाग मटवारी गाँधी मैदान में 10 अगस्त को पूरे धूम धाम से हर्षोल्लाश के साथ जयंती को मनाएंगे।

हमारा कुशवाहा युवा विकास मंच हजारीबाग के और से जिला अध्यक्ष सूरज की नेतृत्व में यह जयंती को मनाएंगे जिसमें अध्यक्ष सूरज कुशवाह, सचिव नारायण कुशवाहा, कोषाध्यक्ष विकास कुशवाहा को बनाया गया है। आज का दारु प्रखंड की बैठक में उपस्तिथ रहे जवाहर बाल मंच जिला अध्यक्ष रिंकू कुमार, तितली यूनिट जिला अध्यक्ष आलोक राज, साथ ही राहुल कुमार, राजेश प्रसाद,देव प्रकास, राकेश कुमार, मोहन प्रसाद कुशवाहा, देवदत्त प्रसाद, किशुन प्रसाद, मुरारी प्रसाद,नागेश्वर महतो, प्रमोद कुमार, एवं अनेकों लोग बैठक में उपस्थित रहे थे।

# करें योग, रहें निरोग

***आदर्श इंटर कॉलेज, इचाक, हजारीबाग***
***योग से होने वाले लाभ को जानिएः***

झारखण्ड की हकीकत
हजारीबाग सुनील शर्मा

हजारीबाग -इचाक योग केवल एक शारीरिक व्यायाम नहीं, बल्कि एक जीवनशैली है। इसका नियमित अभ्यास हमें शारीरिक, मानसिक और आत्मिक रूप से सशक्त बनाता है। योग के प्रमुख लाभः शरीर को लचीला, मजबूत और सक्रिय बनाता है मानसिक तनाव और चिंता को कम करता है.रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाता है



प्रोफेसर मनोज कुमार

आत्मिक शांति व संतुलन प्रदान करता है जीवनशैली को सकारात्मक दिशा देता है

* योग के पाँच मुख्य सिद्धांत

1. उचित व्यायाम
2. उचित विश्राम
3. उचित आहार
4. सकारात्मक सोच
5. ध्यान एवं विश्वास

अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की शुरूआतः भारत सरकार ने 21 जून 2015 से अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाना प्रारंभ किया। संयुक्त राष्ट्र महासभा के 69वें सत्र में, 11 दिसंबर 2014 को भारत के प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के सुझाव पर यह दिवस स्वीकृत किया गया। उन्होंने कहा था:"योग, हमारी प्राचीन परंपरा का एक अमूल्य उपहार है। यह मन, शरीर और आत्मा के बीच सामंजस्य लाता है।"

**मेरे शब्दों में योग दिवस**

योग से सुखमय हर दिन खिलेगा,योग करें हम सुबह-शाम।
रोगमुक्त जीवन की हो चाहत,
तो योग अपनाओ, यही है सार।
योग एक विज्ञान है, धर्म नहीं,
स्वस्थ जीवन का यही है मंत्र महान। योग से जुड़ें, जीवन को सुंदर बनाएं, स्वस्थ रहें, खुश रहें यही है संदेश महान। योग करें, इसे अपनी आदत बनाएं,मस्त रहें, मुस्कुराएं, जीवन को सफल बनाएं।

# राष्ट्रीय तेली साहू महासंगठन प्रखंड कमेटी केरेडारी का पूर्ण गठन रविवार को

झारखण्ड की हकीकत


**बड़कागांव** समाज उत्थान को लेकर रविवार को राष्ट्रीय तेली साहू महासंगठन के नेतृत्व में केरेडारी प्रखंड कमेटी का विस्तार किया जाएगा रविवार को बजरंगबली मंदिर पगार रोड केरेडारी समय 11:00 बजे रखी गई है जिसमें प्रखंड अध्यक्ष ,महिला प्रखंड अध्यक्ष, युवा प्रखंड अध्यक्ष सहित प्रखंड के सभी पदों का नियुक्ति किया जाएगा और संगठन को मजबूत बनाने हेतु विचार विमर्श किया जाएगा तथा सामाजिक न्याय की लड़ाई को लड़ने के लिए समाज को धारदार बनाया जाएगा



कार्यक्रम का मुख्य अतिथि जिला अध्यक्ष कैलाश साहू , जिला उपाध्यक्ष अशोक साहू, जिला युवा अध्यक्ष अरविंद साहू, मुख्य संरक्षक कालेश्वर साहू, जिला संरक्षक बेचन साहू, जिला मीडिया प्रभारी अमरकांत गोराय, जिला कोषाध्यक्ष प्रकाश



साहू, पदुम साहू , तथा केरेडारी से पूर्व मुखिया तपेश्वर साहू , सुरेश साहू, गुरदयाल साहू, झमन साहू , प्रमोद कुमार साहू, नारायण साहू, खेमलाल साहू, पचरा मुखिया महेश साव, लीलाधन साहू, महेंद्र साहू ,राजू साहू अर्जुन साहू, बेलतू मुखिया जितने देवी , गरी मुखिया हित ,



कर्मचारी साहू तथा साहू समाज के बुद्धिजीवी, महिला एवं युवाओं से आगरा है कि अपनी उपस्थिति अवश्य दर्ज करावे के उक्त बैठक की जानकारी मीडिया प्रभारी अमरकांत गोराय एवं जिला युवा अध्यक्ष अरविंद कुमार साव ने संयुक्त रूप से जानकारी दी

# झारखंड राज्य स्तरीय तलवारबाजी में लोयोला विद्यालय के बच्चों का अद्भुत एवं अविश्वसनीय प्रदर्शन

झारखण्ड की हकीकत

**चरही।** रामगढ़ जिला में तीन दिवसीय 17 जून से लेकर 19 जून 2025 तक झारखंड राज्य स्तरीय तलवारबाजी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था। जिसमें तीन वर्गीकरण में लोयोला विद्यालय के कुल सात विद्यार्थियों ने भाग लिया था। जिसमें अंदर 10 में पीयूष कुमार कक्षा द्वितीय ,अंदर 12 में प्रणव प्रिंस एवं आलोक गंजू कक्षा चतुर्थी एवं पंचमी, साथ ही अंदर 16 में उमाशंकर कुमार, मेघनाथ कुमार ,शीला कुमारी एवं अर्चना कुमारी कक्षा सातवीं से लेकर के दशमी तक के छात्र- छात्राओं ने भाग लिया था।अंडर 16 में उमाशंकर कुमार पिता कुलेश्वर कुमार महतो कक्षा नवमी के छात्र का ओवरऑल द्वितीय स्थान लाकर सिल्वर मेडल अपने नाम किया ।आपको यह भी बता दे कि यह वही लड़का है जो पहली




बार चरही क्षेत्र से निकल कर तलवारबाजी प्रतियोगिता के लिए अंतरराष्ट्रीय खेल खेलने उत्तराखंड गया था। जहां उनका प्रदर्शन शानदार एवं अद्भुत था। साथ ही पहली बार शीला कुमारी पिता पवन राजा कक्षा सातवीं की छात्रा ने भी सिल्वर मेडल अपने नाम किया एवं तृतीय स्थान अर्थात ब्रांच मेडल को अपने नाम करने वालों में से प्रणव प्रिंस ,पीयूष कुमार एवं आलोक गंजू भी रहे। लोयोला विद्यालय के प्रबंधक निदेशक एवं प्रधानाचार्य एमके बरनवाल ने कहा कि वह दिन दूर नहीं जब चरही को एवं चुचुर ब्लॉक को अच्छे संस्कार एवं अच्छी शिक्षा के साथ-साथ चरही को बच्चों के हुनर के नाम से जाना जाएगा एवं यह भी उन्होंने कहा कि बच्चों ने अपने हुनर से कम समय में विद्यालय का नाम चारों तरफ फैला दी। इसके साथ ही मुख्य कोच के रूप में सुमित कुमार एवं प्रेम कुमार का बहुत ही बड़ा योगदान रहा क्योंकि वह बच्चों को लगातार एक वर्षों से सप्ताह दर सप्ताह विद्यालय आकर ट्रेनिंग देते थे जिनका अटूट प्रयास सफल रहा ।इसके साथ ही इस प्रतियोगिता में जीते हुए प्रतिभागी को राष्ट्रीय तलवारबाजी प्रतियोगिता के लिए भी चयन कर लिया गया ।जो पूरे हजारीबाग ,चरही एवं लोयोला विद्यालय के लिए गौरवान्वित महसूस करने का दिन रहा। इसके साथ ही मार्गदर्शन के रूप में शिक्षक प्रियंका कुमारी एवं हेनरी जोसेफ का बहुत ही महत्वपूर्ण एवं अद्भुत योगदान रहा क्योंकि इनके मार्गदर्शन में ही बच्चों के डाइट एवं अभ्यास को प्रतिदिन कराया गया ।जिसे उनके मार्गदर्शन में बच्चों ने इतना शानदार प्रदर्शन किया। विद्यालय के सारे शिक्षकों , कर्मचारियों एवं चरही वाशियो को विद्यालय परिवार की तरफ से बहुत-बहुत धन्यवाद एवं आभार।

# एनटीपीसी के खिलाफ 13 माइल में हो रहे धरना में 22 जून को पहुंचेंगे डुमरी विधायक जयराम महतो




झारखण्ड की हकीकत

**बड़कागांव-** हजारीबाग पथ के 13 माइल के पास एनटीपीसी में कट ऑफ डेट में संशोधन एवं अन्य मांगों को लेकर चल रहे अनिश्चितकालीन धरना में जेएलकेएम के केंद्रीय अध्यक्ष सह डुमरी विधायक टाइगर जयराम महतो 22 जून 2025 को शामिल होंगे। उक्त आशय की जानकारी जेएलकेएम के केंद्रीय सचिव मिथिलेश कुमार एवं केंद्रीय संगठन मंत्री राकेश कुमार ने संयुक्त रूप से जानकारी देते हुए कहा कि धरना स्थल में ग्रामीणों को संबोधित करने के बाद बड़कागांव गुरुदयाल महतो बालिका उच्च विद्यालय के सभागार भवन में पार्टी के कार्यकताओं के साथ बैठक की जाएगी।

उक्त बैठक में अन्य दलों को छोड़कर कई लोग जेएलकेएम पार्टी का सदस्यता ग्रहण भी करेंगे। तत्पश्चात मौसम अनुकूल रहा तो बड़कागांव प्रखंड के गोंदलपुरा एवं केरेडारी प्रखंड के जोरदाग गांव का भी दौरा करने की संभावना है।

# सतबहिया सड़क का पुलिया टुटा,प्रखंड मुख्यालय से दर्जनों गांव का संपर्क छुटा



झारखण्ड की हकीकत

प्रखंड के कांडतरी पंचायत के सदाबहिया पलांडू को जोड़ने वाला सड़क में बने पुलिया लगातार हो रहे तेज बारिश के पानी से तेज बहाव के कारण टुट कर बह गया जिससे दोनों सड़क का संपर्क टूट गया जिससे दर्जनों गांवों का सम्पर्क कट गया यह सड़क से पलांडू सहित दर्जनों गांव के लोग प्रखंड मुख्यालय व बड़कागांव प्रखंड के नजदीकी रेलवे स्टेशन हेंदेगीर जाते थे ।इस पुलिया के टुटने से दर्जनों गांव के लोगों को अस्पताल , विद्यालय व प्रखंड मुख्यालय आदि कार्यों में काफी कठिनाई आएगी और समय पर नहीं पहुंच पाएंगे।

स्थानीय लोगों ने इसकी मरम्मत करने की गुहार लगाई है जिससे लोगों का आवागमन सुचारू रूप से हो सके और लोग समय पर अपने गंतव्य स्थल पहुंच सके।

# जनजातीय सशक्तिकरण की दिशा में एक और कदमः मोगलाबांध व लागडुम पंचायत में लाभ संतृप्ति शिविर का आयोजन

## आईटीडीए निदेशक व बीडीओ ने किया शिविर का शुभारंभ

झारखण्ड की हकीकत
**अब्दुल अंसारी**



पाकुड़िया प्रखंड अंतर्गत मोगलाबांध एवं लागडुम पंचायत भवन में शुक्रवार को पीएम-जनमन एवं धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान के तहत भव्य लाभ संतृप्ति शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्घाटन पाकुड़ आईटीडीए निदेशक अरुण कुमारी इक्का, बीडीओ सोमनाथ बनर्जी, पंचायत प्रतिनिधियों एवं अन्य पदाधिकारियों द्वारा द्वीप प्रज्वलन कर किया गया। इस शिविर का उद्देश्य ग्रामीणों, विशेषकर जनजातीय समुदायों तक सरकारी योजनाओं का लाभ त्वरित एवं पारदर्शी रूप से पहुँचाना था। इस दौरान उपस्थित ग्रामीणों को आधार कार्ड अपडेट, ई-केवाईसी, आयुष्मान भारत कार्ड, जाति व आय प्रमाण-पत्र, राशन कार्ड, किसान क्रेडिट कार्ड, पीएम-किसान, जनधन योजना, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, सुरक्षा बीमा योजना, वृद्धावस्था, विधवा एवं दिव्यांग पेंशन, मनरेगा और आइसीडीएस जैसी महत्वपूर्ण योजनाओं से जोड़ने का कार्य किया गया।

शिविर में बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने भाग लिया और कई प्रकार के आवेदन मौके पर ही लिए गए, जिनमें से कई मामलों का त्वरित निष्पादन भी किया गया। मौके पर बीपीआरओ त्रिदीप शील, बीपीओ जगदीश पंडित, सहायक अभियंता रोहित गुप्ता, दोनों पंचायतों के मुखिया, उप मुखिया, वार्ड सदस्य सहित बड़ी संख्या में लाभुक एवं ग्रामीण उपस्थित थे।

# विद्यालयों में तिथि भोजन – सह–जन्मोत्सव कार्यक्रम आयोजित







झारखण्ड की हकीकत
**इकबाल हुसैन**

महेशपुर प्रखंड अंतर्गत शुक्रवार को विद्यालयों में तिथि भोजन - सह-जन्मोत्सव कार्यक्रम का आयोजन उत्साहपूर्वक किया गया। इस कार्यक्रम में सखी मंडल एवं ग्राम संगठनों की दीदियों ने सक्रिय सहभागिता निभाई तथा बच्चों के साथ मिलकर उनका जन्मदिन मनाया।इस पहल का मुख्य उद्देश्य बच्चों में आपसी सहयोग की भावना विकसित करना, उनका मनोबल बढ़ाना, पढ़ाई के प्रति उत्सुकता जगाना, सामुदायिक भागीदारी को प्रोत्साहित करना तथा जन्मदिवस के सामाजिक व भावनात्मक महत्व को उजागर करना है।कार्यक्रम में जिले से एल.आर.डी.सी. महोदय, प्रखंड विकास पदाधिकारी डॉ. सिद्धार्थ शंकर यादव, अंचलाधिकारी, संजय सिन्हा ,प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी बाबूराम मुर्मू,जे .एस.एल.पी.एस. महेशपुर के प्रखंड कार्यक्रम प्रबंधक, पंचायत मुखिया, उपमुखिया, वार्ड सदस्य, प्रखंड के शिक्षक संग जे.एस. एल. पी.एस. कर्मी, तथा सखी मंडल की दीदियाँ उपस्थित रहीं।

# फरार आरोपी गिरफ्तार, कोर्ट के आदेश पर पुलिस की कार्रवाई




झारखण्ड की हकीकत
**एस कुमार**

न्यायालय के निर्देश पर महेशपुर पुलिस ने गुरुवार देर रात बड़ी कार्रवाई करते हुए वर्ष 2013 से लंबित कांड संख्या 37/13 के फरार आरोपी शिवा राय को उसके गांव सीरीशतल्ला से गिरफ्तार कर लिया। जानकारी के अनुसार, आरोपी बीते कई वर्षों से फरार चल रहा था और उसकी गिरफ्तारी को लेकर पुलिस प्रयासरत थी। गुरुवार को गुप्त सूचना के आधार पर थाना क्षेत्र के सीरीशतल्ला गांव में छापेमारी कर महेशपुर पुलिस ने उसे दबोच लिया। कांड के अनुसंधानकर्ता एएसआई सोहराब खान ने बताया कि आरोपी के खिलाफ वर्ष 2013 में मामला दर्ज किया गया था, लेकिन तभी से वह फरार चल रहा था।

कोर्ट से वारंट जारी होने के बाद पुलिस ने सक्रियता दिखाते हुए गुप्त सूचना पर त्वरित कार्रवाई की और आरोपी को उसके घर से गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तारी के बाद शिवा राय को शुक्रवार सुबह स्वास्थ्य जांच के लिए ले जाया गया, जहां मेडिकल परीक्षण के बाद उसे पाकुड़ जेल भेज दिया गया।

# पाकुड़ के तीन आरोग्य केंद्रों में हुआ एनक्यूएएस मूल्यांकन, गुणवत्ता की कसौटी पर खरे उतरने की कोशिश

झारखण्ड की हकीकत




**पाकुड़ः** स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता को परखने के लिए भारत सरकार के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय की टीम ने शुक्रवार को पाकुड़ जिले के तीन आयुष्मान आरोग्य मंदिरों का एनक्यूएएस (NQAS) असेसमेंट किया। इस मूल्यांकन के तहत हिरणपुर प्रखंड के गोपालपुर, महेशपुर के मोहबाना और लिट्टीपाड़ा के सूरजबेरा स्थित आयुष्मान आरोग्य मंदिरों को परखा गया।इस दौरान एक्सटर्नल एसेसर की टीम ने संस्थानों में रोगी केंद्रित सेवाएं, स्वच्छता, दस्तावेज प्रबंधन, संक्रमण नियंत्रण, आपातकालीन तैयारी और कर्मचारी दक्षता जैसे मानकों की गहन समीक्षा की। डीसी मनीष कुमार ने कहा कि जिले के सभी स्वास्थ्य संस्थानों को एनक्यूएएस प्रमाणन की दिशा में ले जाना प्रशासन की प्राथमिकता है, ताकि आमजनों को मिले बेहतर और भरोसेमंद इलाज। उन्होंने कहा कि शेष आयुष्मान आरोग्य मंदिरों को भी इस दिशा में आगे बढ़ाया जाएगा।स्वास्थ्य विभाग के अनुसार, यह पहल जिले में गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवा के दायरे को और विस्तृत करने की दिशा में एक बड़ा कदम है।

# तिथि दिवस पर बच्चो के बीच के मनाया गया जन्मदिन

झारखण्ड की हकीकत
**राहुल दास**




**हिरणपुर (पाकुड़):** विशेष तिथि भोजन दिवस पर प्रखण्ड के सभी विद्यालयों में शुक्रवार को कार्यक्रम आयोजित की गई। हाथकाठी स्थित प्राथमिक विद्यालय हिंदी में मुख्य रूप से अंचलाधिकारी मनोज कुमार, बीपीओ किशन भगत, ट्विंकल चौधरी, व प्रभारी शिक्षक दीपक साहा ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। सबसे पहले जेएसएलपीएस के दीदीयो के द्वारा अतिथियों के लिए गीत गा कर स्वागत किया गया।कार्यक्रम में आज के दिन जन्मदिन स्कूली बच्चों को लेकर भव्य रूप से जन्मदिवस मनाया गया। जहां बच्चों द्वारा केक भी काटा गया। इसके बाद उपस्थित बच्चो को पूड़ी, पुलाव मिठाई की स्वादिष्ट भोजन कराया गया। वही स्कूली बच्चों के साथ अतिथियों ने भोजन का लुफ्त लिया। उधर अन्य विद्यालयों में भी कार्यक्रम आयोजित की गई।सीओ ने अपने संबोधन में कहा कि बच्चों से कहा कि प्रत्येक दिन सभी को स्कूल आना है। इसी तरह सब का जन्मदिन मनाया जाएगा व घर में अपने आस पड़ोस में नशा मुक्ति को लेकर सब को जागरुक करना है ।

आगे उन्होंने कहा कि एक प्रश्न का एक दिन जरूर याद करे ।इससे वर्ष में 365 सवाल का जवाब याद होगा व प्रत्येक अपने माता पिता को एक पेड़ लगाने को लेकर प्रेरित करे।

# श्रम विभाग ने चलाया बाल श्रम उन्मूलन व जागरूकता अभियान

## सोनाजोड़ी, तोड़ाई और मोहनपुर चौक के प्रतिष्ठानों में की गई कार्रवाई, बाल श्रम को लेकर कड़ा संदेश

झारखण्ड की हकीकत



जिला श्रम विभाग द्वारा शुक्रवार को बाल श्रम के खिलाफ विशेष अभियान चलाया गया। श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी श्री गिरीश चन्द्र प्रसाद के नेतृत्व में सोनाजोड़ी, तोड़ाई और मोहनपुर चौक स्थित विभिन्न प्रतिष्ठानों, होटलों एवं दुकानों में बाल श्रम उन्मूलन सह जागरूकता अभियान संचालित किया गया। अभियान के दौरान सभी प्रतिष्ठानों में श्रम कानून की धारा 12 (क) के तहत आवश्यक सूचना पट्ट लगाए गए, जिसमें बाल श्रम की कानूनी रोकथाम और दंडात्मक प्रावधानों की जानकारी स्पष्ट रूप से दी गई। श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी श्री प्रसाद ने जानकारी दी कि 14 वर्ष से कम आयु के बच्चों को किसी भी प्रकार के कार्य में लगाना पूरी तरह से प्रतिबंधित है। वहीं, 14 से 18 वर्ष तक के किशोरों को भी किसी खतरनाक कार्य में नियोजित करना कानूनन अपराध है। उन्होंने कहा कि ऐसे मामलों में संबंधित प्रतिष्ठान पर ङ्20,000 से ङ्50,000 तक का जुमार्ना या छह माह से दो वर्ष तक का कारावास या दोनों हो सकते हैं। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि जिले में बाल श्रम पर रोक लगाने के लिए श्रम विभाग पूरी तरह प्रतिबद्ध है और इस दिशा में नियमित रूप से जांच व कार्रवाई की जा रही है।

इस अभियान में श्रम विभाग के कर्मी श्री विकास कुमार गुप्ता, श्री अमजद खान तथा चाइल्ड लाइन की टीम के सदस्य भी सक्रिय रूप से शामिल रहे। जिले में बाल श्रम के विरुद्ध इस तरह के ठोस कदमों से न केवल बालकों के अधिकारों की रक्षा होगी, बल्कि समाज में जागरूकता का भी विस्तार होगा।

# देवापाड़ा गांव में एक महीने से अंधकार, खराब ट्रांसफार्मर बना ग्रामीणों की परेशानी का कारण

## ग्रामीणों में आक्रोश, विभाग पर लापरवाही का आरोप

झारखण्ड की हकीकत
**राहुल दास**



**हिरणपुर (पाकुड़)।** हिरणपुर प्रखंड अंतर्गत देवापाड़ा गांव के दर्जनों परिवार बीते एक माह से अंधेरे में जीवन व्यतीत करने को मजबूर हैं। गांव में स्थापित 100 केवी का ट्रांसफार्मर पिछले एक महीने से खराब पड़ा हुआ है, जिससे बिजली आपूर्ति पूरी तरह ठप हो चुकी है। बावजूद इसके विद्युत विभाग द्वारा अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है, जिससे ग्रामीणों में गहरी नाराजगी देखी जा रही है। गांव के अनिल मुर्मू, सोम मुर्मू, कालू यादव, तमिजुद्दीन अंसारी और माइकेल मुर्मू सहित अन्य ग्रामीणों ने बताया कि ट्रांसफारमर की मरम्मत को लेकर कई बार विभागीय पदाधिकारियों से शिकायत की गई। यहां तक कि एक लिखित आवेदन भी दिया गया, लेकिन समस्या जस की तस बनी हुई है। उनका कहना है कि बिजली नहीं रहने से बच्चों की पढ़ाई, घरेलू कामकाज और रात में आवागमन सभी प्रभावित हो रहे हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि विभागीय अधिकारी चुप्पी साधे बैठे हैं और आम जनता की परेशानी को नजरअंदाज कर रहे हैं। एक महीने से रात होते ही पूरा गांव अंधकार में डूब जाता है, जिससे भय और असुरक्षा का माहौल भी बना हुआ है। इस संबंध में जब कनीय अभियंता आशीष पटेल से संपर्क किया गया तो उन्होंने आश्वस्त किया कि ह्लट्रांसफार्मर की मरम्मत का कार्य जल्द शुरू किया जाएगा और शीघ्र ही विद्युत आपूर्ति बहाल कर दी जाएगी।ह्व फिलहाल ग्रामीण उम्मीद लगाए बैठे हैं कि विभाग जल्द से जल्द कार्रवाई करेगा और उन्हें अंधेरे से मुक्ति मिलेगी।

# महिला पर्यवेक्षिकाओं व सेविकाओं को फेस रिकॉग्निशन और पोषण ट्रैकर ऐप का प्रशिक्षण

झारखण्ड की हकीकत



शुक्रवार को महिला पर्यवेक्षिकाओं और आंगनबाड़ी सेविकाओं के लिए फेस रिकॉग्निशन सिस्टम (FRS) और पोषण ट्रैकर ऐप पर विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता उपायुक्त मनीष कुमार ने की। प्रशिक्षण में राज्य समन्वयक बबलू कुमार, महिला पर्यवेक्षिका सिंगरेन टुडू व जिला समन्वयक गौतम दत्ता ने तकनीकी जानकारी दी। प्रशिक्षकों ने पोषण ट्रैकर ऐप में ऋक्र एंट्री से जुड़ी समस्याओं पर विस्तृत चर्चा की। उपायुक्त ने कहा कि जैसे शिक्षा और आवास के क्षेत्र में पाकुड़ ने राज्य में बेहतर प्रदर्शन किया है, उसी तरह समाज कल्याण विभाग की योजनाओं में भी जिला 15 अगस्त तक टॉप-5 में पहुंचे, यह लक्ष्य तय किया गया है। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि जब तक सेविकाएं पूरी तरह प्रशिक्षित नहीं हो जातीं, तब तक चरणबद्ध तरीके से प्रशिक्षण जारी रहेगा।

इस अवसर पर उप विकास आयुक्त महेश कुमार संथालिया, विशेष कार्य पदाधिकारी त्रिभुवन कुमार सिंह, समाज कल्याण पदाधिकारी बसंती ग्लाडिस बाड़ा समेत अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

# पुलिस ने जब्त किया पांच खाली कोयला डम्फर

झारखण्ड की हकीकत
**राहुल दास**




**हिरणपुर (पाकुड़):** कोयला डंफरो की मनमानी निरन्तर जारी है। शुक्रवार को थाना प्रभारी रंजन कुमार सिंह ने पांच कोयला ढोने वाले पांच डंफरो को हिरणपुर मुख्य पथ से जब्त किया। प्रशासन द्वारा हिरणपुर बाजार में जाम की स्थिति को देखते हुए रात 11 बजे से सुबह पांच बजे तक कोयला वाहनों का परिचालन का निर्देश दिया गया था। इसके बावजूद दिन के 12 बजे बेखौफ होकर वाहनों को ले जाया जा रहा था। थाना प्रभारी ने सभी वाहनों को पकड़कर जब्त किया व चालान को अपने कब्जे में कर लिया।।ऐसे वाकया प्रतिदिन हो रहा है , जहां डम्फर चालको की मनमानी जारी है। वही प्रशासन द्वारा निरन्तर कार्रवाई भी की जा रही है। बीते दिनों पुलिस व परिवहन विभाग ने 11 डंफरो को पकड़कर करीब 65 हजार का जुमार्ना भी लगाया गया था। इसके बावजूद डम्फर चालक सरकारी निदेशों की धता बताते हुए वाहनों की परिचालन की जा रही है।

आखिर किसके इशारे पर इस तरह की मनमानी की जा रही है। यह सोचनीय विषय बना हुआ है। जबकि इस पथ से कोयला डंफरो की परिचालन से लोग काफी भयाक्रांत है। आखिर कब थमेगी कोयला वाहनों की परिचालन। इस सम्बंध में थाना प्रभारी ने बताया कि इसको लेकर सख्त कार्रवाई की जा रही है। इसमें किसी को बख्शा नही जाएगा।

# देवीनगर-पथरिया में लगा जनसेवा शिविर, सैकड़ों ने लिया योजनाओं का लाभ

## जनजातीय न्याय व ग्राम उत्कर्ष अभियान के तहत दर्जनों स्टॉल, सैकड़ों आवेदन जमा

झारखण्ड की हकीकत
**एस कुमार**

महेशपुर प्रखंड के देवीनगर व पथरिया पंचायत भवन में शुक्रवार को प्रधानमंत्री जनजाति आदिवासी न्याय महा अभियान व धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान के तहत शिविर का आयोजन किया गया. शिविर में एसी जेम्स सुरीन, एलआरडीसी मनीष कुमार मुख्य रूप से उपस्थित थे. उक्त शिविर में विधवा पेंशन, आधार कार्ड, स्वास्थ्य विभाग, राशन कार्ड, आयुष्मान कार्ड, जाति प्रमाण पत्र, स्थानीय प्रमाण पत्र, किसान क्रेडिट कार्ड, पीएम किसान



जन-धन खाता, विकलांग पेंशन विभाग, प्रधानमंत्री उज्जवला योजना, सुकन्या समृद्धि, प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति योजना सहित अन्य कई विभागों का स्टॉल लगाया गया था. शिविर में कई आवेदन प्राप्त की गई. मौके पर बीडीओ सिद्धार्थ शंकर यादव, सीओ संजय कुमार सिन्हा, एई, जेई, मुखिया, सचिव, वार्ड सदस्य, जेएसएलपीएस के कर्मी सहित सैकड़ों लोग मौजूद थे।

# आदिवासियों को मिले अलग धर्मकोड, नहीं तो नहीं होने देंगे जाति जनगणना : विधायक हेमलाल मुर्मू

## रांगा कॉलेज में मांझी-परगना व्यवस्था को लेकर आयोजित बैसी सभा में बोले झ्र आदिवासी समाज को संगठित करने की जरूरत

झारखण्ड की हकीकत
**प्रशांत मंडल**

**(पाकुड़)।** लिट्टीपाड़ा विधानसभा क्षेत्र के विधायक हेमलाल मुर्मू ने कहा है कि जब तक देश में सरना धर्म कोड लागू नहीं होता, तब तक जाति जनगणना नहीं होने दी जाएगी। आदिवासी समाज की आबादी 12 करोड़ से अधिक है, इसके बावजूद आज तक उन्हें संविधान में अलग धर्म की मान्यता नहीं मिली है। यह एक बड़ी विडंबना है, वे शुक्रवार को रांगा स्थित डिग्री कॉलेज परिसर में आयोजित बैसी सभा को संबोधित कर रहे थे। मांझी-परगना व्यवस्था के तहत आयोजित इस सभा में लिट्टीपाड़ा प्रखंड के सभी 275 गांवों के मांझी, गुड़ित, नायकी, परगनात सहित संताल समाज के बुद्धिजीवी मौजूद थे। बैठक की अध्यक्षता विधायक हेमलाल मुर्मू ने की। उन्होंने कहा कि जब तक संताल समाज के पारंपरिक पदाधिकारी सशक्त नहीं होंगे, तब तक समाज भी मजबूत नहीं






होगा। समाज की संस्कृति, परंपरा और पहचान को बचाए रखने में मांझी, नायकी, गुड़ित और परगनात की अहम भूमिका है। उन्होंने सभा में मौजूद लोगों को उनके अधिकार और कर्तव्यों की जानकारी दी और बताया कि उन्होंने विधानसभा में संताल समाज को सशक्त बनाने के लिए किस प्रकार सवाल उठाए। उन्होंने वह सवाल सभा में पढ़कर सुनाया और राज्य सरकार की ओर से आदिवासी हित में बनाए गए कानूनों पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन



आदिवासियों के हक और अधिकार के लिए प्रतिबद्ध हैं। झारखंड मुक्ति मोर्चा की सरकार लगातार कोशिश कर रही है कि आदिवासियों की पहचान, भाषा, संस्कृति और जमीन की रक्षा हो। बैठक में मांझी को मिलने वाले अधिकारों की भी चर्चा हुई और कहा गया कि पारंपरिक व्यवस्थाओं को पुनः मजबूत करने की जरूरत है, जिससे समाज संगठित हो सके। बैठक में झामुमो जिलाध्यक्ष एजाजुल इस्लाम, जिला उपाध्यक्ष हाजी समद अली, केंद्रीय सदस्य सुनील टुडू, लिट्टीपाड़ा प्रखंड अध्यक्ष प्रसाद हांसदा, सचिव जावेद आलम, उपाध्यक्ष रंजन साहा, हिरणपुर प्रखंड अध्यक्ष इसहाक अंसारी, पूर्व जिला सचिव सुलेमान बास्की और वरिष्ठ कार्यकर्ता दानिएल किस्कू सहित बड़ी संख्या में पार्टी के कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# मंत्री दीपिका पांडे सिंह से मिले कांग्रेस नेता तनवीर आलम

## संगठन की मजबूती और युवाओं की भागीदारी पर हुई चर्चा

झारखण्ड की हकीकत

पाकुड़: झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महासचिव एवं युवा नेता तनवीर आलम ने शुक्रवार को राज्य की ग्रामीण विकास मंत्री दीपिका पांडे सिंह से उनके रांची स्थित आवास पर सौजन्य मुलाकात की। यह मुलाकात संगठनात्मक गतिविधियों, युवाओं की भूमिका और जनसरोकारों को लेकर विशेष रूप से महत्वपूर्ण मानी जा रही है।मुलाकात के दौरान दोनों नेताओं के बीच प्रदेश में कांग्रेस संगठन की मजबूती, युवाओं को पार्टी से जोड़ने की रणनीति और समावेशी नेतृत्व को बढ़ावा देने जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों पर विचार-विमर्श हुआ।तनवीर आलम ने



कहा कि पार्टी के जमीनी ढांचे को सशक्त बनाने के लिए युवाओं की सक्रिय भागीदारी जरूरी है। उन्होंने संगठन के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराते हुए कहा कि जनहित के मुद्दों पर कांग्रेस सदैव मुखर रही है और आगे भी रहेगी।वहीं, मंत्री दीपिका पांडे सिंह ने तनवीर आलम की सक्रियता और ऊर्जा की सराहना करते हुए कहा कि युवा नेतृत्व ही आने वाले समय में राज्य और संगठन को नई दिशा देगा।इस मुलाकात को आगामी राजनीतिक रणनीतियों और संगठनात्मक सशक्तिकरण की दिशा में एक सकारात्मक कदम माना जा रहा है।

# सड़क निर्माण में सीमेंट-डस्ट का मिलन, पर बालू रह गया अजनबी

## महेशपुर में पीसीसी सड़क निर्माण में लापरवाही, बालू की जगह डस्ट का इस्तेमाल

झारखण्ड की हकीकत

**पाकुड़:** महेशपुर प्रखंड अंतर्गत नंदनपाड़ा से तालियापोखर तक बन रही पीसीसी सड़क और पुलिया निर्माण कार्य की गुणवत्ता पर सवाल उठने लगे हैं। स्थानीय ग्रामीणों ने आरोप लगाया है कि निर्माण में निर्धारित मापदंडों को दरकिनार कर बालू की जगह डस्ट (क्रशर डस्ट) का उपयोग किया जा रहा है।जानकारों के अनुसार, डस्ट का प्रयोग तकनीकी रूप से पीसीसी निर्माण के लिए उपयुक्त नहीं है और इससे सड़क व पुलिया की मजबूती प्रभावित होती है। इससे यह आशंका जताई जा रही है कि निर्माण कार्य जल्दी ही क्षतिग्रस्त हो सकता है।ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि ठेकेदार की मनमानी और



विभागीय निगरानी की कमी के कारण गुणवत्ता से समझौता हो रहा है,

जिससे सरकारी राशि का दुरुपयोग और आम लोगों को भविष्य में परेशानी दोनों की आशंका बढ़ गई है।स्थानीय प्रशासन से ग्रामीणों की मांग है कि इस मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों पर कार्रवाई की जाए।

# बारिश में ढहा राजो देवी का कच्चा मकान, परिवार बाल-बाल बचा

## 6 महीने से दूसरे के घर में रह रही हैं, फिर भी नहीं मिला आवास योजना का लाभ

झारखण्ड की हकीकत
**हजारीबाग सुनील शर्मा**

**हजारीबाग** -इचाक प्रखंड के मंगुरा पंचायत अंतर्गत फारुका गांव की निवासी राजो देवी की जिंदगी एक बार फिर से कठिन परिस्थिति से गुजर रही है। बीती रात हुई मूसलधार बारिश में उनका कच्चा मकान पूरी तरह गिर गया। उस वक्त पूरा परिवार घर में था, जिससे किसी की जान तो बच गई, लेकिन वे अब पूरी तरह से बेघर हो चुकी हैं। आवास की मांग वर्षों से लंबित राजो देवी ने बताया कि वे कई वर्षों से प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत पक्का मकान दिलाने की गुहार लगा रही हैं। उन्होंने कहा: "मैंने पंचायत से लेकर प्रखंड कार्यालय तक कई बार आवेदन दिया, जनप्रतिनिधियों से भी गुहार लगाई, लेकिन हर बार पैसे मांगे गए या सिर्फ आश्वासन दिया गया।" वर्तमान में वे अपने



बच्चों के साथ पिछले छह महीने से दूसरों के घर में शरण लिए हुए हैं। "हम गरीब हैं, इसलिए कोई सुनवाई नहीं होती" राजो देवी ने व्यथा प्रकट करते हुए कहा: "जब भी योजना की बात होती है, हमसे कहा जाता है कि योजना आएगी तो मिलेगा, लेकिन हमारे जैसे गरीबों को सूची में नाम तक नहीं डालते क्योंकि हमारे पास पैसे नहीं। क्या योजनाएं सिर्फ कागजों में ही सीमित रह गई हैं?" प्रशासन और जनप्रतिनिधियों से अपील फारुका जैसे दूरदराज के गांवों में ऐसे कई परिवार हैं जो बिना छत के जीवन बसर कर रहे हैं। राजो देवी की स्थिति उस प्रणाली पर प्रश्नचिन्ह लगाती है, जो जरूरतमंदों तक योजनाओं का लाभ समय पर नहीं पहुंचा पा रही। अब आवश्यक है कि प्रशासन तुरंत इस मामले का संज्ञान लेकर स्थलीय जांच कराए और राजो देवी को तत्काल राहत एवं आवास योजना का लाभ प्रदान करे। समाजसेवी गौतम कुमार की पहल के बावजूद अनदेखी समाजसेवी और युवा नेता गौतम कुमार ने भी कई बार राजो देवी के लिए आवास की मांग को लेकर पहल की है। उन्होंने घर की तस्वीरें भी खींचकर संबंधित पदाधिकारियों को भेजी, लेकिन पदाधिकारी अनदेखा करते रहे। इसका नतीजा यह हुआ कि राजो देवी अपने परिवार सहित अब भी दूसरे के घर में रहने को मजबूर हैं। यह मामला सरकार और प्रशासन के लिए एक गंभीर चुनौती है, जिसमें तुरंत सुधार की आवश्यकता है ताकि बेसहारा परिवारों को उनके अधिकार मिल सकें।

# डाडी प्रखंड क्षेत्र मे मूसलाधार बारिश से नंदिया उफान पर,

## गांधौनिया धाम जलमग्न, गिददी, डाडी, व रेलीगढा पुल मे बढ रही जलस्तर
## डाडी प्रखंड सीओ ने क्षेत्र का किया निरीक्षण, लोगो को घर मे सुरक्षित रहने का किया अपील

झारखण्ड की हकीकत

**गिददी।** डाडी प्रखंड क्षेत्र मे मूसलाधार बारिश से घर सहित पुल पुलिया पानी से तबाही मचाई हुई है। क्षेत्र के कई नंदिया उफान पर है। लगातार बारिश से क्षेत्र के कई जगहो मे जलमग्न के साथ जलस्तर बढ रही हुई है। लोगो को आवागमन के साथ जन जीवन यस्त व्यस्त है। बारिश को लेकर डाडी प्रखंड सीओ कमलकांत वर्मा, सीआई रोहित कुमार मिश्र लगातार विभिन्न क्षेत्रो का निरीक्षण करने जायजा ले रहे है ताकि लोगो को राहत कार्य के साथ साथ किसी प्रकार की परेशानियो का सामना न करना पडे। लोग अपने घरो मे बारिश को देखकर दुबके हुये है। बारिश के कारण लोग अपने काम पर जाने को विवश है। बारिश के कारण आम लोगो को एक दुसरे जगह जाने की संपर्क टुट रही है। क्षेत्र के कई तटबंध भी बारिश से पुरी तरह से टुट चुका है। रास्ता गडडो मे तब्दील हो रही है। खेत खलिहान लबालब भरा हुआ है। किसानो के फसल बारिश के कारण पुरी तरह से छतिग्रसत हो चुका है। किसानो को कई परेशानियो का सामना करना पड रहा है। ऐसे मे किसानो के समक्ष जीविकोपार्जन की समस्याए उत्पन्न होने की डर सता रही है। लगातार बारिश होने से कई गांवो मे विधुत आपूर्ति पुरी तरह से ठप हो चुका है। लोग अंधेरे मे जीवन गुजारने की समस्याओ से जुझ रहे है डाडी प्रखंड के प्रशासनिक पदाधिकारी व डाडी सीओ कमलकांत वर्मा ने क्षेत्र का निरीक्षण कर समस्याओ से अवगत होकर लोगो को घर मे ही सुरक्षित रहने की अपील की है। साथ ही बारिश से प्रभावित लोगो को पंचायत भवन व अन्य जगहो पर ठहराव की समुचित व्यवस्था कराई जा रही है। गिददी सी कोलियरी के वर्कशॉप के बगल अक्षय कुमार के घर पुरी तरह से



जलमग्न हो चुका है। यहां तक की सीसीएल वर्करो के क्वार्टरो मे भी बारिश से घर जलमग्न हो चुका है। परंतु प्रबंधन इस पर कोई ठोस कदम नही उठा रही है ओर न ही प्रबंधन राहत कार्य के लिए उचित पहल कर रही है। आम जनता बारिश के कहर से जुझ रही है। ऐसे मे जलमग्न घर कभी भी गिरने की संभावना बनी हुई है। डाडी सीओ कमलकांत वर्मा ने कहा कि बारिश को देखते हुए प्रशासन उचित कदम उठाने के लिए संवेदनशील है। डाडी प्रखंड क्षेत्र मे बारिश से कई ईलाका प्रभावित हो सकता है। यदि इसी तरह बारिश होती रही तो कई घर के लोगो को बेघर व डुबा होने से नही बचाया जा सकता है। डाडी सीओ कमलकांत वर्मा ने प्रखंड के कर्मियो को बारिश को देखते हुए उचित पहल के साथ कई दिशा-निर्देश दिया गया है।

# टीएसपीसी के एक सदस्य को गिरफ्तार कर भेजा गया जेल

झारखण्ड की हकीकत

**बड़कागांव।** बड़कागांव पुलिस को बुधवार को गुप्त सूचना प्राप्त हुई कि टीएसपीसी उग्रवादी संगठन के दिवाकर गंझू दस्ता के सदस्य प्रेम गंझु हथियार लेकर बड़कागांव क्षेत्र अंतर्गत अम्बाटोला बाजार के आस पास के क्षेत्र में भ्रमणशील है। उक्त सूचना के सत्यापन एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु वरीय पदाधिकारी के आदेशानुसार एक छापामारी दल का गठन कर अम्बाटोला क्षेत्र में छापामारी किया गया। छापामारी के दौरान एक व्यक्ति को संदिग्ध हालत में पाया गया। तलाशी लेने पर उनके पास से एक देसी कट्टा एवं दो जिंदा गोली बरामद हुआ, जिसे विधिवत जप्ती सूची बनाकर जप्त किया गया है।



पूछताछ करने पर उनके द्वारा बताया गया
कि टीएसपीसी के हार्डकोर नक्सली दिवाकर गंझु के टीम के दस्ता सदस्य के रूप में सक्रिय सदस्य हैं। तत्पश्चात अभियुक्त प्रेम गंझू को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा गया है। उक्त आशय की जानकारी बड़कागांव थाना प्रभारी नेमधारी रजक द्वारा दी गई।

# सोनपुरा के पवन कुमार हहारो नदी में बहा, पुलिस जांच में जुटी

झारखण्ड की हकीकत

**बड़कागांव।** मानसून की पहली बारिश बड़कागांव में पिछले तीन दिनों से होने के कारण बड़कागांव प्रखंड के सभी छोटी बड़ी नदियां में पानी उफान पर बह रही है। वहीं शुक्रवार को 11-12 बजे के बीच सोनपुरा निवासी कारू राणा का 30 वर्षीय पुत्र पवन राणा शिवाडीह से गुजरी हहारो नदी बाढ़ में बह गया।जिसका स्थानीय लोगों के द्वारा वीडियो बनाया गया है। लेकिन नदी



में अत्यधिक बाढ़ होने के कारण युवक को बचाने का प्रयास किसी ने नहीं किया।अब तक पवन राणा का शरीर जिंदा या मृत नहीं मिला है। जिससे परिवार वालों का रो-रोकर बुरा हाल है।
वहीं स्थानीय लोगों के सूचना के बाद बड़कागांव पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और तहकीकात करने का अपने स्तर से की लेकिन किसी तरह का कोई सफलता नहीं मिली। बता दें कि यही हहारो नदी आगे जाकर दामोदर नदी में मिल जाती है। और दामोदर नदी अभी उफान पर बाढ़ बह रही है।

## मुख्य अतिथि के रूप में डीसी कीर्तिश्री ने 23 छात्राओं को नियुक्ति पत्र सौंपा



झारखण्ड की हकीकत
**बिनोद कुमार चतरा जिला ब्यूरो**

चतरा समाहरणालय के सभागार में नियुक्ति पत्र वितरण समारोह में 23 छात्राओं को मुख्य अतिथि डीसी कीर्तिश्री ने नियुक्ति पत्र सौंपा। यह नियुक्ति पत्र झारखंड सरकार के कल्याण विभाग की विशेष पहल पर प्रेझा फाउंडेशन द्वारा संचालित कल्याण गुरुकुल चतरा के बैच संख्या 28 को दिया गया।

ज्ञात हो कि सभी 23 छात्राओं ने असेंबली लाइन ऑपरेटर का प्रशिक्षण सफलतापूर्वक पूरा कर लिया है और उन्हें कर्नाटक के बेंगलुरु स्थित एक प्रतिष्ठित कंपनी में नौकरी मिल गई है। डीसी कीर्तिश्री ने छात्राओं से बातचीत की और उनके आत्मविश्वास और प्रयासों की सराहना की। उन्होंने कहा कि राज्य की बेटियां आज देश के विभिन्न हिस्सों में काम कर रही हैं, यह झारखंड के लिए गर्व की बात है। प्रशिक्षण पूरा करने के बाद ये सभी छात्राएं कल बेंगलुरु के लिए रवाना होंगी और अपनी नई नौकरी शुरू करेंगी। इस अवसर पर उप विकास आयुक्त अमरेंद्र कुमार सिन्हा और जिला कल्याण पदाधिकारी शिशिर पंडित भी मौजूद थे। तीनों अधिकारियों ने छात्राओं को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। झारखंड सरकार के कल्याण विभाग के अंतर्गत (एसपीवी) प्रेझा फाउंडेशन 45-60 दिनों का आवासीय प्रशिक्षण देकर पूरे राज्य में युवाओं को रोजगार के अवसर प्रदान करती है। पिछले 14 वर्षों में संस्था ने 40,000 से अधिक युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराया है और उनकी सामाजिक और आर्थिक स्थिति में सुधार किया है। वर्तमान में प्रेझा फाउंडेशन द्वारा झारखंड राज्य में 27 कल्याण गुरुकुल, 8 एएनएम नर्सिंग कॉलेज और 1 आईटीआई स्किल कॉलेज संचालित किए जा रहे हैं।

प्रेझा फाउंडेशन की ओर से कार्यक्रम में एरिया मैनेजर मोहम्मद सैफ, एसोसिएट एरिया मैनेजर धनंजय कुमार, गुरुकुल के प्राचार्य दिनेश प्रसाद, रौनक कुमार (एम.ई.), अरविंद सिंह (एम.ई.), श्रवण राणा (एम.ई.), शुभम कुमार (ट्रेनर) और मृत्युंजय कुमार (एमआईएस) भी मौजूद थे।

# चुनाव आते ही घर-घर से निकलते हैं नेता

## टंडवा में इतनी तबाही के बाद भी सांसद व विधायक समेत स्थानीय जनप्रतिनिधियों का बयान नही आना शर्मनाक

***कहां जाय बाढ़ के चपेट में आए भुक्तभोगी परिवार***
***बाढ़ से हुई क्षति का जायजा किसी जनप्रतिनिधियों ने नही लिया***
***कौन देगा और दिलाएगा भुक्तभोगी परिवार को क्षतिपूर्ति***

झारखण्ड की हकीकत
**बिनोद कुमार चतरा जिला ब्यूरो**

चतरा टंडवा प्रखंड में लगातार हो रही मुस्लाधार बारिश से टंडवा की दो प्रमुख नदियां चुंदरु व गेरुवा उफान पर है। इसके अलावे प्रखंड के अन्य नदियों का जल स्तर बढ़ा हुआ है। बीते पांच दिनो से हो रही मुस्लाधार बारिश से गेरुवा व चुंदरु नदी का जल स्तर काफी बढ़ गया। एनटीपीसी द्वारा नदी में बैराज बनाने के बाद गांव का पानी निकासी को लेकर क्षमता अनुरुप नाली निर्माण नही होने के कारण लोगो के समक्ष अब जान माल की खतरा मंडराने लगी है। लगातार हो रही बारिश का पानी कई दुकान समेत घरो में घुस जाने से लाखो रुपये की छति हुई है। टंडवा मुख्य बाजार स्थित दुकानो तथा दर्जी मुहल्ला स्थित नदी किनारे बने घरो में तीन से चार फीट से पानी भर गया। मो. एहसान मो. अफदाल उर्फ छोटू के घर में रखे टीवी फ्रीज कुलर समेत खाद पदार्थ आदि किमती समान बर्बाद हो गया। मो. एहसान ने बताया कि लाखो रुपये की आर्थिक क्षति हुई है। जबकि टंडवा मुख्य बाजार स्थित दुर्गा मंडप के समीप श्याम सुंदर नायक का संचालित मनु इलॉक्ट्रोनिक्स दुकान में पानी घुसने से लाखो रुपये की छति हुई है। लोग हर दिन की तरह अपने दुकान बंद कर घर चले गये। वहीं नदी किनारे बने घरो में निवास करने वाले लोग भी आराम से सो रहे थे। अचानक घरो मे जल स्तर बढ़ता देख लोग अपने सुरक्षित जगह चल गये। देखते ही देखते घरो व दुकानो में पानी भर गया।

2021 में भी घर और दुकान में घुसा था पानी, आज तक नुकसान का भरपाई नही

टंडवा में 29 जुलाई 2021 को हुई मुस्लाधार बारिश के दौरान एनटीपीसी के बैराज का गेट बंद रहने से उफनती बाढ़ का पानी काफी क्षति पहुंचाया था। पिछले बार मो. एहशान के स्कॉर्पियो समेत पुरा घर पानी में समा गया था, जबकि मनू इलेक्ट्रॉनिक दुकान में रखे लाखो का समान बर्बाद हो गया था, बाजार के बगल में लगे गुमटी आदि को बहा ले गया था, जिसके बाद एनटीपीसी प्रबंधन ने नुकसान का भरपाई करने का आश्वासन दिया था, पर पांच साल बीत जाने के बाद भी नुकसान का भरपाई नही किया गया। जिससे लोगो में एनटीपीसी प्रबंधन के खिलाफ आक्रोश है।

आधा अधुरा बना गार्डवाल व नाला का साफ-सफाई नही होने से बाढ़ का पानी घरो में घुसाः ग्रामीण

टंडवा ग्रामीणों ने बताया कि हाई स्कुल मैदान के समीप श्मशानघाट के पास गार्डवाल का निर्माण नही होने से बाढ़ का गांव में घुस गया जिससे लोगो को भारी नुकसान



हुआ है, वहीं नदी में बने बैराज के किनारे पानी निकासी को लेकर बनाया गया नाला काफी संक्रीण है, बने नाला में पेड़ पौधा और घांस उग जाने से जाम की स्थिति उत्पन्न हो गई है, प्रबंधन द्वारा नियमित साफ सफाई नही होने के कारण नाले के बजाय बाढ़ का पानी घरो और दुकानो में घुस रहे हैं।

चुंदरु धाम परिषर बाढ़ की पानी से ढका, शिव लोक में लगे रेलींग टुटा

रौद्र रुप में उफनती आई बाढ़ ने पुरे चुंदरु धाम को अपने आगोस में ले लिया, सूर्य मंदिर से महज दस फीट के दुरी से उफान मारती बाढ़ नली में समा जा रही थी, पानी का वेग इतना था की पानी लगभग बीस फीट उपर जा रहा था, विशालकाय पत्थर पर बने शिवलोक पानी से लगभग ढक गया था, परंतु मंदिर का नुकसान तो नही हुआ पर रेलिंग आदि चीज क्षतिग्रस्त हो गये।

पानी में डुबा सरकारी मार्केट व शौचालय

लगभग दो करोड़ की लागत से जिला परिषद मद से बनी मार्केट कंपलेक्स और चुंदरु धाम जाने वाली चुंदरु धाम बाबा पथ के किनारे बने शौचालय भी बाढ़ के चपेट में आ गया। और चारो ओर बाढ़ की पानी से घीर गया

खेल मैदान बना तालाब

उफान मारती आई बाढ़ ने सब कुछ अपने चपेट में ले लिया, पांच दिन पहले जहां बच्चे क्रिकेट आदि खेल खेलते आज वह मैदान नही तालाब में तब्दील हो गया है, लाईफ लाईन गेरुवा नदी से लेकर बाजार स्थित दुर्गा मंडप परिषर के नजदीक से गुजरी चुंदरु नदी के किनारे पुरा क्षेत्र जलमग्न हो गया, नदी किनारे बसे लोग किसी दिन रात गुजारने को विवश हैं। इधर लगातार हो रही बारिश से लोग सहमें हैं।

बाल बाल बचा मोटर साईकिल चालक

चुंदरु से टंडवा को जोड़ने वाली चुंदरु बाबा पथ में बनी छलका में मोटरसाइकिल से पार करने के दौरान एक युवक बाल बाल बच गया, बताया गया कि युवक बाजबर नदी पार करने की कोशिश में बाढ़ के चपेट में आ गया और बहने लगा, इसी दौरान बाढ़ देख रहे लोगो ने हिम्मत कर छलका में जाकर मोटरसाइकिल समेत फंसे युवक को बाहर सुरक्षित निकाल लिया, लोगो ने बताया कि मात्र तीन फीट वाहन आगे जाती तो उफनती नदी में समा जाती, शुक्र है समय रहते सब कुछ ठीक रहा।

# बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ को लेकर चलाया गया जागरूकता अभियान

## महिलाओं और किशोरियों को किया गया जागरूक

झारखण्ड की हकीकत
**बिनोद कुमार चतरा जिला ब्यूरो**



**हंटरगंज/चतरा:** जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार चतरा के मार्गदर्शन में शुक्रवार को प्रखंड के करमा पंचायत में विधिक जागरूकता अभियान बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ" तथा नारी की उड़ान स्लोगन के तहत जागरूकता अभियान चलाया गया। जागरूकता अभियान में स्लोगन के तहत विधिक सेवाएं बच्चियों को शिक्षा दिलाने, सरकार द्वारा संचालित योजनाओं जैसे सावित्रीबाई फुले, किशोरी समृद्धि योजना, बाल विवाह तथा अन्य जीवनोपयोगी कानून के बारे में जानकारी दी गई। साथ ही झालसा के तहत 15100 एवं 1098 टोल फ्री नंबर पर कानूनी सलाह हेतु प्रेरित किया गया। जागरूकता कार्यक्रम में करमा पंचायत के पीएलवी बिहारी कुमार, वशिष्ठ नगर जोरी पीएलवी संदीप कुमार गुप्ता के साथ पंचायत की महिलाएं एवं किशोरिया मौजूद थी।

# एनएच 100 में की गई अधिग्रहित भूमि का मुआवजा को लेकर कैप का आयोजन की गई है

## मुआवजा को लेकर किसान अपने भूमि का दस्तावेज लेकर अवश्य पहुंचे - सीओ गौरव कुमार राय

झारखण्ड की हकीकत
**बिनोद कुमार चतरा जिला ब्यूरो**



**सिमरिया :** अंचल सिमरिया द्वारा एनएच 100 नया 522 जिसकी लम्बाई 3.16 किलोमीटर सिमरिया बाईपास निर्माण को लेकर अधिगृहित भूमि का मुआवजा रैयतों को लेने के लिए दिनांक 21 जून शनिवार को समय 10.30 बजे बानासांडी पंचायत सचिवालय में सिमरिया अंचल कार्यालय के द्वारा कैंप का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें लाभुक किसान अपने अपने अधिगृहित भूमि का दस्तावेज लाकर अंचल कर्मियों को सुपुर्द करें। यह आदेश जिला उपायुक्त सह दंडाधिकारी चतरा द्वारा पत्र प्रेषित कर अंचल कार्यालय को भेजी गई है। अंचल अधिकारी गौरव कुमार राय ने कहा है कि जिन जिन किसानों को अभी तक उक्त बाईपास सड़क में अधिगृहित भूमि का मुआवजा नहीं मिला है वे पंचायत सचिवालय बानासांडी में पहुंच कर अपना खतियान या केवला, भूमि का अंचल द्वारा निर्गत लगान रसीद,वंशावली, आधार कार्ड, बैंक पासबुक, सीसी भौउचर, उप निरीक्षक द्वारा अभिप्रमाणित सहमति आदि कागजात लेकर उक्त कैंप में पहुंचे।

उक्त निर्धारित समय या तिथि को अधिगृहित भूमि का मुआवजा प्राप्त करने के लिए नहीं पहुंचे तो निर्धारित मुआवजा राशि को प्रधान जिला एवं सत्र न्याधीश चतरा न्यालय में हस्तांतरित कर दिया जाएगा। इसे अति आवश्य समझ कर समय पर उपस्थित होकर मौजूद कर्मियों को अपना अपना दस्तावेज जांच कर कर सौंपे।

# बारिश होने से नदी में बाढ़ आने से बच्चो व शिक्षकों को विद्यालय में पहुंचना हुआ बंद

झारखण्ड की हकीकत
**बिनोद कुमार चतरा जिला ब्यूरो**



**कुंदा (चतरा)** प्रखंड क्षेत्र के नवादा पंचायत में बारिश के कारण कई विद्यालय में पढ़ने वाले बच्चों के साथ शिक्षक विद्यालय तक नहीं पहुंच पाये।क्योंकि मूसलाधार बारिश होने से पक्की सड़क व नदी में पुल नही होने कारण गांव बन गया टापू जिसमे कई गांव के विद्यालय के बच्चे पढ़ने के लिए विद्यालय तक नहीं पहुंच पाये जिसमे उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय उलावर,उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय रेंगैनियातरी,उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय पंचमबा,उत्क्रमित मध्य विद्यालय इचाक इस विद्यालय तक पहुंचने के लिए कई नदी से होकर गुजरना पड़ता है,जिसमे अलवार गांव के डबठीशाले नदी,रेंगैनियातरी नदी,इचाक नदी,टटेज नदी इन सभी नदी से होकर बच्चे पढ़ने के लिए विद्यालय में पहुंचते है,और इस नदी में बारिश के कारण काफी बाढ़ आया हुआ है , ऐसे में विद्यालय तक जाना बच्चो के जीवन का खतरा है,इस प्रस्थिति में बाढ़ से प्रभावित गांव उलवार, रेंगैनियातरी, पंचमबा,इचाक ,रजवार,नावाडीह, टटेज,इस नदी में बाढ़ प्रभावित गांव में बच्चो और शिक्षक को विद्यालय में आवागमन बंद हो गया है,इस प्रस्थिति में बच्चो के भविष्य के लिए शिक्षा जैसे अनमोल रत्न से वंचित होना पड़ रहा है,

कई गांव के ग्रामीणों के द्वारा सरकार से पक्की सड़क और नदी में पुल बनाने के लिये मांग किया गया है और बच्चो के भविष्य के लिए विद्यालय आवागमन की समस्या से निजात दिलाई जाय साथ ही आम आदमी को भी नदी में पुल बनने से आने जाने में सहूलियत होगा।

# मूसलाधार बारिश में विधवा महिला समेत दर्जनों गरीबों का आशियाना हुआ धराशाही

झारखण्ड की हकीकत
**बिनोद कुमार चतरा जिला ब्यूरो**



लावालौंग प्रखण्ड क्षेत्र में लगातार हो रही बारिश से प्रखंड क्षेत्र में तबाही मचा दी है। कटिया पंचायत के मसो० प्रमिला देवी,डब्लू भुइयां,सरस्वती देवी,टींकू भुइयां,रविन्द्र भुइयां, रखेद गांव के अजित गंझू एवं बंदारू और बान्दू गांव सहित दर्जनों गांवों के अनेकों गरीबों के कच्चे मकान धराशायी हो गए हैं। सबसे अधिक प्रभावितों में प्रमिला देवी, डब्लू भुइयां, सरस्वती देवी, टींकू भुइयां, रविन्द्र भुइयां, अजीत गंझू सहित अन्य कई गरीब परिवार शामिल हैं।जिनके मकान पूरी तरह से टूट गए हैं। पीड़ित परिवारों के पास अब रहने के लिए सुरक्षित ठिकाना नहीं बचा है। कुछ लोग जान जोखिम में डालकर टूटे हुए मकानों में प्लास्टिक और तिरपाल लगाकर रह रहे हैं तो कुछ ने अस्थायी तंबू बनाकर जैसे-तैसे दिन काटने शुरू कर दिए हैं।इनमें महिलाएं,छोटे-छोटे बच्चे और बुजुर्ग भी शामिल हैं। जो भारी कष्ट में जीवन व्यतीत कर रहे हैं।स्थानीय लोगों का कहना है कि कई बार आवेदन देने के बावजूद उन्हें अब तक प्रधानमंत्री या अबुआ आवास योजना का लाभ नहीं मिला है।न ही किसी जनप्रतिनिधि या अधिकारी ने मौके पर पहुंचकर राहत सामग्री या सहायता उपलब्ध कराई है।ग्रामीणों नें प्रशासन से मांग की है कि अविलंब सर्वे कराकर प्रभावित परिवारों को सरकारी आवास योजना का लाभ दिया जाए। साथ ही तत्काल राहत के रूप में खाद्य सामग्री,तिरपाल और आवश्यक वस्तुएं उपलब्ध कराई जाएं ताकि बारिश के इस कठिन समय में पीड़ितों को थोड़ी राहत मिल सके।

# अब टिकट होगी कन्फर्म, रेलवे ने लगाई वेटलिस्ट पर 25 प्रतिशत की सीमा

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** ट्रेनों में भीड़भाड़ को नियंत्रित करने के लिए रेलवे ने एक महत्वपूर्ण निर्णय लिया है। रेल मंत्रालय ने घोषणा की है कि अब किसी भी ट्रेन में वेटलिस्ट टिकटों की संख्या को ट्रेन की कुल क्षमता के 25 प्रतिशत तक सीमित किया जाएगा। इस नए नियम का उद्देश्य यात्रियों को बेहतर यात्रा अनुभव प्रदान करना और ओवरबुकिंग की समस्या को कम करना है। रिपोर्ट के मुताबिक, अब रेलवे हर ट्रेन के एसी फर्स्ट क्लास, एसी सेकंड, एसी थर्ड, स्लीपर और चेयर कार में कुल बर्थ/सीटों का अधिकतम 25 प्रतिशत ही वेटिंग टिकट के रूप में जारी करेगा। यह बदलाव विभिन्न कोटे- जैसे दिव्यांगजन, वरिष्ठ नागरिक, और महिलाओं के लिए आरक्षित सीटों को ध्यान में रखते हुए किया गया है।

रेल मंत्रालय के एक अधिकारी के मुताबिक, प्रत्येक जोनल रेलवे को यह अधिकार दिया गया है कि वह अपने क्षेत्र के ट्रेनों में बुकिंग और कैंसिलेशन के पैटर्न को देखते हुए वेटिंग टिकट की सीमा तय कर सकता है। इससे ट्रेनों की प्रकृति और यात्रियों की मांग के अनुसार लचीलापन भी रहेगा। यह नई व्यवस्था न केवल यात्रियों को असमंजस से बचाएगी, बल्कि ट्रेनों में अनधिकृत भीड़ को भी कम करने में मदद करेगी। इससे बोर्डिंग प्रक्रिया अधिक व्यवस्थित होगी और आरक्षित डिब्बों में यात्रा करने वाले यात्रियों को बेहतर अनुभव मिलेगा।

ट्रेनों में अनावश्यक भीड़ भी कम होगी

रेलवे अधिकारियों के अनुसार, आंकड़ों से यह पता चलता है कि चार्ट बनने तक लगभग 20 प्रतिशत से 25 प्रतिशत वेटिंग टिकट कंफर्म हो जाते हैं। इस आधार पर नई सीमा तय की गई है ताकि यात्रियों को टिकट की स्थिति को लेकर अधिक स्पष्टता मिल सके। रेलवे बोर्ड द्वारा जारी सर्कुलर के बाद, देशभर के विभिन्न जोनल रेलवे इस नई व्यवस्था को लागू करने लगे हैं।रेलवे के अनुसार, यह नियम सभी श्रेणियों की ट्रेनों, जैसे कि राजधानी, शताब्दी, दुरंतो, मेल/एक्सप्रेस और सुपरफास्ट ट्रेनों पर लागू होगा। उदाहरण के लिए, यदि किसी ट्रेन में 1,000 सीटें उपलब्ध हैं, तो उसमें अधिकतम 250 वेटलिस्ट टिकट ही जारी किए जाएंगे। इस कदम से न केवल यात्रियों को अपनी यात्रा की पुष्टि होने की संभावना बढ़ेगी, बल्कि ट्रेनों में अनावश्यक भीड़ भी कम होगी। जनवरी 2013 के सर्कुलर के अनुसार, पहले एसी फर्स्ट क्लास में अधिकतम 30, एसी सेकंड में 100, एसी थर्ड में 300 और स्लीपर क्लास में 400 वेटिंग टिकट जारी किए जा सकते थे। इसके चलते यात्रियों को अक्सर आखिरी वक्त तक टिकट कंफर्म होने की चिंता रहती थी।एक वरिष्ठ रेलवे अधिकारी ने बताया, वेटिंग टिकटों की अधिक संख्या के कारण रिजर्व्ड कोचों में बिना कन्फर्म टिकट वाले यात्री भी चढ़ जाते थे, जिससे कोचों में भारी भीड़ और अव्यवस्था होती थी। नई नीति इस गड़बड़ी को रोकने में मदद करेगी।



# केजीबीभी और जेबीएभी में नामांकन हेतु जिलास्तरीय नामांकन समिति की हुई बैठक



झारखण्ड की हकीकत

**गोड्डा :** समाहरणालय स्थित सभागार में उपायुक्त अंजली यादव की अध्यक्षता में कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय और झारखंड बालिका आवासीय विद्यालय में नामांकन हेतु जिलास्तरीय नामांकन समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक के दौरान संबंधित अधिकारियों को उपायुक्त के द्वारा निर्देश दिए गए कि कक्षा-6 सत्र 2025- 2026 में कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय,एवं झारखंड बालिका आवासीय विद्यालय में नामांकन प्रक्रिया को पारदर्शी एवं समयबद्ध तरिके से संपन्न कराए जाएं। नामांकन प्रक्रिया में अनाथ एकल अभिभावक, नक्सल प्रभावित क्षेत्र, आदिम जनजाति, मानव तस्करी से प्रभावित दिव्यांग, विद्यालय से बाहर एवं और अनामांकित बालिकाएं को नामांकन हेतु विशेष जरूरतमंद बालिकाओं को प्राथमिकता दिए जाएं। मौके पर जिला शिक्षा अधीक्षक दीपक कुमार सहित, कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय की वार्डन सहित शिक्षा विभाग के कर्मीगण मौजूद थे।

# गोड्डा को नशा मुक्त बनाने हेतु खेल विभाग के सौजन्य से कार्यशाला आयोजित

### – डीसी ने कार्यशाला का किया विधिवत शुभारम्भ

झारखण्ड की हकीकत

**गोड्डा :** समाहरणालय स्थित सभागार कक्ष में निषिद्ध मादक पदार्थों पर रोक को लेकर नशे को ना, जिंदगी को हां थीम पर जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला का शुभारंभ जिला दंडाधिकारी सह उपायुक्त अंजली यादव, उप विकास आयुक्त दीपक कुमार दुबे, जिला खेल पदाधिकारी डॉ० प्राण महतो के द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया। कार्यशाला को संबोधित करते हुए उपायुक्त अंजली यादव ने कहा कि मादक पदार्थों के सेवन पर रोक जरूरी है। बच्चे झ युवा पीढ़ी इस जाल में फंसते जा रहे हैं, जो सही नहीं है। जन जागरूकता से ही सेवन से होने वाले दुष्परिणामों को अवगत कराकर इस पर अंकुश लगाया जा सकता है, उन्होंने जागरूकता के इस कार्य को चुनौती के रूप में लेने की बात कहीं। कहा कि मादक पदार्थों पर रोक में अभिभावक व सिविल



सोसाइटी का अहम रोल है। अभिभावकों को बच्चों के साथ समय बिताने, उनके जीवन में क्या चल रहा है, किससे बात कर रहा है आदि पर ध्यान देने की जरूरत है। आमजन, बच्चों झ युवा पीढ़ी को किसी भी मादक पदार्थ के सेवन से परहेज करने को लेकर प्रेरित करना होगा। वहीं उपायुक्त द्वारा इस दौरान सभागार में उपस्थित सभी को नशा मुक्ति हेतु शपथ दिलाया। कार्यक्रम के दौरान नशा मुक्ति अभियान चलाने वाले लतीफ अंसारी एवं एनसीडी सेल के अधिकारियों एवं राष्ट्रीय एवं जिला स्तरीय खिलाड़ियों को अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन खेल संघ एवं कला संस्कृति के संयोजक सुरजीत झा के द्वारा किया गया। मौके पर गोला फेंक के नेशनल गोल्ड मेडलिस्ट एथलीट पवन कुमार सिंह, नेटबॉल के जिला कोच मोनालिसा, नेटबॉल के सचिव गुंजन झा, नशा मुक्ति अभियान के मार्गदर्शक मोहम्मद लतीफ अंसारी सहित जिला खेल कार्यालय के कर्मीगण मौजूद थे।

# विश्व सिकल दिवस पर कन्या मध्य विद्यालय में 132 बच्चों की हुई जांच

झारखण्ड की हकीकत

**गोड्डा :** राष्ट्रीय शहरी स्वास्थ्य मिशन, गोड्डा के तत्वावधान में जिला मुख्यालय के शिवपुर स्थित कन्या मध्य विद्यालय में विश्व सिकल सेल दिवस के मौके पर सिकल सेल जांच सह जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। सिकल सेल के बारे में बताते हुए लैब टेक्नीशियन प्रभात झा ने बताया कि सिकल सेल एनीमिया ऐसा रक्त विकार है, जिसमें लाल रक्त कोशिकाएं जल्दी टूट जाती हैं। इस कारण एनीमिया और अन्य जटिलताएं वेसो ओक्लुसिव क्राइसिस, फेफड़ों में संक्रमण, एनीमिया, गुर्दे और यकृत की विफलता, स्ट्रोक आदि की बीमारी और यहां तक की पीड़ित की मौत तक की आशंका रहती है।

अक्सर जनजातीय समुदाय की मौतें एनीमिया सिकल सेल के कारण भी हो जाती है। लोगों में आरबीसी का आकार गोल के स्थान पर हंसिए के आकार का हो जाता है। संक्रमित लोगों के शरीर में रक्त की कमी, लकवा, नसें बंद




होने और मस्तिष्क में रक्त का थक्का बनने जैसी समस्या होती है। सिकल सेल एनीमिया आनुवंशिक और घातक बीमारियों में से एक है। वास्तविकता को स्वीकार करते हुए विवाह करते समय सुनिश्चित करें कि विवाह करते वाले महिला-पुरुष में सिकल सेल वाहक या सिकल रोग न हो। शादी से पूर्व जांच कराएं। अगर दोनों में से कोई एक सिकल सेल वाहक है या फिर सिकल सेल बीमारी है, तो बच्चे सिकल सेल बीमारी से दूर रहेंगे। वह वाहक हो सकते हैं। बड़े होने पर वाहक साथी होने पर उनके बच्चे पीड़ित होंगे। अगर पति-पत्नी दोनों वाहक या फिर दोनों बीमारी से पीड़ित हैं, तो ऐसे दंपती बच्चे पैदा करने से अच्छा है कि बच्चों को गोद लें, ताकि विस्तार रोका जा सके।

आज के इस जांच शिविर में कुल 132 बच्चों का जांच किया गया। इस मौके पर अर्बन कम्यूनिटी फेसिलिटेटर प्रहलाद कुमार, बेबी कुमारी साहिया साथी ललिता सोरेन, साहिया रजनी कुमारी, स्कूल के शिक्षक आदि उपस्थित थे।

# एसआरटी महाविद्यालय, धमड़ी में डॉ. शंभू ने नए प्रभारी प्राचार्य के रूप में किया पदभार ग्रहण

झारखण्ड की हकीकत

**गोड्डा/मेहरमा :** प्रखंड स्थित एसआरटी महाविद्यालय, धमड़ी में शुक्रवार को एक सादे समारोह में डॉ० शंभू कुमार सिंह ने नए प्रभारी प्राचार्य के रूप में पदभार ग्रहण किया। पदभार ग्रहण करने से पूर्व महाविद्यालय के निवर्तमान प्रभारी प्राचार्य प्रो० निमाई चंद्र दास ने उन्हें पुष्पगुच्छ भेंट कर एवं माला पहनाकर गरिमामय ढंग से स्वागत किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के शिक्षकों, कर्मचारियों एवं छात्र-छात्राओं ने भी नए प्राचार्य का गर्मजोशी से अभिनंदन किया। डॉ० शंभू कुमार सिंह ने पदभार ग्रहण करने के उपरांत कहा कि वे महाविद्यालय के शैक्षणिक एवं प्रशासनिक



विकास हेतु संकल्पित हैं और छात्रहित को सर्वोच्च प्राथमिकता देंगे।

साथ ही उन्होंने सभी सहयोगियों से मिलकर काम करने की अपील की। इस अवसर पर महाविद्यालय में सौहार्द्रपूर्ण वातावरण देखने को मिला और सभी ने नए प्रभारी प्राचार्य के कार्यकाल के लिए शुभकामनाए दी।

# 11 साल बेमिसाल" कार्यक्रम को लेकर भाजपा नगर कोर कमेटी की बैठक आयोजित

झारखण्ड की हकीकत

**गोड्डा :** भाजपा प्रदेश के पदाधिकारियों के निदेर्शानुसार केंद्र में भारतीय जनता पार्टी के सरकार यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र दामोदर दास मोदी के नेतृत्व में 11 साल का अत्यंत सफल कार्यकाल संपन्न होने के अवसर पर "11 साल बेमिसाल" कार्यक्रम को लेकर गोड्डा नगर क्षेत्र में नगर अध्यक्ष शिवराम जायसवाल की अध्यक्षता में कोर कमेटी की बैठक का आयोजन किया गया। वहीं कार्यक्रम शुरूवात गुजरात में हुए भीषण विमान दुर्घटना में मारे गए मृत आत्माओं की शांति एवं स्थानीय लोगों के परिजनों-स्वजनों के मृत आत्माओं की शांति एवं शोक संतप्त परिवार जनों को सांत्वना देने के लिए 2 मिनट का मौन रखकर ईश्वर से प्रार्थना किया गया। उक्त बैठक में वरिष्ठ भाजपा नेता अजीत कुमार सिंह के द्वारा 11 साल बेमिसाल कार्यकाल पर प्रकाश डालते हुए कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में बहुत सारी जनकल्याणकारी योजना लाई गई जिसका सबों को लाभ मिल रहा है। वहीं योजनाओं में उज्ज्वला योजना, फोरलेन रोड, एम्स, अदानी पावर प्लांट, आयुष्मान योजना, प्रधानमंत्री जन औषधालय आदि दर्जनों कल्याणकारी योजना चलाया



गया। वहीं पार्टी नेता विनोद मंडल, सीताराम राउत, जीतू सिंह आदि ने भी विचार रखा। बैठक के प्रभारी मुख्य वक्ता राजेश झा ने पार्टी के जनकल्याणकारी योजनाओं पर प्रकाश डाला एवं सांसद निशिकांत दुबे के प्रयास से हुए क्षेत्र में कार्यों की प्रशंसा की। इस दौरान गोड्डा में रेल, गांव-गांव में पुल- पुलिया, विवाह भवन आदि कार्यों का उल्लेख किया गया। तत्पश्चात भाजपा नगर अध्यक्ष शिवराम जायसवाल के द्वारा बैठक में आए अतिथियों और कार्यकताओं के विचारों को आत्मसात कर वार्ड, शक्ति केंद्रों, बूथ केंद्रों पर भी प्रधानमंत्री के 11 साल के कार्यों पर बैठक कर चर्चा करने के लिए कहा गया। भाजपा नगर अध्यक्ष शिवराम जायसवाल द्वारा लचर विधि व्यवस्था, लचर बिजली व्यवस्था, बदहाल लॉ एंड ऑर्डर पर ध्यान आकृष्ट कर इन सबों के सुधार के लिए जन आक्रोश रैली का संकल्प लिया गया। वहीं बताया गया कि इस आक्रोश रैली से सोए हुए झारखंड सरकार को जगाने का प्रयास किया जाएगा। वहीं अंत में कार्यक्रम का धन्यवाद ज्ञापन विष्णु कुमार ने किया।

# धरती आबा जनजाति ग्राम उत्कर्ष अभियान के तहत लगा शिविर

झारखण्ड की हकीकत

**ठाकुरगंगटी :** प्रखंड क्षेत्र के मानिकपुर पंचायत सचिवालय में शुक्रवार को सरकार द्वारा चलाई गई धरती आबा जनजाति ग्राम उत्कर्ष अभियान के तहत शिविर लगाकर ग्रामीणों के विभिन्न प्रकार की समस्याओं का निराकरण किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ भारतीय स्टेट बैंक भगैया के प्रबंधक नौशाद अहमद, मुखिया इग्नासियस मुर्मू, पंचायत सचिव बिपिन बिहारी हेंब्रम, प्रभारी प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी विकास रोबोट सोरेन, प्रभारी प्रखंड कृषि पदाधिकारी आनंद रंजन झा आदि ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया।

शिविर में मनरेगा, आवास, बाल विकास, कृषि, आपूर्ति, अंचल,



स्वस्थ, झारखंड स्टेट लाइवलीहुड प्रमोशन सोसाइटी आदि विभागों का स्टॉल लगाया गया था। सभी स्टालों पर संबंधीत विभाग के अधिकारी व कर्मी ग्रामीणों की समस्याओं को सुन रहे थे और आवेदन लेकर उसका तुरंत निदान कर रहे थे। सबसे अधिक आपूर्ति विभाग और स्वास्थ्य विभाग के स्टॉल पर ग्रामीणों की भीड़ लगी। आपूर्ति विभाग के स्टॉल पर ग्रामीणों का राशन कार्ड से संबंधित काम हो रहा था और स्वास्थ्य विभाग के स्टॉल पर रक्तचाप, मधुमेह आदि की जांच की जा रही थी और दवाई भी वितरित की जा रही थी। वहीं मौके पर उपस्थित कर्मचारी देवकांत कुमार, जेएसएलपीएस के प्रखंड प्रबंधक प्रेम प्रकाश, बीएपी शंकर गुप्ता, रोजगार सेवक महेश कुमार भगत, महिला पर्यवेक्षिका मंजू कुमारी, प्रखंड कर्मी एकलव्य कुमार महतो, नीरज कुमार, मनोज रविदास, सिंटू कुमार, डीलर हीरालाल साह, दिलीप मरांडी आदि विभिन्न विभागों के कर्मी स्टॉल पर ग्रामीणों की समस्याओं का निदान कर रहे थे।

# हुल के शहिद राजवीर सिंह एवं हरदेव सिंह को राजकीय शहिद का दर्जा दिलाने की मांग

### – खेतोरी समाज के लोगों ने गोड्डा सांसद को दिया स्मार पत्र।

झारखण्ड की हकीकत

**महागामा :** एक्सपर्ट हॉस्टल ऊर्जानगर में प्रखंड के खेतोरी समाज के लोगों द्वारा आयोजित कार्यक्रम में गोड्डा सांसद डॉक्टर निशिकांत दुबे पहुंचे जहां उनका भव्य स्वागत किया गया। इस दौरान खेतोरी समाज के लोगों ने सांसद श्री दुबे को स्मार पत्र सौंप कर उनसे मांग किया गया कि देश की आजादी के लिए मरने मिटने वाले गुमनाम शहीदों को सम्मान मिले। गौरतलब और चौंकाने वाला तथ्य तो यह है कि सन 1854-55 संथाल हुल में सिद्धू



कान्हु के साथ खेतोरी राजवीर सिंह एवं खेतोरी हरदेव सिंह ने हुल में अंग्रेजी भूमिका निभाते हुए देश की आजादी के लिए अपना सर्वस्व न्योछावर कर दिया था। वहीं गोड्डा सांसद निशिकांत दुबे ने कहा कि राजवीर सिंह, हरदेव सिंह को शहीदों का दर्जा देने की मांग मुकाम तक अवश्य पहुंचाऊंगा।

मौके पर उपस्थित खेतोरी समाज की तरफ से कृष्णा बैरागी, सोनार चक पथरगामा प्रभात रंजन, गणेश राय, महागामा बैजनाथ ब्रहम कुंवर, सुनीता सिंह, सिकंदर सिंह, अगस्त राय, पप्पू सिंह, बासु कुमार, गुदिया सहित खेतोरी समाज के सैकड़ो लोग उपस्थित थे।

# दीपक कुमार दुबे ने 41वें उप विकास आयुक्त के रूप में किया पदभार ग्रहण




झारखण्ड की हकीकत

**गोड्डा :** समाहरणालय स्थित उप विकास आयुक्त के कार्यालय कक्ष में अपना पदभार ग्रहण किया। उप विकास आयुक्त का पदभार ग्रहण करने के पश्चात दीपक कुमार दुबे ने निवर्तमान उप विकास आयुक्त स्मिता टोप्पो के द्वारा जिले में किए गए विकास के कार्यों को आगे ले जाने के संकल्प को दोहराया। उन्होंने कहा कि वे जिले का बहुमुखी विकास करने का हरसंभव प्रयास करेंगे। उन्होंने कहा कि सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना उनकी प्राथमिकता होगी, ताकि लोगों तक सुगमतापूर्वक सुविधाएं पहुंच सके। उन्होंने कहा कि जिले में विकास की सभी योजनाओं को गति प्रदान की जाएगी। नए उप विकास आयुक्त ने पदभार ग्रहण करने के पश्चात डीआरडीए के सभी पदाधिकारियों, कर्मचारियों और जिला स्तरीय पदाधिकारियों के साथ परिचय प्राप्त किया। मौके पर जिला भू-अर्जन पदाधिकारी, रितेश जयसवाल, जिला खेल पदाधिकारी गोड्डा डॉ० प्राण महतो सहित कार्यालय कर्मीगण उपस्थित थे।

# सेंधमार कर ज्वेलर्स दुकान से लाखों की चोरी

**दो वर्ष पूर्व भी इसी दुकान से चोरों ने चोरी की घटना का दिया था अंजाम लोगो ने पुलिस की गश्ती बढ़ाने की उठाई मांग,**


झारखण्ड की हकीकत

**बिनोद कुमार चतरा जिला ब्यूरो**

**हंटरगंज/चतरा:-** प्रखण्ड क्षेत्र के गोसाईडीह मेन रोड में स्नेहा एंड विकास ज्वेलर्स में बीती रात दुकान के पीछे से दीवार में छेद करके सेंधमारी किया गया है। चोरों ने दुकान में तिजोरी से नगद 5000 रूपए नगद सहित बाहर शो- केश में लगे चांदी के सामानों को उड़ा ले गए। फिलहाल हंटरगंज पुलिस अज्ञात चोरों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर धर पकड़ में जुट गई है।

इस संबंध मे बिहार के गया जिला अन्तर्गत डोभी थाना क्षेत्र के सेवाईचक निवासी ज्वेलरी का संचालक ने बताया कि मैं नित्य प्रतिदिन की तरह ज्वेलर्स दुकान को शाम में बंद कर अपने घर चला गया। सुबह मकान मालिक के द्वारा फोन के माध्यम से जानकारी दी गई की चोरों ने बीती रात दीवार में सुराग बनाकर सेंधमारी की घटना को अंजाम दिये है।चोरों ने दुकान में तिजोरी से नगद सहित बाहर शो केश में लगे सोने और चांदी के सामानों को चोरी कर ले गए है। इसकी जानकारी होते हीं मैं तुरंत दुकान



पर पहुंचा और इसकी जानकारी हंटरगंज थाना पुलिस को दी।सुचना मिलते ही हंटरगंज थाना पुलिस मौके पर पहुंची और चोरी की घटना के बारे में आप पड़ोस के लोगों से जानकारी ली। वही भुक्तभोगी ने रकम व ज्वेलरी का आंकलन करके बताया कि लगभग तीन लाख साठ हजार की चोरी हुई है। आगे बताया गया की 2 वर्ष पूर्व 2022 में लगभग पांच लाख का चोरी इसी दुकान से हुई थी।पुलिस जांच के लिए फुटेज खंगाल रही है। वही वारदात में शामिल आरोपियों को पकड़ने में जुट गई है। जल्द ही गिरफ्तार कर खुलासा किया जाएगा।

**लोगो ने पुलिस की गश्ती बढ़ाने की उठाई मांग,**

इधर स्थानीय लोगों ने गश्ती बढ़ाने की मांग की है स्थानीय लोगों ने कहा यदि मेन रोड बाजार में चोरी हो जा रही है तो ग्रामीण क्षेत्रों में क्या होगा?

# गैरमजरुआ जमीन पर चारदीवारी निर्माण कार्य के खिलाफ ग्रामीणों ने उपायुक्त को सौंपा ज्ञापन

### जांच कर कार्य रोकने और उचित कारवाई की मांग




झारखण्ड की हकीकत

**बिनोद कुमार चतरा जिला ब्यूरो**

**हंटरगंज/चतरा:-** प्रखण्ड क्षेत्र के गेरूआ गांव के हिंदू सामुदाय के ग्रामीणों ने उपयोग में आनेवाली गैरमजरुआ खास जमीन पर मुस्लिम समुदाय के द्वारा अतिक्रमण कर चारदीवारी के खिलाफ हिंदू सामुदाय के ग्रामीणों ने चतरा समाहरणालय सभा कक्ष जनता दरबार में उपायुक्त के समक्ष ज्ञापन पत्र सौंपा है । ग्रामीणों ने ज्ञापन में कहा है कि सर्वे की कब्रिस्थान जिसका खाता 57 प्लॉट 346 को छोड़कर गैरमजरुआ जमीन पर कब्रिस्थान की चार दिवारी का कार्य किया जा रहा है उक्त जमीन खाता न0 119 और प्लॉट नं 299, 581रकबा 3एकड़ 44 डिसमिल है जो गैरमजरुआ खाते की जमीन है। लेकिन दूसरे सामुदाय के लोगो के द्वारा जबरन कब्जा करने के ख्याल से चारदीवारी का कार्य किया जा रहा है। ग्रामीणों ने पत्र के माध्यम से कहा है कि इस जमीन में महुआ का पेड़ लगा हुआ है उससे समस्त ग्रामीण फल फूल से लाभान्वित होते हैं अगर चारदीवारी कर दिया जाता है तो हम सभी वंचित हो जायेंगे। बताते चले कि उक्त जमीन को लेकर दोनो सामुदाय के बीच 1951-52 में मुकदमा चला था। तब से उक्त जमीन पर तीन हिस्से में हिंदू सामुदाय वही एक हिस्सा में मुस्लिम सामुदाय के बीच समझौता हुई थी। ग्रामीणों ने बताया कि 298 में चुलहाई कुंआर देव स्थल है प्लॉट नं 581 के बीच में है अगर चारदीवारी होती है तो देव स्थल व हिंदू का मुंडन दशकर्म स्थल बाधित हो जायेगा।ग्रामीणों ने अविलंब सार्वजनिक भूमी पर चारदीवारी कार्य को रोकते हुए स्थल निरक्षण कर उचित करवाई की मांग की है।